| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 31.8 | 23.5 |
| जमशेदपुर | 34.8 | 22.5 |
| डालटनगंज | 33.0 | 22.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● बुधवार, 18 अक्टूबर 2023 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 183 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र





## हजारीबाग में बड़ा हादसा





**दुखद घटना**

- सात छात्र निकले थे स्कूल के लिए, पहुंच गए लोटवा डैम
- माउंट एग्माउंट स्कूल के थे छात्र, सभी के शव बरामद

### 7 छात्र नहाने गए थे लोटवा डैम, एक ने तैर कर बचाई जान

# डूबने से 6 की मौत

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के इचाक प्रखंड के लोटवा डैम में छह छात्र डूब गए. दरअसल, माउंट एग्माउंट स्कूल के सात छात्र अपने-अपने घर से मंगलवार सुबह स्कूल जाने के लिए निकले थे. लेकिन, वे सभी स्कूल नहीं जाकर जिला मुख्यालय से करीब 18 किमी दूर लोटवा डैम चले गए. सभी छात्र 11वीं व 12वीं कक्षा के थे. दिन के करीब 11 बजे पहुंचे सभी छात्र डैम में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने लगे. किसी तरह एक छात्र तैर कर बाहर निकल पाया. बाकी छह छात्रों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई. बता दें कि ये सभी छात्र दो बाइक और स्कूटी पर सवार होकर पार्टी मनाने लोटवा डैम पहुंचे थे.

### एक को बचाने में डूब गए छह छात्र

नहाने के क्रम में एक छात्र गहरे पानी में डूबने लगा. उसे बनाने में में पांच अन्य छात्र भी डूब गए. वहीं, एकमात्र बचे छात्र ने लोगों को सूचना दी. जानकारी मिलने पर प्रशासन के अधिकारी व समाजसेवी भी मौके पर पहुंचे. गोताखोरों ने पांच घंटे की तलाश में डूबे सभी छात्रों के शवों को बाहर निकाला. किसी तरह तैर कर डैम से बाहर निकले छात्र कटकमदाग थाना क्षेत्र के कुद के शंभु साव के पुत्र सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

### मृतकों छात्रों की हुई शिनाख्त

मृतकों की पहचान केरेडारी के पेटो के शंकर रजक के पुत्र शिव सागर, पेलावल थाना क्षेत्र के रोमी के विजय साहू के पुत्र सुमित कुमार, मटवारी के अशोक सिंह के पुत्र मयंक, इचाक के भुसाई के मुकेश सिंह के पुत्र ईशांत सिंह, दीपूगढ़ा गोरिया करमा निवासी द्वारिका यादव के पुत्र प्रवीण यादव और छठे मृतक की पहचान आकनी निवासी राजीव पांडेय के पुत्र रजनीश पांडेय के रूप में हुई है. बता दें कि शिवसागर 12वीं कक्षा का छात्र था. वर्तमान में वह मटवारी गांधी मैदान के पीछे स्थित नानी घर में रह कर पढ़ाई कर रहा था. घटना के बाद मृत छात्रों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### स्कूल प्रशासन को रखनी थी नजर: विधायक

मौके पर पहुंचे बरकट्ठा विधायक अमित यादव और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि स्कूल प्रशासन को अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए. बच्चे स्कूल नहीं आए, तो अभिभावकों को सूचना दी जानी चाहिए. घर वालों को भी अपने बच्चों पर ध्यान रखना चाहिए. विधायक अंबा प्रसाद मृत बच्चों के परिजनों का विलाप देख कर खुद रो पड़ीं. उन्होंने कहा कि इस हादसे की वजह से पूरे हजारीबाग में दुर्गा पूजा का उत्साह फीका पड़ गया है. पूरा हजारीबाग इससे स्तब्ध है.

### लोटवा डैम हादसे पर सीएम ने जताया दुःख

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग के लोटवा डैम हादसे पर



दुख जताया है. एक्स कर उन्होंने कहा, हजारीबाग जिले के लोटवा डैम में छह बच्चों के डूबने की दुःखद खबर से मन व्यथित है. जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है. परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे.

## वहीदा रहमान को मिला दादा साहेब फाल्के पुरस्कार





**नयी दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय सिनेमा जगत का सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहेब फाल्के प्रदान किया. भारतीय सिनेमा का यह सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण करने वालीं वे आठवीं महिला कलाकार हैं. विज्ञान भवन में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण करने के बाद रहमान (85) ने इसे अपने ''प्रिय फिल्म जगत'' और इसके विभिन्न विभागों को समर्पित किया. **(फोटो : पीटीआई)**

## डकैतों ने घरवालों को बंधक बनाया, लाखों लूटपाट की

**देवघर।** जिले के देवीपुर थाना स्थित पैसापुर गांव में सोमवार देर शाम हथियार बंद डकैतों ने एक कारोबारी के परिवार को बंधक बना कर डाका डाला. आठ से दस की संख्या में आए डकैतों ने घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को क्षतिग्रस्त कर दिया. इसके साथ ही गृहस्वामी बालेश्वर मंडल के बेटे के साथ मारपीट भी की. हथियारबंद डकैतों ने परिवार के सभी सदस्यों को बंधक बना लिया और घर में रखे सारे गहने और 10-12 लाख रुपए नकद लूट कर आराम से भाग निकले. ग्रामीणों ने जब उन डकैतों का पीछा किया, तो उन्होंने धारदार हथियार फेंक कर हमला भी किया. इसके साथ ही ताबड़तोड़ फायरिंग की. सूचना मिलने पर देवीपुर थाना प्रभारी धनंजय सिंह और सदर एसडीपीओ दल बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं और मामले की जांच में जुटे हैं.

## सीएम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में सीएम के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है. साथ ही निचली अदालत की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी. जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए छह सप्ताह बाद की तिथि तय की है. अगली सुनवाई में पूर्व सरकार को जवाब दाखिल करना है. सीएम की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की. वहीं सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार मौजूद थे. सीएम ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की है, जिसमें गुहार लगाई है कि प. सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाए. आदित्यपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी की कांड संख्या 418/2014 है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,400 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### मुश्ताक अली टूर्नामेंट में बने रनों के रिकार्ड

**रांची।** 16 से 27 अक्टूबर तक खेले जा रहे घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 16वें एडिशन में मंगलवार को रांची में ग्रुप सी के चार मुकाबले खेले गए. जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में गोवा, रेलवेज और पंजाब ने अपने अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे. वहीं पंजाब ने आंध्रा के खिलाफ 275 रन बनाकर मुंबई के वर्ष 2019 का 258 रनों का रनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और 105 रनों की बड़ी जीत दर्ज की. इस दौरान पंजाब की पारी में कुल 22 छक्के लगे.

-विस्तृत खबर पेज 14 पर

#### कल से सभी को मिलेगा अक्टूबर का वेतन

**रांची।** दुर्गा पूजा को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के अफसरों और कर्मियों का अक्टूबर माह का वेतन 19 अक्टूबर से ही देने का फैसला किया है. यह निर्णय सरकार के निर्देश पर वित्त विभाग ने लिया है. विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय तथा विधानसभा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अक्टूबर माह का मासिक वेतन 19 अक्टूबर से भुगतान किया जाए.

#### केंद्रीय कर्मियों को एडहॉक बोनस देने का ऐलान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने केंद्र सरकार के कर्मियों को दीपावली के मौके पर नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (एडहॉक बोनस) देने की घोषणा की है. इसके तहत सभी पात्र कर्मियों को 30 दिन के वेतन जितनी राशि मिलेगी. केंद्र सरकार के ग्रुप बी और ग्रुप सी के अंतर्गत आने वाले वे अराजपत्रित कर्मचारी, जो किसी प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस स्कीम के तहत नहीं आते हैं, उन्हें भी यह बोनस दिया जाएगा. एडहॉक बोनस का फायदा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सभी योग्य कर्मियों को भी मिलेगा.

### पंडरा बाजार समिति में अफसरों ने अवैध कमाई के लिए निकाला नयाब तरीका

## कैंटीन-गार्ड रूम भी बेच डाला

अमित सिंह। रांची

कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा कैंपस में दुकान के नाम पर कैंटीन व गार्ड रूम का भी सौदा कर दिया गया है. बाजार समिति के जिम्मेवारों ने अवैध कमाई का नयाब तरीका निकाला है. बाजार समिति परिसर में दुकानों का आवंटन सरकारी आदेश के बाद से बंद है. अफसर पंडरा बाजार समिति कैंपस की दुकानों का आवंटन नहीं कर पा रहे थे. ऐसे में उन्होंने दुकान भवन को छोड़ कर कैंपस के अन्य भवनों का सौदा कर दिया. किसी को पता भी नहीं चला. कोई विज्ञापन भी नहीं निकला और भवनों का सौदा हो गया. अफसर खुद को बचाने के लिए इसे पुराना मामला बता कर अनियमितता पर पर्दा डालने में जुट गए है.

**अफसरों ने चहेते व्यापारियों को दे दी दुकानें :** पंडरा बाजार समिति कैंपस में पुराने कैंटीन भवन, बिजली मिस्त्री रूम, गार्ड रूम, आलू मंडी के प्लेटफार्म आदि का उपयोग किसान और व्यापारी करते थे. लेकिन जिम्मेवारों ने अवैध कमाई के लिए उक्त भवनों का सौदा कर दिया. व्यापारियों से लाखों की वसूली कर दुकान के नाम पर भवनों का आवंटन कर दिया. भवनों का आवंटन बेहद गोपनीय ढंग से किया गया. भवनों के आवंटन से संबंधित विज्ञापन नहीं निकला गया. व्यापारियों से आवेदन तक जमा नहीं कराए गए. अफसरों ने अपने चहेते व्यापारियों को दुकान का आवंटन अवैध तरीके से कर दिया है. **सहमति प्रदान करने के नाम पर**

**अवैध वसूली :** पंडरा बाजार समिति परिसर में कोई व्यापारी अपने नाम से आवंटित दुकानों को खुद नहीं बेच सकता है. **शेष पेज 10 पर**



| किसका किया सौदा | किसने लिया |
|---|---|
| पुराना कैंटीन भवन, पार्ट-2 | जीतेंद्र शर्मा, ओम साईं ट्रेडर्स |
| कैंटीन भवन, पार्ट-1 ए | एसएस ट्रेडर्स |
| बिजली मिस्त्री रूम (के 88) | संजय मुरारका, बिमल मसाला |
| ओल्ड गार्ड रूम (के78) | पंकज चौधरी |
| आलू मंडी, (पी-4) | बाला जी इंटरप्राइजेज |

पंडरा बाजार समिति परिसर की दुकनों से संबंधित जो मामला संज्ञान में लाया गया है, वह मेरे कार्यकाल का नहीं है. पुराना मामला है. अन्य मामलों की जांच वर्तमान में पर्षद स्तर से चल रही है. विशेष जानकारी देने के लिए मैं अधिकृत नहीं हूं.
**-उत्तम कुमार,** सचिव,कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा

पंडरा बाजार समिति परिसर में व्यापारियों के लिए किसी तरह की सुविधा नहीं है. पूर्व में यहां शौचालय, विश्रामगृह आदि की सुविधा थी. किसानों के लिए विशेष परिसर था, लेकिन वह सारा कुथ समाप्त हो गया. परिसर में मुलभूत सुविधाओं का अभाव है.
**-संतोष सिंह,** व्यापारी प्रतिनिधि, पंडरा बाजार समिति

**आवंटित दुकान खुद नहीं बेच सकते व्यापारी**

- पुराना मामला बता अनियमितता पर पर्दा डालने के प्रयास में जुटे हैं अफसर



## इजराइल ने लेबनान में भी की बमबारी



**फैलती जंग**

- अमेरिका के 2000 सैनिक भी अलर्ट मोड में
- गाजा की जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंची
- समर्थन देने बाइडेन कल पहुंच रहे इजराइल

एजेंसी। तेल अवीव

गाजा पट्टी में हमास के हमलों के जवाब में हमला कर रहा इजराइल अब लेबनान पर भी हमलावर है. हमास के ठिकानों पर चुन-चुन कर हमले करने वाले इजराइल ने लेबनान की सीमा में घुस कर आतंकी संगठन हिजबुल्लाह पर भी हमला बोल दिया है.

इजराइली सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उसने हिजबुल्लाह के ठिकानों को लेबनान की धरती पर घुस कर फॉस्फोरस बमों से निशाना बनाया है. लेबनान के विदेश मंत्री ने तनाव के बीच कहा है कि इजराइल को लेबनान सीमा पर अपनी उकसावे की कार्रवाई बंद करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि इजरायल आग में तेल डाल रहा है. हम युद्ध समर्थक नहीं हैं. हम वास्तव में इस क्षेत्र में शांति चाहते हैं. हमें उकसाया गया, तो हालात खराब होंगे. उधर, इजरायल और हमास की जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है. अमेरिकी सरकार के आदेश पर उसके 2000 सैनिकों और यूनिट्स को अलर्ट कर दिया गया है. अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के आदेश पर अमेरिकी सैनिकों को अलर्ट पर रखा गया है. हमास से जंग के बीच अमेरिका पूरी तरह से इजराइल के समर्थन में खड़ा है. अमेरिका कई मौकों पर कह चुका है कि जब तक उसका अस्तित्व है, वह इजराइल का साथ नहीं छोड़ेगा. इस वादे के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन बुधवार को इजराइल पहुंच रहे हैं. बाइडेन का कहना है कि वह हमास के हमले के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए इजराइल जा रहे हैं. अमेरिका और इजराइल की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है.

### ईरान ने इजराइल को धमकाया

वहीं, ईरान ने साफ किया है कि इजराइल को बिना नतीजा भुगते गाजा पट्टी में कार्रवाई की इजाजत नहीं दी जाएगी. ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुलाहियन ने कहा, हमारे सभी विकल्प खुले हुए हैं. हम गाजा के लोगों के खिलाफ किये गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं रह सकते हैं. ईरान दुश्मन के साथ दीर्घकालीन युद्ध करने में सक्षम है.

### हमास का कमांडर ढेर

हमास ने कहा है कि इजराइली हवाई हमले में उसके शीर्ष कमांडरों में से एक की मौत हो गई है. अयमान नोफ़ल उर्फ अबू मोहम्मद बमबारी में मारे गए अब तक के सबसे हाई-प्रोफाइल शख्स थे. इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने हमास को चेतावनी जारी की है. उन्होंने कहा, ''हमास के सदस्यों के पास 2 विकल्प हैं, बिना शर्त आत्मसमर्पण करें या मर जाएं.

**बड़ा फैसला** विरासत, नॉमिनी, पेंशन या गोद के अधिकार, अब फैसला सरकार और संसद के पास

## समलैंगिक शादी पर सुप्रीम कोर्ट की 'ना'

एजेंसी। नई दिल्ली

समलैंगिक शादी को मान्यता देने से मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट है मना कर दिया है. कोर्ट ने कहा है कि विवाह कोई मौलिक अधिकार नहीं है. यह भी कहा कि समलैंगिकों को अपना साथी चुनने और उसके साथ रहने का अधिकार है, लेकिन उनके संबंधों को कानूनी मान्यता देने का आदेश सरकार को नहीं दिया जा सकता.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार अगर चाहे तो इनकी चिंताओं पर विचार करने के लिए कमेटी बना सकती है. 5 जजों की बेंच के 3-2 के बहुमत ने माना है कि समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने का अधिकार भी नहीं दिया जा सकता.

### सरकार ने पहले ही साफ कर दिया था रुख

चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पी एस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने 11 मई को समलैंगिक विवाह के मामले पर फैसला सुरक्षित रखा था. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने स्पेशल मैरिज एक्ट की धारा 4 की नए सिरे से व्याख्या कर अंतर्जातीय और अंतर्धार्मिक शादी की तरह समलैंगिक शादी को भी मान्यता देने की मांग की थी. वहीं केंद्र सरकार ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने की विरोध किया था. सरकार ने कहा था कि इस तरह के मामलों पर कोर्ट फैसला नहीं ले सकता. यह विषय संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है. इस फैसले में अधिकतर जज सरकार की दलील से सहमत दिखे. 5 जजों की बेंच में से कुल 4 जजों ने अपने अलग-अलग फैसला पढ़े.



### चीफ जस्टिस ने क्या कहा

सबसे पहले चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपना फैसला पढ़ा. उन्होंने साफ किया कि वह स्पेशल मैरिज एक्ट की धारा 4 की नए सिरे से व्याख्या कर समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने के पक्ष में नहीं हैं. चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसा करना कोर्ट के लिए सही नहीं होगा. अगर कानून में कोई बदलाव करना है, तो उसका फैसला संसद ले सकती है. उन्होंने माना कि आपस में संबंध बनाने या साथ रहने का समलैंगिक जोड़ों को अधिकार है. उन्हें सम्मान के साथ जीवन बिताने का अधिकार भी दूसरे नागरिकों की तरह मिला हुआ है. इसलिए, सरकार को समलैंगिक जोड़ो को कुछ कानूनी अधिकार देने के लिए व्यवस्था बनानी चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार में सुनवाई के दौरान कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी की बनाने की बात कही थी.

**सरकार चाहे तो...** पूरे फैसले का सार यही है कि सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया है. कोर्ट ने माना है कि यह विषय सरकार और सांसद के अधिकार के क्षेत्र में आता है. कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि समलैंगिक जोड़े बच्चा गोद नहीं ले सकते. हालांकि, कोर्ट ने सरकार से यह कहा है कि वह अगर चाहे तो ऐसे जोड़ों को कुछ कानूनी अधिकार देने पर विचार कर सकती है और इसके लिए वह कमेटी का गठन कर सकती है.




पेज 8-9 भी देखें

## मोस्टवांटेड और 8 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

सौरभ सिंह। रांची

**बड़ी सफलता**

- लातेहार के चंदवा का रहने वाला है अघनू गंझू
- बड़ी घटना को अंजाम देने में सौ नक्सली थे मौजूद

एनआईए और झारखंड पुलिस का मोस्टवांटेड आठ लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार हुआ है. लातेहार जिला पुलिस ने नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के करीबी माने जाने वाले नक्सली अघनु गंझू को गिरफ्तार कर लिया है. अघनु गंझू पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा है.

अघनू गंझू मूल रूप से लातेहार के चंदवा क्षेत्र के मड़मा का रहने वाला है. एनआईए ने 23 अप्रैल 2021 को गारू की रूप पंचायत के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की जांच टेकओवर किया था. गारू थाना में दर्ज केस संख्या 32/ 2017 और एनआईए केस संख्या आरसी 14/2017 की जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर एनआईए केस संख्या आरसी 03/2021 दर्ज कर जांच कर रही है. मामला साल 2017 का है. नक्सलियों की सेंट्रल कमिटी के सदस्य सुधाकरण (सरेंडर कर चुका) के भाई बी नारायण रेड्डी और दोस्त सत्यनारायण रेड्डी को रांची पुलिस ने 30 अगस्त 2017 को 25 लाख नकद और आधा किलो सोने के साथ के धरा था. इस मामले में रांची के चुटिया थाना में केस संख्या 180/2017 दर्ज हुआ. जिसे एनआईए ने 31 अक्टूबर 2017 को टेकओवर करते हुए केस संख्या आरसी 14/2017 दर्ज किया था.

## ब्रीफ खबरें

### छात्रों के बीच चलाया गया जन जागृति अभियान

**चाईबासा।** स्कॉट बालिका उच्च विद्यालय में सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक नलिनी गोप, नम्रता गौड़ एवं रीना प्रधान द्वारा विद्यालय की प्राचार्य अनिता सवैया की मौजूदगी में छात्राओं के बीच महिला हिंसा एवं सुरक्षा के तहत जन जागृति अभियान का आयोजन किया गया. इस अभियान के तहत छात्राओं को महिला हिंसा एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं यथा एसिड एटैक, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया.

### अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा खेलकूद का आयोजन

**कोडरमा।** सतगावां बलॉक मैदान में संच खुट्टा एवं सतगावां में चल रहे एकल विद्यालय के सभी गांव से ब्लॉक मैदान परिसर में सभी आचार्यों ने अपने-अपने गांव स्तर से बच्चों को लेकर आये और संच स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में लगभग 250 बच्चे उपस्थित हुए. इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कुस्ती एवं कब्बड्डी का आयोजन किया गया था.

### बीपीएम स्कूल की कबड्डी टीम सम्मानित

**जमशेदपुर।** क्रीड़ा भारती की ओर से आयोजित खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बर्मामाइंस बीपीएम प्लस टू हाई स्कूल की कबड्डी टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है. विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए मंगलवार को स्कूल के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्राचार्या रंजीता गांधी ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया. साथ ही सभी को सम्मानित करते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी. प्राचार्या ने इसमें सहयोग करने के लिए खेल शिक्षिका मोना भूमिज की सराहना की और सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### ग्रिजली विद्यालय में फूंका गया रावण का पुतला

**कोडरमा।** ग्रिज़ली विद्यालय, तिलैया डैम में दशहरा पर्व को देखते हुए रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने रावण के 15 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया. यह आयोजन छात्रों को भारतीय संस्कृति के महत्व के बारे में बताने के लिए किया गया था. छात्रों ने विद्यालय के फुटबॉल मैदान में आर्ट एंड क्राफ्ट के शिक्षक दीपक पांडेय और उनके क्लब के छात्रों के द्वारा बनाए गए 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले को दहन किया. कार्यक्रम का छात्रों ने भरपूर आनंद उठाया. इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ की छात्रा पीहू कुमारी ने हिंदी और कक्षा पंचम की छात्रा ऊर्जा ने अंग्रेजी में भाषण दिए.

### कला प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, शिल्पकला, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बुद्धि एवं कला कौशल का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल के सीजीएम (पर्सनल) हरि मोहन झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों में विज्ञान एवं कला के प्रति रुचि बढ़ती है.सामाजिक विज्ञान में फिजिकल फीचर्स ऑफ इंडिया और मेंसोपोटामिया सभ्यता और सिंधु घाटी सभ्यता की सामयिक शहरी योजना को प्रथम, गणित में पास्कल ट्राएंगल को प्रथम, विज्ञान में प्लास्टो स्कोप (माइक्रोस्कोप मेड अप प्लास्टिक) को प्रथम, खाद्य पदार्थ में मिलावट तथा टेलीस्कोप और कम्प्यूटर में प्रथम ह्यूमनॉइड रोबोट की प्रदर्शनी को मिला.


## क्लासिफाइड





विद्यार्थी 27 अक्टूबर तक जमा करें अपना हस्तलिखित असाइनमेंट, 28 से शुरू होगी परीक्षा

# पीके रॉय मेमोरियल व आरएसपी कॉलेज ने जारी की तिथि

संवाददाता। धनबाद

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के अंतर्गत आने वाले पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज ने यूजी (सत्र 2015-18) सेमेस्टर-1 से 4 के जेनेरिक पेपर का असाइनमेंट जमा करने की तिथि जारी कर दी है. प्राचार्य डॉ कविता सिंह ने 16 अक्टूबर को इस बाबत नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. नोटिफिकेशन में उन्होंने बताया है कि विद्यार्थी अपना हस्तलिखित असाइनमेंट 27 अक्टूबर तक कॉलेज में जमा कर सकते हैं. सभी विद्यार्थियों को असाइनमेंट के प्रश्न उपलब्ध करा दिए गए हैं. वहीं, आरएसपी कॉलेज झरिया ने भी असाइनमेंट का टॉपिक कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है और विद्यार्थियों को 27 अक्टूबर तक हस्त लिखित असाइनमेंट जमा करने का निर्देश दिया है. परीक्षा 28 अक्टूबर से शुरू होगी.

### परीक्षा को लेकर विवि कर रहा अपनी गलती की भरपाई

ज्ञात हो कि चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) सिस्टम लागू होने के बाद यूजी में दो जेनेरिक पेपर पढ़ना अनिवार्य था. लेकिन तत्कालीन विनोबा भावे विश्वविद्यालय और उसके बाद बीबीएमकेयू ने यूजी के विद्यार्थियों को एक जेनरिक पेपर की पढ़ाई करवाई थी. बाद में गलती पता चलने के बाद अब लगभग पांच वर्ष बाद परीक्षा लेकर विश्वविद्यालय अपनी गलती की भरपाई कर रहा है. बता दें कि बीबीएमकेयू के अंतर्गत आने वाले धनबाद और बोकारो के कॉलेजों के यूजी सत्र 2015-18 की परीक्षा बिनोवा भावे विश्वविद्यालय ले रहा है. परीक्षा 28 अक्टूबर से शुरू होगी.

### सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं असाइनमेंट के प्रश्न



## आपकी बात



> अमित कुमार एक योग विशेषज्ञ हैं. साथ ही इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के सचिव हैं.

**नाम : अमित कुमार**
**पेशा :** (योग विशेषज्ञ/ समाज सेवा)
**निवास :** रांची

अमित कुमार एक योग विशेषज्ञ हैं. इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के सचिव हैं. केंद्रीय आयुष मंत्रालय के योग सर्टिफिकेशन बोर्ड के झारखंड राज्य से एकमात्र मूल्यांकन कर्ता भी हैं. वे आईएचएम ब्राम्बे रांची के अलावा कई विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज तथा मैनेजमेंट कॉलेज में योग और भारतीय ज्ञान परंपरा के अतिथि प्राध्यापक हैं. विपणन प्रबंधन पृष्ठभूमि के रहे अमित लगभग 20 वर्षों तक कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में सेवा देने के बाद रांची विश्वविद्यालय में प्रारंभ हुए योग स्नातकोत्तर के प्रथम बैच 2017-19 में पोस्ट ग्रेजुएशन इन योग साइंस की डिग्री ली. कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्य करने के बाद अचानक योग के क्षेत्र में आनेवाले अमित इसे अपने पूर्व जन्म का संस्कार और पारिवारिक पृष्ठभूमि को कारण मानते हैं. बता दें कि अमित इंडियन योग एसोसिएशन के अंतर्गत पतंजलि योग पीठ, रामकृष्ण मिशन आश्रम, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, अरविंदो आश्रम तथा योगदा आश्रम के साथ मिलकर संपूर्ण झारखंड राज्य में राजयोग और ज्ञान योग के प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं. योग युक्त झारखंड रोग मुक्त झारखंड बनाने की इन्होंने मुहिम चलाई हुई है. ये कोरोना काल में संक्रमण से मुक्त होने के बाद होने वाली परेशानियों से जूझ रहे लोगों का योग और प्राणायाम द्वारा मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराए थे. विशेषकर रांची के अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और मेडिकल कर्मियों, जो कोरोना से संक्रमित होने के बाद विभिन्न तरह की परेशानियां जैसे डिप्रेशन, थकान, फेफड़े और दिल की समस्या इत्यादि से जूझ रहे थे. उन्हें बिना कोई पैसे लिए योग प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास करवा कर रोक मुक्त किया.

सत्र 2016-19 के बाद विद्यार्थियों को देनी है सेकंड जेनरिक पेपर की परीक्षा

# डेढ़ लाख छात्र असमंजस में

संवाददाता। धनबाद

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के यूजी एकेडमिक सत्र 2016 -19 से 2021-24 तक के करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों को यूजी का प्रमाण पत्र अपडेट करने के लिए सेकेंड जेनरिक पेपर की परीक्षा देनी है. लेकिन बीबीएमकेयू प्रशासन के द्वारा अब तक परीक्षा को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं होने से विद्यार्थी असमंजस में हैं. इन एकेडमिक सत्रों के छात्रों की सेकेंड जेनरिक पेपर की परीक्षा को लेकर विवि प्रशासन ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है. वहीं बीबीएमकेयू के ही सत्र 2015-18 सत्र की परीक्षा बिनोवा भावे विश्वविद्यालय द्वारा लिया जा रहा है. वहीं राज्य के दूसरे विश्वविद्यालयों में जेनरिक पेपर की परीक्षा या तो ली जा चुकी है या फिर इसके लिए परीक्षा फॉर्म भरवा लिया गया है.

**छह सत्रों की होगी परीक्षा:** चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के अंतर्गत बीबीएमकेयू के छह एकेडमिक सत्रों के विद्यार्थियों की सेकंड जेनरिक पेपर की परीक्षा ली जायेगी. विवि के एकेमिक सत्र 2016-19, 2017-20, 2018-21, 2019-22, 2020-23 और 2021-24 के करीब डेढ़ लाख विद्यार्थी परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं. प्रत्येक सत्र के विद्यार्थियों को चार परीक्षाएं देनी होगी. ऐसे में विश्वविद्यालय को कुल 24 परीक्षा का आयोजन करना होगा.



### खास बातें

- यूजी का प्रमाण पत्र अपडेट करने के लिए देनी है परीक्षा
- परीक्षा को लेकर विवि प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया है

### इंटरनल परीक्षाएं करेंगी विद्यार्थियों को परेशान

बता दें कि प्रत्येक जेनरिक पेपर के लिए अलग से इंटरनल परीक्षा ली जानी है. हालांकि बीबीएमकेयू के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों ने सत्र 2015-18 के विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराकर असाइनमेंट जमा करने का निर्देश देकर उनकी थोड़ी मुसीबत कम की है.

### इन छात्रों के लिए जरूरी है परीक्षा

सेकेंड जेनरिक पेपर की परीक्षा बीएड और शोध के क्षेत्र में करियर बना रहे छात्रों के लिए जरूरी है. स्नातक में एक जेनरिक पेपर की पढ़ाई कम करने के कारण यह छात्रों को केंद्रीय नौकरी नहीं मिल रही है. बता दें कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में यूजी सत्र 2015-18 से च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) लागू किया गया था. इसके लागू होने के बाद सभी विवि में यूजी के पहले चार सेमेस्टर में दो जेनरिक पेपर की जगह एक ही पेपर की पढ़ाई हुई थी. जबकि यूजीसी के अनुसार यूजी में छात्रों को दो जेनरिक पेपर पढ़ाना था.

### मध्य विद्यालय में मनाया गया वन्य प्राणी सप्ताह

**चाईबासा।** नगर पालिका बांग्ला मध्य विद्यालय में वन्य प्राणी सप्ताह मनाया गया. चाईबासा वन प्रमंडल के सौजन्य से आयोजित इस वन प्राणी सप्ताह में नगरपालिका बांग्ला मध्य विद्यालय के प्रांगण की आंतरिक दीवारों पर वन्य प्राणियों के आकर्षक तस्वीर उकेरे गए. वन्य प्राणियों और पेड़ पौधों को संरक्षित करने वाले पेंटिंग बच्चों को प्रेरित कर रही हैं. प्रमंडल पदाधिकारी, चाईबासा सत्यम कुमार के प्रति विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया है.

## वर्कर्स कॉलेज में निकाली गई अमृत कलश यात्रा

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से भारत सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान' के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन कॉलेज कैंपस में किया गया. इसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने घर, बगीचे और आंगन से लाई गई मिट्टी, चावल और अक्षत को कलश में डालकर कार्यक्रम की शुरुआत की. एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आलोक कुमार चौबे के मार्गदर्शन में कॉलेज के 50 से भी अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो सुभाष चंद्र दास ने की. कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसपी महालिक ने अपने संदेश में छात्र-छात्राओं से भारत देश की धरोहर और आजादी के वीर सपूतों को नमन करने की प्रेरणा दी. एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आलोक कुमार चौबे ने स्वयंसेवकों को पंच प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ दिलाई. तत्पश्चात पवित्र अमृत कलश को लेकर कॉलेज में एक शोभायात्रा निकाली गई. इस क्रम में इसके महत्व को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया.



## वीमेंस यूनिवर्सिटी के नए कैंपस में हुई पूजा-अर्चना




संवाददाता। जमशेदपुर

वीमेंस यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा स्थित नए कैंपस का पिछले 11 अक्तूबर को उद्घाटन होना था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शामिल होना था. लेकिन, उद्घाटन समारोह रद्द हो जाने के बाद कैंपस में पूजा-अर्चना कराई गई. बताया जाता है कि स्थानीय विधायक पूजा में शामिल हुए. इसके अलावा कोई गणमान्य व्यक्ति आमंत्रित नहीं थे. पूजा में यूनिवर्सिटी (बिष्टुपुर कैंपस स्थित) एससी-एसटी हॉस्टल से छात्राओं को ले जाया गया. वहां पूजा के पश्चात सहभोज भी हुआ.

**सात विषयों में एडमिशन के लिए खुला है चांसलर पोर्टल:** वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातक के विभिन्न विषयों में एडमिशन लेने की इच्छुक छात्राएं अभी भी आवेदन कर सकती हैं. इसके लिए अभी भी चांसलर पोर्टल खुला हुआ है. इच्छुक छात्राएं अक्तूबर महीने के अंत तक आवेदन कर एडमिशन ले सकती हैं. आधिकारिक जानकारी के अनुसार अभी मनोविज्ञान, ओड़िया, संस्कृत, फिलॉस्पी, होम साइंस, बांग्ला, उर्दू इन सात विषयों में सीटें रिक्त हैं. अतः इन विषयें में एडमिशन के लिए छात्राएं आवेदन कर सकती हैं.

### खास बातें

- नए कैंपस का 11 अक्तूबर को होना था उद्घाटन
- उद्घाटन समारोह रद्द हो जाने के बाद कैंपस में हुई पूजा

## बच्चों के बीच वस्त्र व उपहार का वितरण

धर्मेंद्र कुमार। जमशेदपुर

जमशेदपुर मैत्रेयी परिवार ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष मध्य विद्यालय गीतिलता में मंगलवार को बच्चों के बीच दुर्गा पूजा के पूर्व वस्त्र एवं उपहार का वितरण किया. इस अवसर पर मैत्रेयी परिवार के सदस्यों ने कुल 103 बच्चों को गिफ्ट पैक दिया. प्रत्येक गिफ्ट में 20 से अधिक सामान थे, जैसे कपड़े, चप्पल, छाता, बैग, कॉपी, पेन, रंग, खाने के सामान आदि. उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर मैत्रेयी परिवार प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा के पूर्व बच्चों के साथ दुर्गा पूजा मनाने के लिए वस्त्र उपहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन करता है. मौके पर जमशेदपुर मैत्रेयी परिवार की वर्णाली चक्रवर्ती ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार 6 वर्षों से किया जा रहा है. हम सभी दुर्गा पूजा की खुशी वंचित वर्ग के बच्चों के साथ बांटना चाहते हैं. जमशेदपुर मैत्रेयी परिवार प्रत्येक वर्ष वस्त्र उपहार वितरण के साथ-साथ इलिश उत्सव, कंबल वितरण सहित कई सामाजिक कार्य करती है. वर्तमान में ग्रुप में 2500 से अधिक सदस्य हैं. समारोह में तेंतला पंचायत के मुखिया अमृत मांझी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, ग्राम प्रधान विश्व रथ सिंह, सीआरपी पंकज पॉल शिक्षकों में शोभा लकड़ा, जय कृष्ण झा, श्यामल कुमार मंडल ,विष्णुपद भगत, प्रकाश चंद्र प्रधान, पूर्व प्रधान अध्यापक आशीष कुमार मंडल, मुक्ति केरकेट्टा, निर्मला सरदार तथा जमशेदपुर मैत्रेयी परिवार की ओर से नीता बोस, पिनाकी गुहा ठाकुर्ता, भवतोष पाल, सच्चिदानंद, चैताली पाणी, देव कुमार सिंहराय, संचिता डे, राजीव डे, संदीप डे, अर्णव मित्रा, मंजुरी मित्रा, एडमिन नीलाशीष, रूबी, मनीषा, मलय घोष, संजीव बोस, सुमोना मोइत्रा सेन, रत्ना पात्रा, पालोमी, संदीपा, अर्पिता सोनाली, शर्मिष्ठा, निष्ठा, आयुष आलोक बिरुआ, अमित राय, मुनमुन राय अमिताभ बनर्जी आदि उपस्थित थे.





बच्चों के साथ मैत्रेयी परिवार के सदस्य.

### खास बातें

- उपहार पाकर खिले 103 छात्र-छात्राओं के चेहरे
- लगातार 6 वर्षों से किया जा रहा है यह कार्यक्रम

## जेके शैक्षणिक संस्थान में मनाया गया शारदीय नवरात्रि उत्सव

संवाददाता। घाटशिला

यामिनी कांत बीएड कॉलेज के ज्ञान विहार भवन में यामिनी कांत बीएड कॉलेज तथा जामिनी कल्याणी डिग्री एवं बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शारदीय नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सभी विभाग से विद्यार्थी शामिल हुए. सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के अतिरिक्त विद्यार्थियों ने मनमोहक रंगोली भी बनाई और इस शारदीय उत्सव पर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की. कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग एवं आर्ट एंड कल्चर द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन जेके बीएड कॉलेज के छात्र राजीव एवं जीकेएम कॉलेज की छात्रा सोनाली भगत ने किया. धन्यवाद ज्ञापन प्रो. स्यामोली दत्ता ने किया. इस अवसर पर डॉ. आशा वर्मा, डॉ मौसमी महतो, डॉ पूनम कर्ण, प्रो. सुशांति, तारा महतो, कविता धारा, बसन्त पंडित, विवेक कुइला, दुली, अनु मिश्रा, स्वाति गुप्ता, विनीता टुडू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



### को-ऑपरेटिव कॉलेज को नैक में मिला बी ग्रेड, प्राचार्य को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज को नैक की ओर से बी ग्रेड प्रदान किया गया है. कॉलेज को बी ग्रेड मिलने पर कॉलेज के शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने प्राचार्य डॉ अमर सिंह और आईक्यूएससी को-ऑर्डिनेटर डॉ नीता सिन्हा को गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इस अवसर पर कर्मचारी संघ के कॉलेज शाखा के सचिव विश्वनाथ कुमार ने कहा कि प्राचार्य डॉ अमर सिंह एवं आईक्यूएससी कोर्डिनेटर डॉ नीता सिन्हा समेत संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के अथक परिश्रम से यह उपलब्धि संभव हो सकी है.

**उत्सव** अरका जैन विवि में छात्र-छात्राओं ने दी नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति

# असुर-माया नृत्य नाटिका के साथ 'नवोत्सव' का आगाज

संवाददाता। जमशेदपुर

गम्हरिया स्थित अरका जैन विश्वविद्यालय में मंगलवार को दो दिवसीय दुर्गोत्सव सह गांधी-शास्त्री जयंती उत्सव 'नवोत्सव' का भव्य आगाज़ हुआ. इसमें पहले दिन छात्र-छात्राओं ने 'असुर-माया' नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति की. अरका लिटरेरी क्लब के सौजन्य से प्रस्तुत इस नृत्य नाटिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने इसके माध्यम से दुर्गा देवी की उत्पत्ति एवं महिषासुर वध की पूरी कहानी मंचन किया. यह नृत्य नाटिका प्रो राजकुमारी घोष की परिकल्पना तथा डॉ रूपा सरकार द्वारा निर्देशित थी. प्रो शाहीन फातमा ने मंच प्रबंधन व डॉ मनोज पाठक ने पटकथा लेखन किया. उत्सव के उद्घाटन सत्र में रपचा व यशपुर की मुखिया सुकुमति मार्डी व रामू मुर्मू अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उत्सव के उद्घाटन सत्र में यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ एस एस रज़ी, निदेशक सह कुलसचिव अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (परिसर) डॉ अंगद तिवारी, वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग समेत सभी संकाध्यक्ष व विभागाध्यक्ष उपस्थित थे. सबों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कुलसचिव अमित श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्गोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत है. यह उत्सव हमें सामूहिकता का सन्देश देता है. डॉ अंगद तिवारी ने कहा भारत आदिकाल से नारी शक्ति को एक अपरिसीम ऊर्जा मानता आया है और यह उत्सव उस ऊर्जा को अनुभव करने का सुअवसर है. इस दो दिवसीय उत्सव में नृत्य, गायन, फेस पेंटिंग, डांडिया समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे.



### खास बातें

- महिषासुर वध की पूरी कहानी का किया गया मंचन
- दुर्गोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत का देता है संदेश
- भारत आदिकाल से नारी शक्ति को ऊर्जा मानता आया है

## को-ऑपरेटिव कॉलेज में छात्रों को दी गई विदाई

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के जूलॉजी विभाग में पीजी चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. मंगवार को पीजी सेकेंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की ओर से इस समारोह का किया गया था. इसमें मुख्य रूप से उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह उपस्थित थे. उन्होंने विधिवत समारोह की शुरुआत की. डॉ अमर सिंह ने विदा हो रहे छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए जीवन में हमेशा अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की सीख दी. साथ ही राज्य व देश के विकास में अपने ज्ञान का समुचित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया. समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ स्वाति सोरेन ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही उन्होंने शोध के क्षेत्र में आगे आने की सलाह दी, ताकि आगे चल कर वे समाज को कुछ दे सकें. समारोह का संचालन जगजीत व सदमा ने किया. इस अवसर पर डॉ संगीता कुमारी, डॉ मधुसूदन महतो, डॉ अमर कुमार, प्रो अशोक कुमार रवानी, स्वाति आनंद, अमोरहा, शिवम, शालू, रेणुका, शाइस्ता, कुणाल, ओम प्रिया, समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



# अमर बाउरी को झारखंड विधानसभा में मिला नेता प्रतिपक्ष का दर्जा



**प्रमुख संवाददाता।रांची**

झारखंड भाजपा के नये विधायक दल के नेता अमर बाउरी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिल गया है. विधानसभा सचिवालय की ओर से उन्हें नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी गई है. इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा को पत्र भेजकर बाउरी को भाजपा की ओर से नेता प्रतिपक्ष चुने जाने की जानकारी दी थी. इसके साथ ही झारखंड विधानसभा को 3 साल 10 महीने के बाद नया नेता प्रतिपक्ष मिल गया है. बाबूलाल मरांडी ने बाउरी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिलने पर बधाई दी है. कहा है कि भाजपा सदन में राज्य के लोक कल्याणकारी मुद्दों, जनहित के सवालों और हेमंत सरकार की विफलताओं को और मजबूती के साथ उजागर करेगी.

**बुधवार को भाजपा कार्यालय में होगा बाउरी का स्वागत :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी अभी छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ के सांगठनिक प्रवास पर हैं. वे बुधवार शाम 4.30 बजे प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उनका अभिनंदन करेंगे.

## 3 साल 10 महीने के बाद झारखंड विधानसभा को मिला नया नेता प्रतिपक्ष

**बाबूलाल मरांडी ने बाउरी को दी बधाई**



### आओ जानें

### बहरागोड़ा से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | भाजपा | दिनेश कुमार षाडंगी |
| 2005 | भाजपा | दिनेश कुमार षाडंगी |
| 2009 | झामुमो | विद्युतवरण महतो |
| 2014 | झामुमो | कुणाल षाडंगी |
| 2019 | झामुमो | समीर मोहंती |

**शारदीय नवरात्र**

**चतुर्थी कूष्मांडा**



**सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।**

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन चौथी दुर्गा कूष्मांडा के दर्शन पूजन का विधान है. मां कूष्मांडा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न हो जाती हैं और मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं.

**विग्रहः** गौर वर्ण, विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित आठ भुजाएं. सात हाथों में **क्रमशः** कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला. इनका वाहन सिंह है. दुर्गा सप्तशती के अनुसार देवी कूष्माण्डा इस चराचर जगत की अधिष्ठात्री हैं.

**पूजा विधिः** सर्वप्रथम कलश और उसमें उपस्थित देवी देवता की पूजा करनी चाहिए। तत्पश्चात माता के साथ अन्य देवी देवताओं की पूजा करनी चाहिए, इनकी पूजा के पश्चात देवी कूष्माण्डा की पूजा करनी चाहिए. पूजा की विधि शुरू करने से पूर्व हाथों में फूल लेकर देवी को प्रणाम करना चाहिए तथा पवित्र मन से देवी का ध्यान करते हुए "सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च. दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे."नामक मंत्र का जाप करना चाहिए.

**श्रेयस्कर भोगः** मालपुए का भोग लगाएं.

-डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# रांची मास्टर प्लान 2037 का विरोध फिर हुआ तेज

**सभी गांव पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून और सीएनटी एक्ट के दायरे में आते हैं**

**सत्य शरण मिश्रा।रांची**

राजधानी को व्यवस्थित करने के लिए सरकार ने रांची मास्टर प्लान 2037 बनाया है. पिछले 7 साल से लगातार इसका विरोध हो रहा है. एक बार फिर मास्टर प्लान में शामिल किए जाने के विरोध में 154 गांव के लोग और विभिन्न आदिवासी संगठन आंदोलन की राह पर हैं. इनका कहना है कि रांची मास्टर प्लान के तहत 154 गांवों की 2.28 लाख एकड़ भूमि का लैंड यूज बदलने की साजिश की जा रही है, जबकि यह सभी गांव पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून और सीएनटी एक्ट के दायरे में आते हैं.

इन गांवों में जमीन अधिग्रहण से संबंधित किसी भी तरह की योजना ग्राम सभा और ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी (टीएसी) की सहमति के बिना पास नहीं कराया जा सकता है. ऐसे में इन गांवों की कृषि भूमि का नेचर बदलना गैर कानूनी है. 154 गांवों के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर मास्टर प्लान रद्द नहीं किया गया, तो दिसंबर महीने में लाखों आदिवासी गोलबंद होंगे और जोरदार आंदोलन करेंगे.

**आदिवासियों को बेघर करने का मास्टर प्लानः प्रफुल्ल लिंडा :** आदिवासी अधिकार मंच के अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा कहते हैं कि पूरा रांची पांचवीं अनुसूची में आता है. इसके बावजूद तथाकथित विकास के नाम पर बाहरी लोगों को बसाने और आदिवासियों को उनकी जमीन से बेघर करने के लिए यह मास्टर प्लान बनाया गया है. 2015 में 336 गांव को मास्टर प्लान के लिए चिन्हित किया गया था. इसके बाद 226 गांव चिन्हित हुए. उन गांवों के लोगों का लगातार विरोध जारी था.

इसी बीच 2022 में 154 गांवों को मास्टर प्लान में शामिल करने के लिए चिन्हित किया गया. इन गांवों की 2 लाख 28 हजार कृषि भूमि का नेचर चेंज करने की योजना है. संसद, राष्ट्रपति और टीएसी की अनुमति के बिना सीधे मास्टर प्लान लागू करना गलत है. सरकार भी इस साजिश का हिस्सा बनी हुई है.

## मास्टर प्लान की जद में हजारों परिवार, लेकिन आपत्तियां मिलीं सिर्फ 524




**पिछले 7 सालों से हो रहा है इसका विरोध**

- इसके विरोध में 154 गावों के लोग हो रहे गोलबंद
- विभिन्न आदिवासी संगठन आंदोलन की राह पर हैं

जहां 154 गांवों के लोग मास्टर प्लान का विरोध कर रहे हैं. वहीं रांची के 5000 से ज्यादा रैयतों की जमीन के नक्शे मास्टर प्लान में गड़बड़ी के कारण पास नहीं हो रहे हैं. रांची नगर निगम 2020 से ही ग्रामीणों से मास्टर प्लान में आपत्तियों को मांग रही है. 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक इन आपत्तियों पर सुनवाई भी हुई. हैरानी की बात यह है कि मास्टर प्लान से प्रभावित हजारों लोगों में सिर्फ 524 रैयतों की ही आपत्ति रांची नगर निगम की कमेटी को मिली. इनमें 127 रांची नगर निगम क्षेत्र के और 397 आरआरडीए क्षेत्र के रैयत थे. हजारों लोगों को इससे संबंधित जानकारी मिल ही नहीं सकी और जिन्हें जानकारी मिली भी वे इसे सही तरीके से समझ नहीं पाए. इसी कारण अपनी आपत्ति नहीं दर्ज करा सके.

## खबर अपडेट

### रांची में आप ने लगाया सदस्यता शिविर



**रांची।** आम आदमी पार्टी (आप) की झारखंड इकाई के द्वारा मंगलवार को गोस्सनर कॉलेज के पास सदस्यता अभियान के तहत शिविर लगाया गया. मौके पर कई युवाओं ने पार्टी की टोपी पहन कर सदस्यता ग्रहण की. बता दें कि प्रदेश संयोजक डीएन सिंह के निर्देश पर सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष हरी सिंह, नरेंद्र चौबे, प्रवक्ता यासमीन लाल, सौरभ श्रीवास्तव, व्यापार प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मनोज मोदी, कार्यालय प्रभारी कृष्ण किशोर, वरिष्ठ नेता सुशील, अनिल यादव समेत अन्य मौजूद थे.

### विधायक ने हेल्थ यूनिट का किया शिलान्यास



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रोगों से संबंधित जांच के लिए पीएम निधि से सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (लेबेबोरेटरी) निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक समीर कुमार मोहंती ने नारियल फोड़कर किया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधित जांचों के लिए मरीज को बाहर जाकर जांच करना पड़ रहा था. जिसमें समय तथा अधिक अर्थ की हानि हो रही थी. इसको देखते हुए मरीजों की मांग आज पूरा किया गया. सीएचसी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उत्पल मुर्मू ने विधायक के नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया. इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि, नव कुंवर, खितिश मुंडा, रासबिहारी साव, मदन मन्ना, मुन्ना होता, सौमित्र ओझा, समीर दास, सुमित माईती, बलराम पातर, सीएचसी प्रभारी उत्तम मुर्मू, जादूपति राणा, मिथुन कर, जितेंद्र सीट, राजू हांसदा, राम मुर्मू और चंदन सीट उपस्थित थे.

### झामुमो कमेटी ने किया अधिकारियों का स्वागत

**कसमार (बोकारो)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा कसमार प्रखंड कमेटी की ओर से मंगलवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम के नेतृत्व में प्रखंड में पदस्थापित नये अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा व प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार का स्वागत व अभिनंदन ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर किया गया. इस अवसर पर दिलीप हेम्ब्रम ने बताया कि दोनों अधिकारी व्यवहार कुशल हैं. उन दोनों से आग्रह किया गया कि जनता से जुड़े जनहित के कार्यों को तरजीह देकर विकास कार्य को गति दें. मौके पर जिला संगठन सचिव शेरे आलम, प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय कुमार महतो, रमेश वर्मा, सुरेंद्र महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष धीरेंद्र नाथ महतो, कुलदीप कुमार, अशोक नायक, हरेंद्र महतो, जितेंद्र पाहन, नंदन कपरदार, रमेश हेंब्रम, सुभाष ठाकुर, राजेश टुडू, बीरेंद्र महतो, मासूम रजा अली, तनवीर आलम, सगीर अंसारी, रामदास मुर्मू व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### समाजसेवी ने खुद ही कराई सड़क मरम्मती

**बेरमो।** सरकारी सहयोग नहीं मिला तो समाजसेवी सह भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह ने निजी खर्च से सोमवार को सड़क का मरम्मत कार्य कराई. बता दें कि फुसरो स्थित शास्त्रीनगर से राजेंद्र समृति भवन होते हुए अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो जाने वाली सड़क मार्ग पर एक जगह काफी सड़क ख़राब हो गई थी. लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती थी. इस सड़क में इतने गड्ढे बन गए थे कि कई वाहनों का आवागमन बंद हो गया था. इस समस्या को देखते हुए डॉ सिंह ने सड़क का समतलीकरण कर ढलाई कार्य करवाया. शास्त्रीनगर निवासी दिनेश सिंह, राजेन्द्र सिह, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, जगदीश, रिषी, नारायण सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि इस पथ की मरम्मत पिछले कई महीने से नहीं की गई थी. शास्त्रीनगर सड़क का निर्माण के लिए हम लोगों के द्वारा कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, फुसरो नगर परिषद एवं विभाग को लिखित और मौखिक जानकारी दी थी, लेकिन आज तक किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया. अंत में डॉक्टर उषा सिंह ने निजी खर्चे से सड़क का समतलीकरण एवं मरम्मत कराने का कार्य किया.

### सूचना भवन सभागार में जिला परिषद की बैठक

**पाकुड़।** सूचना भवन सभागार में मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिष्टमणी हेम्बम की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक की. बैठक के दौरान पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई. सभी प्रखंडों के जिला परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्या से सदन को अवगत कराया. जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह है कि विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें.

## रेखा चौबे बनी विधायक प्रतिनिधि

**गढ़वा।** झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चौबे को मंगलवार को अपने आवास पर मनोनयन पत्र सौंपा. मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि रेखा चौबे काफी कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ नेत्री हैं. इनके कुशल नेतृत्व में महिला एवं बच्चों का अधिकार बेहतर तरीके से प्राप्त हो सके. इसके लिए इन्हें इस विभाग का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है. मंत्री ने कहा कि वे संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विभाग के कार्य से आम जनों को लाभान्वित करेंगी. मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, दीपमाला, आराधना सिंह आदि लोग उपस्थित थे.



## बिड़ला मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए विधायक ने किया शंखनाद



**धर्मेंद्र कुमार।जमशेदपुर**

गोलमुरी के केबुल टाउन स्थित अधूरे पड़े बिड़ला मंदिर के जीर्णोधार के लिए विधायक सरयू राय के नेतृत्व में साधु- संतों ने मंगलवार को शंखनाद किया. इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि 1995 में इस मंदिर का निर्माण शुरू किया गया था. लेकिन केबल कंपनी के बंद हो जाने पर मंदिर निर्माण का काम बाधित हो गया. कुछ लोगों ने भी मंदिर निर्माण का प्रयास किया, तो उनके साथ अनहोनी घटना हो गई. जिसके बाद यह बात प्रचलित हो गयी कि कुछ अदृश्य शक्ति इस मंदिर के निर्माण को बाधित कर रही है. मैंने विभिन्न साधु- संतों व पंडितों से इस संबंध में विचार विमर्श कर सामूहिक रूप से इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सामूहिक रूप से शंख बजाकर निर्माण प्रारंभ करने की घोषणा की है. विधायक ने कहा कि आज के शंखनाद कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण में बाधा डालने वाली शक्तियों को वहां से पलायन करने अथवा अनुकूल हो जाने का संदेश देना है. हमलोगों का प्रयास होगा कि यह भगवान विष्णु के सभी अवतार के स्वरूप का दर्शन करने का अवसर लोगों को मिले. वहीं अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि ईश्वर अपने कार्य के लिए किसी योग्य व्यक्ति को चुनते हैं. इस निर्माण कार्य के लिए विधायक सरयू राय मध्यम बने हैं. विधायक के नेतृत्व में जल्द ही मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होगा. इस दौरान पारडीह काली मंदिर के महंत, जम्मू वाले बाबा मौजूद थे.

**लोग उत्साहित**

- साल 1995 में इस मंदिर का निर्माण शुरू किया गया था
- कुछ लोगों ने मंदिर निर्माण का प्रयास किया था

## सीएम ने विशाल के परिजनों को सौंपा दो लाख का चेक

**संवाददाता।रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को सीएम हाउस में माली के तौर कार्य करनेवाले रांची नगर निगम के आउटसोर्स कर्मी स्व. विशाल उरांव के परिजनों को दो लाख रुपए का चेक आर्थिक सहयोग के तौर पर सौंपा. उन्होंने परिजनों को भरोसा दिया कि सरकार की ओर से उन्हें जल्द ही हर संभव मदद की जाएगी. इसके अलावे परिवार को जल्द सामाजिक सुरक्षा के दायरे से जोड़ा जाएगा.

उन्होंने कहा कि स्व. विशाल उरांव के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने कहा कि विशाल उरांव के असामयिक निधन से हम सभी लोगों को काफी दुःख हुआ है. इस मौके पर स्व. विशाल उरांव की मां नंदनी देवी, बड़े भाई रवि उरांव सहित केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र गोप सहित कई उपस्थित थे. बता दें कि सुखदेव नगर थाना अंतर्गत रांची कुम्हार टोली, केशव नगर निवासी विशाल उरांव का विगत 27 सितंबर को पुरी में समुद्र तट पर नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गयी थी. स्व. विशाल उरांव रांची नगर निगम अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी थे तथा मुख्यमंत्री आवास में माली के पद पर कार्यरत थे.

**एक दिवसीय रोजगार मेला में उमड़े बेरोजगार युवक युवतियां**

## विधायक लंबोदर महतो ने किया मेला का उद्घाटन

**संवाददाता।तेनुघाट**



तेनुघाट में एक दिवासीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया. गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने दीप प्रज्वलित कर मेला का उद्घाटन किया. मौके पर नियोजन पदाधिकारी बम बैजू ने बताया की इस रोजगार मेला में झारखंड के विभिन्न जिलों के 10 कंपनियों ने भाग लिया.

सैकड़ों अभ्यर्थियों ने रोजगार के लिये आवेदन दिया. इस मौके पर विधायक श्री महतो ने कहा कि गोमिया विधान सभा के तेनुघाट में प्रथम बार रोजगार मेला का आयोजन किया गया. निश्चित रूप से उन्हें रोजगार का अवसर प्राप्त होगा. अगले तीन महीना के बाद फिर से रोजगार मेला का आयोजन करने का प्रस्ताव नियोजन पदाधिकारी से किया गया. जिसमें बेरमो अनुमंडल अंतर्गत लोकल कंपनियों की अधिक से अधिक भागीदारी लेने और रोजगार देने की पहल करने का आग्रह किया गया है.

**संगठन** झामुमो युवा मोर्चा रंका अनुमंडल कमेटी सहित रंका प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया

# झामुमो युवा मोर्चा कमेटी का विस्तार, नए चेहरे शामिल

**अरुण कुमार यादव।गढ़वा**



गढ़वा में मंगलवार को झामुमो युवा मोर्चा रंका अनुमंडल कमेटी सहित रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया. युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू ने पदाधिकारियों का मनोनयन कर सूची जिला कमेटी को सौंप दिया. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने आवास पर सभी नवचयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया. मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि सभी पदाधिकारी युवा एवं ऊर्जावान हैं. ये सभी संगठन को काफी मजबूती प्रदान करेंगे. जानकारी देते हुए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू ने बताया कि रंका अनुमंडल कमेटी में पप्पू यादव को अध्यक्ष, बनारसी सिंह को सचिव, मनोज भुईहर को संगठन सचिव, लालमोहन पासवान को कोषाध्यक्ष, एजाज अंसारी को मीडिया प्रभारी तथा विकेंद्र कोरवा, सुरेश कोरवा, राजकिशोर रवि, संतोष यादव, चंद्रशेखर सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है. जबकि रंका प्रखंड कमेटी में दीपक सोनी को युवा मोर्चा का अध्यक्ष, अलीम अंसारी को सचिव, मुन्ना सिंह, नारद सिंह खरवार को संगठन सचिव, रामबाबू ठाकुर को कोषाध्यक्ष, रिंकु अग्रवाल को मीडिया प्रभारी, मुख्तार अंसारी, अभिजीत गुप्ता, संतोष रवि, मुकेश तिवारी, दिलीप सिंह खरवार को उपाध्यक्ष, रमकंडा प्रखंड कमेटी में इमित्याज अंसारी को अध्यक्ष, सुरेंद्र राम को सचिव, नागेंद्र यादव को संगठन सचिव, राजनाथ यादव को कोषाध्यक्ष, मुनील कुमार पासवान को मीडिया प्रभारी, देवनाथ राम, रामचंद्र पांडेय, रामसेवक सिंह, सत्यनारायण सिंह खरवार व कलामुद्दीन अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया. इसके अलावा चिनियां प्रखंड कमेटी रामवृक्ष सिंह खरवार को अध्यक्ष, बेलाल अंसारी को सचिव, नसरूल्लाह अंसारी, मंदीप यादव को संगठन सचिव, भरत कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, अनूप कुमार कोरवा को मीडिया प्रभारी, शंभु पासवान, गोपाल यादव तथा संतोष प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया. मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर मौजूद थे.

**किया स्वागत**

- मंत्री के आवास पर सभी का स्वागत किया गया
- नये लोग संगठन में शामिल होकर काफी उत्साहित थे

# विधायक प्रतिनिधि ने सुनी समस्याएं

**की फरियाद**

- मंगलवार को समस्या लेकर जुटते हैं लोग
- इस दिन का बेसब्री से रहता हो लोगों को इंतजार

**संवाददाता।साहिबगंज**



बरहरवा प्रखंड परिसर के विधायक कक्ष में मंगलवार को प्रत्येक सप्ताह की भांति जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दिन का लोगों का बेसब्री से इंतजार रहता है.

सभी लोग समस्याओं के समाधान के लिए इस दिन पहुंचते हैं. कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान विधायक कक्ष में बैठते हैं. वे लोगों की समस्याओं को सुनकर और समझकर पदाधिकारियों से बात कर जरुरत पड़ने पर विधायक कक्ष में बुलाकर उसका निदान करवाने का प्रयास करते हैं. इस आशा के साथ लोग विधायक कक्ष में अपनी समस्याओं जैसे जमीनी विवाद, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, थाना आदि मुलभूत समस्याओं को लेकर आते हैं. इसी क्रम में विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं का समाधान किया.

इस दौरान बरहरवा नगर पंचायत के अरमान आलम, पिता शाह आलम, 10 महीने से मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में पहुंचे. विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत के पदाधिकारी से वार्तालाप करने के बाद पंचायत के पदाधिकारी ने अगले मंगलवार तक प्रमाण पत्र निर्गत करने की बात कही. वहीं संगीता कुमारी, किरण कुमारी की मांग है कि वार्ड संख्या 2 मे अखिलेश महतो के घर से बीरेन मास्टर के घर तक बिजली पोल जर्जर होने की शिकायत की.

# 11वें वेतन समझौते में फिर फैसला अटका, मिली तारीख

संवाददाता। धनबाद

11वें वेतन समझौता को लेकर यूनियन और कोल अधिकारियों की ओर से दाखिल की गई याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने मंगलवार को दोनों पक्षों के अधिवक्ता की बातों को सुनने के बाद फैसले के लिए अगली तारीख मुकर्रर की है. इंटक सूत्रों के अनुसार 2.33 लाख कोल कर्मियों को फैसले पर आस टिकी थी, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हुआ है. सिर्फ 11वें वेतन समझौता के हिसाब से कोलकर्मियों को सितंबर माह का बकाया वेतन अक्टूबर में मिला है. अब देखना है कि अक्टूबर का वेतन 11वें वेतन समझौता के हिसाब से मिलता है या फिर कहीं 10वें वेतन समझौता के हिसाब से न मिले, वरना आगे जोरदार आंदोलन होगा. हड़ताल इसलिए स्थगित हुई क्योंकि कोर्ट के निर्देश के बाद कोल इंडिया ने सितंबर माह का वेतन बढ़े हुए वेतनमान से दिया था. जिसे स्थायी नहीं माना जा रहा है. हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही अंतिम मुहर लगेगी. जिसका धनबाद समेत देशभर के कोल कर्मियों को इंतजार है.



**बोनस के इंतजार में रेलवे और बीसीसीएल कर्मी :** नवरात्र के शुरू हुए तीन दिन बीत गए, लेकिन न तो बीसीसीएल और ना ही रेलवे कर्मियों को अभी तक बोनस मिला है. कोल इंडिया ने बोनस देने की घोषणा कर दी है, लेकिन रेलने ने अभी घोषणा नहीं की है. जिसका इंतजार रेलवे और बीसीसीएल कर्मियों को है. कर्मियों में चर्चा है कि संभवतः षष्ठी या सप्तमी को बोनस दिया जाएगा. अभी मिल जाता तो परिवार के सदस्यों के कपड़े, जूते, चप्पल आदि की खरीदारी कर लेते. धनबाद में रेलवे के 26 हजार और बीसीसीएल के 38 हजार के आसपास कर्मी हैं

### सभी औद्योगिक इकाइयां एवं वेंडर बोनस दें : पुरेंद्र

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर सहित कोल्हान की सभी औद्योगिक इकाइयां एवं उनके वेंडर दुर्गा पूजा के पूर्व कर्मचारियों/ मजदूरों को बोनस का भुगतान करें. यह मांग आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति ने की है. उक्त बातें प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति के अध्यक्ष, राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रभारी पूर्वी सिंहभूम पुरेंद्र नारायण सिंह ने दी है. सिंह ने कहा कि कुछ बड़ी औद्योगिक इकाइयों को छोड़कर ज्यादातर औद्योगिक इकाइयां और उनके वेंडर न्यूनतम बोनस 8.33% देकर मजदूरों का वास्तविक हक देने से कतराते रहते हैं. उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों और उनके वेंडर को न्यूनतम 8.33% और अधिकतम 20% बोनस देना है. मगर ज्यादातर इकाइयां न्यूनतम बोनस देकर मजदूरों की हकमारी कर रही है. उन्होंने कहा कि ज्यादातर प्रतिष्ठान बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत प्रपत्र ए, बी, सी, डी नहीं रखते हैं और ना ही सेट ऑन और सेट ऑफ का पालन करते हैं. एक कमेटी बनाकर कोल्हान के सभी औद्योगिक इकाइयों द्वारा मजदूरों को दिए जाने वाले बोनस की सघन जांच हो.

## आओ जानें

### झारखंड के प्रमंडल व मुख्यालय

- पलामू प्रमंडल – (3 जिले : पलामू, गढ़वा, लातेहार), मुख्यालय : मेदिनीनगर
- उत्तरी छोटानागपुर मंडल – (7 जिले : चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो, धनबाद ), मुख्यालय : हजारीबाग
- दक्षिण छोटानागपुर मंडल – (5 जिले : लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, खूंटी), मुख्यालय : रांची
- कोल्हान प्रमंडल – (3 जिले : पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, पूर्वी सिंहभूम), मुख्यालय : चाईबासा
- संथाल परगना मंडल – (6 जिले : जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज), मुख्यालय : दुमका

## ब्रीफ खबरें

### झारखंड में डेंगू के 27 मरीजों की पुष्टि

**रांची।** राज्य भर में मंगलवार को डेंगू के 279 संदिग्ध मरीज मिले हैं. जांच के बाद 27 में डेंगू की पुष्टि हुई है. देवघर में 16, पूर्वी सिंहभूम में 7, हजारीबाग में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में डेंगू के 2 मरीज मिले हैं. वहीं चिकनगुनिया के 24 संदिग्ध मरीज मिले हैं. सभी मरीज देवघर जिले के हैं. सभी ने अपनी जांच करायी है, जिसमें 17 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है.

### डीसी ने पंडालों का लिया जायजा, दिए दिशा-निर्देश

**पलामू ।** उपायुक्त शशि रंजन ,पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेश ने दुर्गा पूजा को लेकर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण किया. सभी ने अनुमंडल के कर्पूरी मैदान दुर्गा पूजा पंडाल, जपला स्टेशन, हुसैनाबाद शहर स्थित महावीर जी भवन से मुख्य बाजार गांधी चौक होते हुए इमामबाड़ा तक पैदल मार्च कर निरीक्षण किया. उपायुक्त एवम् पुलिस अधीक्षक हैदरनगर देवी धाम का निरीक्षण किया , देवीधाम कमेटी ने शौचालय निर्माण व तालाब के सुंदरीकरण की जरुरत बताई. उपायुक्त ने कहा कि निर्माणाधीन शौचालय का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा.

### बीडीओ मरांडी का हुआ स्थानांतरण

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी साइमन मरांडी का पाकुड़ जिले के पकुडिया प्रखंड में स्थानांतरण हो गया है. स्थानांतरण हो जाने पर उनके सम्मान में प्रखंड मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखंड कर्मियों के द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता बीपीओ जैनी निभा किस्कू ने की. वहीं समारोह को नए बीडीओ सालखु हेंब्रम, जेएमएम भुतपूर्व जिला अध्यक्ष नजरुल इस्लाम, अध्यक्ष जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, आदि ने भी संबोधित किया.

### सीएम के नाम बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

**नावाडीह।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले नावाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नावाडीह प्रमुख पूनम देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक का संचालन बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक ने की. बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि बेरमो अनुमंडल और गिरिडीह जिला एक साथ 1972 में बने. बेरमो अनुमंडल बने 51 वर्ष हो गए हैं. देश में सरकार को सबसे अधिक राजस्व इस अनुमंडल से मिलता है.

### पाकुड़: खाद्य सामग्रियों का सैंपल एकत्र किया

**पाकुड़।** दुर्गा पूजा और आने वाले त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण किया और सैंपल कलेक्ट किया. उपायुक्त के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया. इस दौरान एफएसओ ने प्रतिष्ठानों में विशेष साफ-सफाई बरतने का निर्देश दिया. निरीक्षण के क्रम में शंकर होटल में हल्दी में मिलावट होने पर उसे नष्ट कर दिया गया. साथ ही अच्छी क्वालिटी के मसालों का इस्तेमाल करने को कहा.

### दहीबाड़ी परियोजना पहुंचे बीसीसीएल के डीटी

**मैथन।** बीसीसीएल सीवी एरिया 12 के दहीबाड़ी परियोजना में मंगलवार को तकनीकी निदेशक संजय कुमार पहुंचे. कुमार ने परियोजना का निरीक्षण किया और इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने परियोजना का उत्पादन, विस्तारीकरण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये. कुमार ने अधिकारियों से परियोजना में उत्पादन बढ़ाने के लिए किये जा रहे उपायों की जानकारी ली और विस्तार से चर्चा किया.

### टाटा-ईतवारी एक्सप्रेस आज-कल रद्द रहेगी

**जमशेदपुर।** रैक की कमी के कारण रेलवे ने टाटा-ईतवारी एक्स्प्रेस को रद्द करने का फैसला लिया है. इसकी जानकारी चक्रधरपुर रेल मंडल ने दी है. जानकारी के अनुसार रैक की कमी के कारण रेलवे ने ट्रेन नंबर 18109 टाटा-ईतवारी एक्सप्रेस को 18-19 अक्टूबर को रद्दा कर दिया है. इसके अलावा ट्रेन नंबर 18113 टाटा-बिलासपुर एक्सप्रेस को भी रैक की कमी के कारण मंगलवार को रद्द कर दिया गया.

शहीद मणीन्द्र मंडल के 29वें शहादत दिवस पर विस अध्यक्ष पहुंचे धनबाद

# सरकार लगातार शहीदों का सम्मान कर रही है : रविंद्र

संवाददाता । धनबाद

शहीद मणीन्द्र मंडल के 29वें शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, तभी से ही सरकार झारखंड के शहीदों के सम्मान के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड कोई साधारण राज्य नहीं है. हजारों बलिदान से राज्य का निर्माण हुआ हैं, शहीद मणिंद्र नाथ मंडल का योगदान झारखड आंदोलन में अहम ओर अमिट है. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज राज्य के हर वर्ग की चिंता मुख्यमंत्री को है. विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमलोगों कि समस्या का निदान करने के लिए लगातार तत्पर्य हैं. सावित्रीबाई फुले योजना, मरांग गोमके प्रदेशिक छात्रवृत्ति योजना,ओल्ड पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण में लगें हुए हैं. विपक्ष अपने प्रपंचों से लगातार इस लोकप्रिय सरकार को अपदस्थ करने का प्रयास कर रही हैं.

**मणीन्द्र मंडल के आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण :** मंगलवार को मेमको मोड़ नव निर्मित धनबाद समाहरणालय के समीप झारखंड आन्दोलन के अग्रणी नेता, झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए. उनके साथ राज्य समन्वयक समिति के सदस्य राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त), झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे एवं फागू बेसरा मौजूद थे. मणीन्द्र मंडल की शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा स्टील गेट स्थित शहीद मनिंद्र नाथ मंडल के समाधिस्थल पर उपस्थित होकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया.इसके बाद मेमको मोड़ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए.





**खास बातें**

- आज मुख्यमंत्री को है राज्य के हर वर्ग की चिंता
- सरकार को अपदस्थ करने का विपक्ष कर रहा है प्रयास

### मणीन्द्र मंडल ने मजदूरों के लिए संघर्ष किया : पांडेय

सभा को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) विनोद पांडेय ने कहा कि शहीद मणिंद्र नाथ मंडल का झारखण्ड के लिए किए गये योगदान को नमन करते हैं. माफियाओं के खिलाफ उनका लंबा संघर्ष रहा था. मजदूरों और शोषितों के लिए लगातार संघर्ष किया. उनके संघर्ष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता. आज के युवाओं को शहीदों के विचारधारा को आत्मसाद करने कि आवश्यकता है. मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमितेश सहाय, आवास बोर्ड के सदस्य पवन महतो, केन्द्रीय सदस्य कंसारी मंडल, डॉ. निलम मिश्रा, अशोक मंडल, अलाउद्दीन अंसारी, धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, कालीचरण महतो,अजय रवानी, जिला प्रवक्ता समीर रवानी,सह सचिव तपन तिवारी, एजाज मल्लिक, संगठन सचिव फुलचंद किस्कू, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मन्टू चौहान, सचिव अब तारीख, प्रवक्ता आकाश रवानी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाम कुरैशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना हेम्ब्रम, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर अंसारी सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें.

# मानदेय के लिए हंगामा, आई पुलिस

संवाददाता। गिरिडीह

तीन माह से बकाया मानदेय की मांग को लेकर मंगलवार को सदर अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों ने जमकर हंगामा किया. सुपरवाइजर गौरव राय को घेरे कर्मियों को शांत करने के लिए प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी. विदित हो कि बालाजी व शिवा कंपनी में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों का तीन से लेकर 10 माह तक का मानदेय बकाया है. दशहरा के मौके पर एक माह का बकाया मानदेय निर्गत किया गया है. आउटसोर्सिंग कर्मियों की मांग थी कि दशहरा के मौके पर 3 माह का बकाया भुगतान किया जाए. मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय में कार्यरत कर्मियों का बकाया 3 माह तो तीसरी में कर्मियों का विगत 10 माह से बकाया है.



**एक माह के भुगतान के आदेश से आक्रोश :** पर्व के मौके पर केवल एक माह के भुगतान के आदेश के बाद कर्मी भड़क गए और कार्य बहिष्कार कर हंगामा करने लगे. जिस वक्त सदर अस्पताल में हंगामा चल रहा था, उसी समय सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा परिसर में घुस रहे थे. हंगामा होते देख सिविल सर्जन मुख्य गेट से ही वापस हो गए. इधर सूचना पर नगर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामला शांत कराया. मामले में राय ने कहा कि बकाया 3 माह में से 2 माह का भुगतान किया जा रहा है. कहा जो भी बकाया है उसे शीघ्र भुगतान किया जाएगा. डॉ. मिश्रा ने कहा कि मामले को देखा जा रहा है.

### राशन दुकानदार पर दुर्व्यवहार का आरोप

**डुमरिया।** प्रखंड के खैरबनी पंचायत अंतर्गत काश्मार और गाजिडीह के कार्डधारियों ने राशन दुकानदार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बीडीओ और मुखिया से शिकायत की है. मंगलवार को कार्डधारियों ने बीडीओ साधुचरण देवगम को शिकायत पत्र देकर बताया कि राशन वितरण के समय संबंधित दुकानदार पंकजिनी कालिंदी द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है. कार्डधारियों ने अगस्त से सितंबर तक तीन माह का अनाज वितरण कराने और उसके बाद किसी अन्य राशन दुकानदार के पास राशन वितरण कराने की मांग बीडीओ से की है. मौके पर मुखिया सुरेंद्रनाथ हेंब्रम, पृथ्वीनाथ महतो, बलराम नायक, जितेन नायक, कलावती महतो, अंकित नायक आदि कार्डधारी उपस्थित थे.

# एफसीआईएल ने जारी किया तुगलकी फरमान : मोर्चा

संवाददाता। सिंदरी

एफसीआईएल द्वारा 2 रुपये वर्गफीट पर 21 वर्षों का भाड़ा एकमुश्त जमा करने से संबंधित जारी सर्कुलर को तुगलकी फरमान बताते हुए संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को रोहड़ाबांध सिंदरी में बैठक कर विरोध जताया है. मोर्चा संयोजक रामू मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सस्ते और लंबी अवधि की लीज देने की मांग की है. ऐसा नहीं करने पर मोर्चा सिंदरीवासियों को एकजुट कर चरणबद्ध आंदोलन करेगा. मोर्चा संयोजक ने बताया है कि प्रबंधन ने सीआरपीएफ को 12 हजार सिक्योरिटी डिपोजिट लेकर और 500 से 900 रुपये तक भाड़ा प्रतिमाह तय करके आवास आवंटित किया है. वहीं अपने श्रमिकों और आश्रितों के साथ दुर्व्यवहार कर अन्याय कर रहा है. जय जवान होना चाहिए लेकिन मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

एफसीआईएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में सिंदरीवासियों को आवास देने की योजना बताई थी परंतु एफसीआईएल सिंदरी ने सोमवार को तुगलकी सर्कुलर जारी कर सिंदरीवासियों के साथ अन्याय कर रहा है. जिन आवासों में लोग रह रहे हैं, वही सुरक्षित है.

# धनबाद रेल मंडल ने 200 दिनों में कमाए 14,000 करोड़



**धनबाद।** भारतीय रेलवे के 74 रेल मंडलों में धनबाद रेल मंडल ने इस बार रिकॉर्ड बनाया है. 200 दिनों में 14,000 करोड़ की कमाई की है. रेलवे सूत्रों के अनुसार 2023-24 वित्तीय वर्ष में 200 दिनों में धनबाद रेल मंडल ने 100 मिलियन टन लोडिंग की है. भारतीय रेलवे में सबसे अधिक ढुलाई की है. इस बार लक्ष्य से अधिक ढुलाई हुई है. पिछले वर्ष 26,000 करोड़ की कमाई हुई थी. इस वित्तीय वर्ष में 28,000 करोड़ से भी अधिक की कमाई होने की संभावना है. अधिकारी कहते हैं कि पिछले साल 8 नवंबर को 100 मिलियन टन का लक्ष्य 222 दिनों में हासिल हुआ था. इस बार 200 दिनों में 17 अक्टूबर को ही 100 मिलियन हासिल कर लिया गया.

**बनाया रिकॉर्ड**

- 200 दिनों में धनबाद रेल मंडल ने की 100 मिलियन टन लोडिंग
- पिछले वर्ष 26,000 करोड़ की हुई थी कमाई

### वेंडिंग जोन को गुलजार करने में निगम विफल

**धनबाद।** नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू के नेतृत्व में पिछले तीन दिनों तक लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. जिला परिषद से डीआरएम चौक तक सड़क किनारे लगने वाली दुकानों पर निगम का बुलडोजर चला, परंतु वेंडिंग जोन में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है. दो करोड़ की लागत से कोहिनूर मैदान में बने वेंडिंग जोन को बसाने के लिए नगर निगम ने एड़ी चोटी एक कर दी है. निगम की सारी कोशिशें बेकार सिद्ध हो रही हैं. निगम की तमाम किशिशों के बाद भी मंगलवार 17 अक्टूबर को वेंडिंग जोन में मात्र 6 दुकानें ही लगी हुई दिखाई पड़ी. 192 दुकानों की जगह वाले वेंडिंग जोन में लगी मात्र 6 दुकानें निगम की कोशिशों पर सवालिया निशान खड़ी कर रही है. दुर्गा पूजा को लेकर डीसी के आदेश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिससे पूजा में जाम से निपटा जा सके.

# एसीबी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के विधायक सरयू राय की याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने एसीबी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 28 नवंबर को मुकर्रर की. विधायक सरयू राय की ओर से वरीय अधिवक्ता ए के कश्यप ने बहस की. वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता दीपांकर राय ने बहस की.

दरअसल झारखंड के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मैनहर्ट घोटाला मामले की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. सरयू राय ने मैनहर्ट मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने और एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. जबकि अदालत ने 18 जुलाई 2023 को ही सरकार को जवाब देने और इस मामले में दर्ज पीई हाईकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था. सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के संबंध में परामर्श एवं अन्य कार्य दिये जाने में 21 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है. इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गयी थी.



**मैनहर्ट घोटाला**

- 28 नवंबर को मामले की अगली सुनवाई की तारीख
- 18 जुलाई 2023 को ही पीई पेश करने का था निर्देश

# छवि रंजन की बेल पर ईडी कोर्ट में 20 को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत अर्जी पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने बेल पर बहस के लिए 20 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है. दरअसल ईडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रहा है. दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है. फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री का केस है. छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की.



### ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

वहीं छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट में दायर नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट में अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने बहस की. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन के कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. अदालत अब 30 नवंबर को छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी.

**बैठक** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, अंचल अधिकारियों को मिले निर्देश

# अवैध खनन से जुड़ी शिकायत पर हो त्वरित कार्रवाई : डीसी

संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई. बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई थी. बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई ना रोकने का निर्देश दिया गया. हालांकि निर्गत रसीद देखने को कहा गया. रात्रि के समय पैनी नजर रखते हुए ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश दिये गये. बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया. साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी रंका रामनारायण सिह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार समेत अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया.



**खास बातें**

- सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई ना रोकने का निर्देश
- रात को पैनी नजर रखते हुए ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश

### शिकायत मिलते ही करें कार्रवाई : डीसी

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित कार्रवाई करें. उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा. बैठक में उपायुक्त ने स्टॉक यार्ड की जानकारी देते हुए बताया कि एनजीटी द्वारा 10 जून से लगाए गए बालू के खनन संबंधित रोक 15 अक्टूबर से हटा लिया गया है. चिन्हित बालू घाटों से अब बालू का उठाव किया जा सकता है. उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया.

# अवैध खनन को लेकर जिले में एक साथ छापेमारी अभियान

संवाददाता। गोड्डा

अवैध खनन के खिलाफ पूरे जिले में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया गया. जिसमें स्टोन चिप्स लदे तीन हाइवा, बालू लदे दो ट्रैक्टर एवं एक ट्रक को जब्त किया गया है. उपयुक्त जिशान कमर के निर्देश पर सोमवार देर रात पूरे जिले में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया गया. झारखंड-बिहार बॉर्डर पर अवैध चिप्स लेकर जा रहे तीन हाइवा को पकड़ा गया, साथ ही दांडे नदी घाट से बालू लदे दो ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया. उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध बालू, खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने को लेकर सोमवार की रात जिले के दस टीमों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया गया. उपयुक्त ने अधिनस्थ पदाधिकारियों को स्पष्ट कहा कि अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा.

**उपायुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई :** जिला खनन पदाधिकारी मेघलाल टुडू के अनुसार उपायुक्त के निर्देश पर छापेमारी की जा रही है. बीते रविवार की रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा जेसी विनीता केरकेट्टा, खनन पदाधिकारी मेघलाल टुडू, कल्याण पदाधिकारी सह डीपीआरओ अविनाश कुमार के द्वारा पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन छापेमारी अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान हंसडीहा एवं बौसी मार्ग में झारखंड-बिहार सीमा पर स्टोन चिप्स लदा तीन हाईवा ओवरलोड जब्त किया गया.

## मेडिसिन काउंटर पर ड्यूटी कर रहे स्टाफ ने बताया- बीते 10 दिनों से दवा की कमी

# दवाओं का स्टॉक खत्म, मायूस होकर लौट रहे मरीज

संवाददाता। धनबाद

सदर अस्पताल के मेडिसिन काउंटर से सभी मरीजों को खाली हाथ लौटा दिया जा रहा है. डॉक्टर्स से निःशुल्क परामर्श तो मिल जा रहा है, लेकिन पर्चे पर लिखी दवाएं अस्पताल से नहीं मिल रही हैं. जिस वजह से मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं बाहर से लेनी पड़ रही हैं. मेडिसिन काउंटर पर ड्यूटी दे रहे स्टाफ ने बताया की बीते 10 दिनों से दवा की कमी बनी हुई है. एंटीबायोटिक तक नहीं है. बता दें कि ओपीडी में अधिकतर मरीज मेडिसीन विभाग के होते हैं और उन्हें इन सभी दवाओं की आवश्यकता होती है. दवा



नहीं मिलने से मरीज बाहरी दवा दुकानों पर आश्रित हैं. हर दिन 200 से अधिक मरीज इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं.

**इनडोर मरीज भी बाहरी दवाओं के भरोसे :** अस्पताल में जरुरी दवाओं का स्टॉक खत्म हो चुका है. इसका खामियाजा ओपीडी में आने वाले मरीजों के साथ इनडोर के मरीजों को भी भुगतना पड़ रहा है.

अस्पताल में भर्ती मरीज भी बाहरी दवाओं के भरोसे इलाज करवा रहे हैं. स्लाइन को छोड़कर हर बार दवाओं की पर्ची मरीज के परिजनों को थमा दी जा रही है. ओपीडी में आए मरीज रमेश कुमार ने बताया की केवल डॉक्टर का निःशुल्क परामर्श ही मिल रहा है, दवाएं नहीं. बाहरी दवा दुकान से दवा खरीदने को कहा गया. जानकारी दी गई की बुखार की दवा (पैरासिटोमोल 650), खांसी का शिरप, पेट दर्द की दवा, उल्टी की दवा , दस्त की दवा मेट्रोनिडाजोल तक नहीं है.

**सदर अस्पताल**

- मरीज बाहर से खरीद रहे हैं दवाएं, एंटीबायोटिक तक नहीं
- रोजाना 200 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं अस्पताल

### सेंटर के बाहर दवाओं की सूची भी जारी नहीं

निर्देशानुसार अस्पताल में कौन-सी दवा है और कौन-सी दवा नहीं है, इसकी पूरी जानकारी मेडिसिन सेंटर के बाहर होनी चाहिए. जिससे मरीजों को भी जानकारी मिल सके लेकिन अब तक यह व्यवस्था सदर अस्पताल में शुरू नहीं की जा सकी है. सदर अस्पताल के उपाधिक्षक डॉ. राजकुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल में दवाएं हैं. मरीजों को बिना दवा के लौटा दिया जा रहा है तो गलत है, जानकारी ली जाएगी.

**आओ जानें**

### तमाड़ विद्रोह

- छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेज़ों द्वारा 1771 ई. में अधिकार जमा लिया गया था. जमींदारों और राजाओं को अंग्रेज़ों का समर्थन प्राप्त था जिससे यहां शोषण प्रारंभ हो गए थे.
- तमाड़ विद्रोह का मुख्य कारण जमीदारों द्वारा किसानों की ज़मीनें हड़पना, कंपनी अधिकारियों, जमीदारों व गैर आदिवासियों (दिकु) द्वारा उनका शोषण किया जाना था.
- उरांव जनजाति के लोगों ने इस शोषण के खिलाफ विद्रोह की आग भड़का दी .
- 1789 में जनजाति लोगों ने अपने विद्रोह का परिचय दिया और जमींदारों पर टूट पड़े.
- ठाकूर भोलानाथ सिंह के नेतृत्व में तमाड़ विद्रोह प्रसिद्ध हुआ. इस विद्रोह से भयभीत होकर जमींदारों ने अंग्रेज़ों से सहायता की अपील की.
- अंग्रेजों ने इस विद्रोह को सफलतापूर्वक दबा दिया. 1809 ई. में अंग्रेज़ों ने छोटानागपुर में शांति की स्थापना के लिये पुलिस बल की व्यवस्था की. जब इनकी भूमि पर पुन: अधिकार जमाए जाने लगा तो यह विद्रोह और भी व्यापक हो गया.

## ट्रॉमा सेंटर के पहले तल्ले में सेंट्रल लैब की शुरुआत

# एचआईवी समेत कई जांच होंगे नि:शुल्क

संवाददाता। रांची

रिम्स में मरीजों को अब खून जांच के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा. ट्रामा सेंटर के पहले तल्ले में सेंट्रल लैब की शुरुआत मंगलवार को की गयी. क्रिटिकल केयर के एचओडी डॉ. पीके भट्टाचार्य के देखरेख में दोबारा इसकी शुरुआत हुई है. यहां पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री से संबंधित जांच होंगे. पैथोलॉजी की इंचार्ज डॉ. पुष्पांजलि और बायोकेमेस्ट्री के इंचार्ज डॉ. साकेत वर्मा होंगे. बता दें कि यहां मरीजों को रिपोर्ट चार से छह घंटे के अंदर देने की बात कही गई है. लैब की शुरुआत के दौरान रिम्स के निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि सभी तरह के जांच मरीजों को मिलेंगे.

हर वार्ड में कलेक्शन के लिए मेडिकल इंटर्न की बहाली की गई है. सभी को वार्ड से संपूर्ण कलेक्शन कर लैब में लाने को कहा गया है. उसके बाद रिपोर्ट को वार्डों तक पहुंचाने को कहा गया है. इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हीरेंद्र बिरूआ, चिकित्सा उपाधिक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, मेडिसीन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति, क्रिटिकल केयर के इंचार्ज डॉ प्रदीप भट्टाचार्य समेत अन्य मौजूद रहे.

**पैथोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री और लैब मेडिसिन को भी उपलब्ध कराए गए रिएजेंट :** डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सेंट्रल लैब में मरीजों के खून जांच का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा. सेंट्रल लैब के अलावा पैथोलॉजी विभाग, बायोकेमेस्ट्री विभाग और लैब मेडिसिन में भी जांच जारी रहेगी. पिछले कुछ समय से इन विभागों में रिएजेंट की कमी के कारण अधिकतर जांच बंद थे. फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए इन विभागों में भी रिएजेंट उपलब्ध करा दिए गए हैं. निदेशक ने कहा कि उम्मीद की जा रही है कि मरीजों को अब बहुत अधिक परेशानी नहीं होगी.



**ये जांच होंगे नि:शुल्क**

- सुगर, यूरिया, क्रिएटिनिन, एचआईवी समेत कई जांच निःशुल्क
- केंद्र में बीटीसीटी, ब्लड यूरिया, सुगर पीपी फास्टिंग, एबीओ आरएच, एचबी, सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, एचआईवी, पीटीएनटीआर, एंटीएचसीवी, वीडीआरएल, ईएसआर, सिरम क्रिएटीनिन, इलेक्ट्रारॉयड्स जैसी समान्य जांच निःशुल्क में की जाएगी.

**इन जांच के लिए लगेंगे पैसे**

| | |
|---|---|
| सीबीसी : 20 | एबीएसएजी : 90 |
| इबीसी : 10 | एबी एवनसी : 100 |
| एलएफटी : 45 | थॉयराइड : 200 |
| आरएफटी : 40 | लिपिड प्रोफाइल : 200 |

### योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**साहिबगंज।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र जेएसएलपीएस, कौशल विकास योजना एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त राम निवास यादव ने प्रखंड वार बैंकों में भेजे गए आवेदन, इसके विरुद्ध स्वीकृत हुए आवेदन एवं भुगतान की स्थिति की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बैंक वार आवेदनों की अद्यतन स्थिति जानते हुए लंबित आवेदनों का कारण जाना तथा इसमें प्रगति करने का निर्देश दिया. वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष 294 आवेदनों का लक्ष्य रखा गया था.

### गुपचुप तरीके से रंगारंग कार्यक्रम से ग्रामीण नाराज

**चंदवा।** जिला मुख्यालय के बंद कैंपस में एनटीपीसी के द्वारा रेजिंग डे मनाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है. इससे बनहरदी के ग्रामीण काफी नाराज हैं. ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी को खदान खोलने के लिए जमीन नहीं देंगे. अंचल क्षेत्र में एनटीपीसी के लिए केंद्र सरकार के द्वारा बनहरदी कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया है. एनटीपीसी के अधिकारी कर्मचारी सिर्फ मजे करने में मशगूल हैं. अधिकारी ग्रामीणों की अनदेखी कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि खदान बनहरदी में खोलने की बात करते हैं और कार्यक्रम जिला मुख्यालय में करते हैं. अधिकारी और कर्मी खूब मजा करते हैं और बनहरदी वालों को याद तक नहीं करते हैं. नाराज बनहरदी गांव के ग्रामीणों ने गोलबंद होते हुए कहा कि जमीन हमारी और हमलोगों की ही पूछ नहीं.

# आज से शुरू होगा पुराने अंडर ब्रिज से आवागमन

संवाददाता। जमशेदपुर

जुगसलाई में थर्ड लाइन को लेकर टाटा पिगमेंट के पास पुराने अंडर ब्रिज पर नया सब-वे बनाने का काम पूरा हो गया है. यहां बुधवार से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा. इससे लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा. मालूम हो कि पुराने अंडर ब्रिज को ब्लॉक कर रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा थर्ड लाइन के लिए चौड़ाई बढ़ाने का काम किया जा रहा था. वहां पर दो नया बॉक्स लागया जा चुका है. फिलहाल सड़क निर्माण का काम चल रहा था, जिसे पूरा कर लिया गया है.

18 अक्टूबर से लोगों के लिए पुराने अंडर ब्रिज को फिर से खोल दिया जाएगा. इससे यातायात सुगम हो जाएगा और लोगों को जाम से भी मुक्ति मिलेगी. पुराने अंडर ब्रिज ब्लॉक रहने के कारण जुगसलाई गोलचक्कर से लेकर घोड़ा चौक तक रोजाना घंटो जाम की स्थिति बनी रहती थी. पांच मिनट का सफर तय करने में लोगों को घंटों लग जाते थे. लोग घंटों-घंटों जाम में फंसे रहते थे. नए अंडर ब्रिज की सड़क में बने गड्ढों में पानी भर जाने के कारण सड़क जाम की स्थिति बनी रहती थी लेकिन अब अंडर ब्रिज से आवागन शुरू हो जाने से सभी को काफी राहत मिलेगी.



टाटा पिगमेंट के पास बन कर तैयार अंडरब्रिज.

### आउटरीच जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को किया जागरूक

**पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में मंगलवार को प्रभातफेरी सह आउटरीच कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में आयोजित की गई. कार्यक्रम पाकुड़ प्रखंड के मालपहाड़ी पंचायत के रामनगर, बहिरग्राम, हिरानंदनपुर पंचायत समेत पाकुड़ शहर अंतर्गत कई जगहों में प्रभात फेरी निकाली गई. विशेष जागरुकता सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी , महिला सशक्तिकरण, बच्चों के संरक्षण समेत पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी गई. साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता उनके लाभ लेने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया.

# मुख्य बाजार की सड़क रहती है जाम

संवाददाता। घाटशिला

बाजार की मुख्य सड़क पर जाम से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. दुर्गा पूजा के त्योहार को लेकर लोग खरीदारी करने घाटशिला मुख्य बाजार पहुंच रहे हैं. बाजार में वैसी भीड़ नहीं होने के बावजूद भी लोग जाम से परेशान हैं. दुकानदारों द्वारा पूरी तरह से फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया है. दुकानदार अधिकतर सामान फुटपाथ पर लगा दे रहे हैं. इस कारण खरिदारी के लिए आए लोगों को सड़क पर ही अपने वाहन खड़ा करना पर रहा है. सबसे ज्यादा जाम ट्रेंड तथा एम बाजार के समीप लग रहा है. इन मॉल वालों के पास पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके अलावा पुराना यूबीआई मोड़ से लेकर गोपालपुर रेलवे फाटक तक सबसे ज्यादा जाम लगता है. पुलिस प्रशासन के द्वारा भी जाम से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है.



### ब्रीफ खबरें

### बरडीह में चलाया गया डेंगू लार्वा सर्च अभियान

**घाटशिला।** अनुमंडल अस्पताल की ओर से लगातार डेंगू तथा मलेरिया की रोकथाम को लेकर मोहल्ले में डेंगू लार्वा सर्च अभियान चलाया जा रहा है. मंगलवार को काशीदा गांव के बरडीह में डेंगू लार्वा सर्च अभियान 175 घरों में चलाया गया. सर्च अभियान के दौरान 175 घरों से कुल 1572 जल पात्र पाया गया. इसमें से 06 घर में डेंगू लार्वा पाया गया. इनमें लार्वा नाशी दवाई का छिड़काव किया गया. टीम ने लोगों से आसपास सफाई रखने और कहीं भी पानी नहीं जमा होने देने की बात कही.

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी शिकायतें

**लातेहार।** समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में डीसी हिमांशु मोहन ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. उन्होंने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित कर दिया और इन आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही. जनता दरबार में बरियातू ग्राम निवासी महेश प्रसाद ने बताया कि उनके पुश्तैनी जमीन को बिना उनके पिता एवं अन्य हिस्सेदारों की सहमति के अवैध तरीके से बिक्री कर दी गयी है.

### डेंगू को लेकर किया जा रहा दवा का छिड़काव

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र मे डेंगू को लेकर एहतियात के तौर पर मच्छरनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है. क्षेत्र पर्यवेक्षक रंधीर कपूर ने बताया कि नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत के वार्ड एक से मच्छरनाशक दवाइयों का छिड़काव मंगलवार से शुरू किया गया है. उन्होंने बताया कि सभी 15 वार्डों में क्रमवार दवाइयों का छिड़काव किया जायेगा. इससे पूर्व भी मच्छरनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया था.

### दो दिनों में भुगतान नहीं तो होगा आंदोलन

**सिंदरी ।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के झरिया डिवीजन के सिंदरी के मैनडेज कर्मियों के वेतन, पीएफ, एरियर तथा छुट्टी को लेकर भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने दो दिनों में भुगतान नहीं होने पर शुक्रवार को कार्य बहिष्कार के साथ आंदोलन की बात की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इसके लिए झरिया डिवीजन के एक्सक्यूटिव इंजीनियर मनीष चंद्र पूर्ति को पत्र देकर समस्याओं से अवगत कर जानकारी दी गई है.

### पीड़ित परिवार से मिल मुखिया ने सांत्वना दी

**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के भूतिया पंचायत अंतर्गत चंद्रपूर गांव निवासी व जेएसएलपीएस ग्रुप की सक्रिय सदस्य पार्वती हांसदा की ओडिशा में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी. मौत की खबर सुनकर मुखिया राम मुर्मू ने उनके आवास पहुंचे. उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी और पार्वती हांसदा की आत्मा की शांति के लिए कामना की. मौके पर भुतिया पंचायत के रवि चांद मांडी, बाबलू मुर्मु, विश्वजीत राना, सोमनाथ राना आदि उपस्थित रहे.

### बीडीओ ने किया पंडाल व मंदिर का निरीक्षण

**पीरटांड़।** प्रखंड के बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने प्रखंड क्षेत्र के मधुबन एवं चिरकी के दुर्गा पंडाल व दुर्गा मंदिर का निरीक्षण मंगलवार को किया. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पूजा कमेटी से दुर्गा मंदिर एवं पंडाल में महिला पुरूष की बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया साथ ही दुर्गा पूजा कमेटी को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गए. निरीक्षण के क्रम में दुर्गा मंदिर मधुबन एवं चिरकी पहुंचकर समिति सदस्यों से कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी ली गई.

### पंचायत समिति सदस्यों संग बीडीओ ने की बैठक

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने की. उन्होंने ने विभागों के पदाधिकारियों को अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए पूजा सही ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया. बैठक में प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास सहित सभी पंसस व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

# चापापुर की कालीमाटी खदान से उत्पादन शुरू, कर्मियों में हर्ष

संवाददाता। निरसा

ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर कोलियरी के अधीन कालीमाटी खदान शुरू होने से कर्मियों के बीच खुशी का माहौल है. मंगलवार को बीसीकेयू के अमित मुखर्जी ने नारियल फोड़कर खदान को पूर्णरूप से चालू किया. बतातें चले कि पिछले दिनों पानी भर जाने के कारण प्रबंधन द्वारा कालीमाटी खदान को पूर्णतः बंद कर दिया गया था. खदान को पुनः चालू करवाने की दिशा में यूनियन द्वारा लगातार प्रबंधन पर दबाव बनाया जाता रहा.

पूर्व विधायक सह जेबीसीसीआइ सदस्य अरुप चटर्जी ने जीएम से लेकर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर कोलियरी को चालू कराने का अनुरोध करते हुए हर संभव मदद देने की बात कही. प्रबंधन उच्च कोटी का पंप लगाकर लिए युद्ध स्तर पर खदान से पानी निकासी के कार्य लग गये. यूनियन नेता अमित मुखर्जी ने कहा कि प्रबंधन और मजदूरों के साहसिक कदम के कारण ही कोलियरी में पुनः उत्पादन शुरू हो सका. मौके अमित मुखर्जी, कासिम अंसारी, शिबू महतो, बोधीनाथ सोरेन, पोरेश सोरेन, धनेश्वर सिंह, संजीव मंडल, सुबल तिवारी, डी मानिक पुरी, उपेन्द्र महतो, बामापद बाउरी, नारायण मोदक, सलीम मिया, मनभूल खान, काजल गोराई, बुद्धि राम, नबीनी बाउरी, सोहन हासदा, फटिक मुदी, रवीन्द्र ठाकुर, बाकू बाउरी, बलराम दास, प्रदीप कर, स्वपन चंद्रा, सोमेन चक्रवर्ती समेत काफी संख्या में कालीमाटी व मेहताडीह खदान के मजदूर उपस्थित थे.

**खास बातें**

- पानी भर जाने के कारण प्रबंधन ने बंद कर दी थी खदान
- जेबीसीसीआइ सदस्य अरुप चटर्जी का प्रयास रंग लाया

### डीसी ने की विभाग के कार्यों की समीक्षा

**पाकुड़।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी व जिले के सभी एमओ व एजीएम, डीएसडी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ खाद्य आपूर्ति एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग से संबंधित समीक्षा की. बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. इस दौरान उपायुक्त ने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, मोबाइल सीडिंग वितरण इत्यादि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए. बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत सितंबर 2023 में जिले में किए गए खाद्य वितरण की और कौन-से प्रखंड में कितना आवंटन उपलब्ध कराया गया है उसकी जानकारी ली. एनएफएसए के तहत अक्टूबर का बचा हुआ उठाव एवं वितरण जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया.

## 122वें दिन अनिश्चितकालीन धरना को समाप्त करने की घोषणा

# अब राजभवन के समक्ष अनशन

संवाददाता ।चांडिल

चांडिल डैम के विस्थापित अब अपनी समस्याओं को लेकर राजभवन के समक्ष आमरण अनशन करेंगे. अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले राजभवन के समक्ष 30 अक्टूबर से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा. मंच के बैनर तले विस्थापित चांडिल डैम के अधीक्षण अभियंता के पुराने कार्यालय भवन के समक्ष 16 जून से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे, जिसमें किसी प्रकार का नतीजा नहीं निकला है. धरना से असर नहीं होने पर मंच ने 122वें दिन अनिश्चितकालीन धरना को समाप्त करने की घोषणा की.

**आमरण अनशन पर बैठने का लिया निर्णय :** अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने बताया कि 16 जून से चल रहे 122वें दिन का अनिश्चितकालीन धरना सर्वसम्मति से समाप्त किया गया. लगातार चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने के बावजूद विस्थापितों की समस्याओं के समाधान के प्रति किसी प्रकार की कार्रवाई शुरू नहीं की गई. सरकार और पदाधिकारियों को विस्थापितों के दुख-दर्द से कोई लेना-देना नहीं है. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 अक्टूबर से राजभवन रांची के समक्ष 84 मौजा 116 गांव के विस्थापित आमरण अनशन पर बैठेंगे.



**राजभवन तक की थी पदयात्रा**

अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले विस्थापित एक अक्टूबर से चांडिल धरनास्थल से पदयात्रा शुरू कर तीन अक्टूबर को रांची राजभवन पहुंचे थे. राजभवन से चार दिन के बाद वार्ता का समय देने की बात कही गई थी, लेकिन विस्थापितों को अब तक समय नहीं दिया गया. इसलिए 30 अक्टूबर को नामकुम रेलवे स्टेशन से पदयात्रा करते हुए राजभवन पहुंचकर सभी विस्थापित सकारात्मक वार्ता ना होने तक आमरण अनशन पर बैठेंगे. मंच का प्रतिनिधिमंडल मांगों को लेकर सांसद व विधायक से भी मिल चुके हैं.

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार लगाया. जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश किया. जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन, आवास, मुआवजा समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त से गुहार लगाई. ऊंटरी प्रखंड के अहीर पूर्व ग्राम निवासी दुर्गा कुमारी पति अमीरका राम ने बताया कि उन्होंने नए राशनकार्ड बनाने को लेकर ऑनलाइन आवेदन किया, परंतु आवेदन बीएसओ स्तर पर पेंडिंग है. मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया. गढ़वा प्रखंड के ग्राम खजुरी निवासी अजय नंदन तिवारी ने एनएच 75 निर्माण कार्य में अपने भूमि की मुआवजा भुगतान में वृद्धि करने को लेकर आवेदन दिया. मामले की जांच एवं कार्रवाई हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया.

## तैयारी 2200 से अधिक पुलिस अफसर व जवानों की तैनाती की जाएगी, होगी त्वरित कार्रवाई

# पूजा पंडालों में थर्ड आई रखेगी मनचलों पर नजर

संवाददाता। धनबाद

दुर्गा पूजा को लेकर पूरे जिले में शांति बहाल हो इसको लेकर जिला प्रशासन एक्टिव दिख रहा है. दुर्गा पूजा पंडालों और मेला स्थलों पर मनचलों से निपटने के लिए पुलिस ने कई तैयारियां की है. लगातार थाना प्रभारी व थाना के अफसर के साथ पुलिस अधिकारी बैठक कर रहे. पुलिस की विशेष टीमें सिविल ड्रेस में पंडालों के इर्द-गिर्द तैनात रहेंगे. 2200 से अधिक पुलिस अफसर और जवानों की तैनाती की जाएगी. पंडालों में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी लगातार निगरानी की जाएगी. पुलिस कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होगी. सभी थाना प्रभारी को लगातार पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने को कहा जा रहा है. डीएसपी के साथ सिटी और ग्रामीण एसपी की टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण करेगी. मेलों में ड्रोन कैमरा से भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं. जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें. वहीं सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया की सीसीटीवी कैमरा, फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक तथा वोलेंटियर की टीम पूजा पंडालों में चौकस रहेंगे. वहीं उन्होंने कहा की महिला पुलिस बल भी आवश्यकता अनुसार हर पूजा पंडाल में उपस्थित रहेगी. जिले में दागी लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ 107 की कार्रवाई की गई है.



झारखंड मैदान में बन रहा भव्य पूजा पंडाल.

### स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण दुर्गापूजा संपन्न कराने को लेकर बैठक

**मैथन।** स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गापूजा संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को एग्यारकुंड प्रखंड के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने की. कर्मकार ने उपस्थित विभागों के पदाधिकारियों को अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए काम को सही ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया. कहा कि विशेषकर बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लें. मौके पर बीडीओ कर्मकार ने बताया कि दुर्गापूजा जैसे बड़े-त्योहार में क्षेत्र की साफ-सफाई को लेकर विभाग को निर्देश दिए गए हैं. साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई. कर्मकार ने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारियों को सही रूप से अपने अपने क्षेत्र में काम करने को लेकर निर्देश दिये गये हैं. पर्व-त्योहारों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाएगा. बैठक में प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास सहित सभी पंसस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

# आधी रात को निकले एसएसपी नाइट पेट्रोलिंग का जाना हाल

संवाददाता। जमशेदपुर

एंटी क्राइम चेकिंग और नाइट पेट्रोलिंग की स्थिति देखने के लिए सोमवार की आधी रात को एसएसपी किशोर कौशल शहर में निकले. बर्माइंस, गोलमुरी, टेल्को, साकची, बिष्टुपुर समेत अन्य थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया. फिर कंट्रोल रुम पहुंचे. यहां उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का जायजा लिया. एसएसपी ने सीसीटीवी कैमरे से चौक-चौराहों पर भ्रमण कर रहे लोगों की पुलिसकर्मियों से चेकिंग करायी. सीसीटीवी कैमरे से देखकर वायरलेस पर पुलिस पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए. रात्रि ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को चौकस रहने का आदेश दिया. उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे में किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि किसी व्यक्ति की दिखे, तो तुरंत संबंधित थाने या फिर चौक-चौराहों में तैनात पुलिसकर्मियों को वायरलेस के माध्यम से सूचना दें. एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं. चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है.

**खास बातें**

- सीसीटीवी से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का लिया जायजा
- कैमरे से देख वायरलेस पर पदाधिकारियों को दिए निर्देश

## ब्रीफ खबरें

### गुमला पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**पलामू ।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धावाडीह पंचायत के अधमनिया गांव में रहनेवाले देव कुमार सिंह के घर पर गुमला महिला थाना की पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है. गुमला पुलिस ने लेस्लीगंज थाना की पुलिस के सहयोग से देव कुमार सिंह और उसकी मां तेजमनी देवी के नाम का इश्तेहार चिपकाया है. दोनों के खिलाफ गुमला महिला थाना में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज है. इस संबंध में गुमला महिला थाना के एसआई एमडी मोबिन ने बताया गुमला कोर्ट द्वारा आरोपी को कई नोटिस जारी किया है.

### विचाराधीन बंदी की रिम्स में हुई मौत

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग समेत अन्य दो वादों के विचाराधीन बंदी हेमंत कुमार सिन्हा की जेल में अचानक तबीयत बिगड़ जाने के बाद इलाज के लिए रिम्स लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. हेमंत धुर्वा सेक्टर-2 जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक को पत्राचार कर मृतक का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराने का आग्रह किया है. साथ ही पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने का भी आग्रह किया है.

### छात्रा के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो ।** बोकारो जिला के जागेश्वर विहार थाना अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी अताउल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि पीड़ित छात्रा के अभिभावकों की लिखित शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को 13 वर्षीय छात्रा स्कूल गई थी. जब वह देर से घर पहुंची, तो अभिभावकों ने उससे पूछताछ की.

### बालू लदे 4 ट्रक जब्त जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के सोनारी पुलिस ने डोबो पुल के पास बालू लदे चार ट्रक (407) को जब्त किया है. पुलिस सभी ट्रक को जब्त कर थाना ले गई. इधर, पुलिस ने ट्रक मालिक से बालू से संबंधित कागजों की मांग की है. कागजात नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डोबो पुल से होते हुए कई ट्रक बालू शहर में प्रवेश करते हैं. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और ट्रक को जब्त कर लिया.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र स्थित मटियाल के पास एनएच 49 पर मंगलवार दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी. युवक की पहचान खंडमौदा हरिजन टोला निवासी शिबू कालिंदी (22) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, शिबू कालिंदी सर्विस सेंटर में गाड़ी धोने का काम करता था. वह सर्विस सेंटर से काम करके पैदल घर जा रहा था. तभी अचानक वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया.

### घर के बाहर खड़े वाहन की चोरी

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बिशनपुर में घर के बाहर खड़े बोलेरो वाहन की चोरी हो गई. इस संबंध में वाहन मालिक रोहित मंडल ने बेंगाबाद थाना में लिखित शिकायत दी है. थाने में दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि सोमवार की रात वह बोलेरो को एनएच 114 ए के किनारे स्थित अपनी मिठाई दुकान के बगल स्थित अपने संबंधी रविकांत मंडल के घर के सामने खड़ी की थी. मंगलवार की सुबह जब वह होटल खोलने पहुंचे तो वाहन गायब मिला.

### नन्हे हत्याकांड: गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद ।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. मंगलवार को इस मामले में अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया. प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था. 24 नवंबर 21 को दोपहर दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी.

पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के बॉडीगार्ड की हत्या और हथियार लूट में था शामिल

# नक्सली मोने तियू से एनआईए कर रही पूछताछ

**संवाददाता । रांची**

रांची की एनआईए ब्रांच नक्सली मोने तियू को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. मोने तियू पिछले वर्ष गोइलकेरा में हुए पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के बॉडीगार्ड (अंगरक्षक) की हत्या कर हथियार लूट मामले में संलिप्त था. नक्सली मोने समेत पांच नक्सलियों को चाईबासा पुलिस ने बीते आठ अगस्त को गिरफ्तार किया था. सभी ने पुलिस की पूछताछ में कई अहम



जानकारियां दी. साथ ही कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. गिरफ्तार हुए तीन नक्सलियों ने बड़ाजामदा व नोवामुंडी क्षेत्र में हुए विस्फोटक लूटकांड में अपनी संलिप्तता कबूला.

**चार जनवरी 2022 को हुआ था पूर्व विधायक पर हमला :** बता दें कि चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला किया था. गुरुचरण ने भीड़ में शामिल होकर अपनी जान बचायी थी. नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों अंगरक्षक को घेर लिया था. नक्सलियों ने दो अंगरक्षकों शंकर नायक और ठाकुर हेम्ब्रम की हत्या कर दी. वहीं, एक अंगरक्षक ने घायल अवस्था में भागकर अपनी जान बचायी थी. हत्या करने बाद नक्सली हथियार लूट वहां से भाग निकले थे.

**रांची शाखा में दर्ज हुई थी प्राथमिकी :** जुलाई माह में एनआईए ने रांची शाखा में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा व सोनाराम होनहागा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी. सभी आरोपित पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा के हैं. झारखंड पुलिस के अनुसंधान में इस बात का खुलासा हो चुका है कि पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले की योजना सुनियोजित थी. नक्सलियों का उद्देश्य पूर्व विधायक के अंगरक्षकों के हथियार लूटना था, जिसमें वे सफल हुए. अंगरक्षकों ने विरोध किया तो नक्सलियों ने दो अंगरक्षकों की हत्या कर दी. हालांकि तीसरा अंगरक्षक भागने में सफल रहा था, नहीं तो नक्सली उसे भी मार देते. इस घटना में कुख्यात नक्सली मोछू के दस्ते का हाथ बताया गया था.

आओ जानें

### न्याय दिलाने में राज्यों का स्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| तेलंगाना | 1 | हरियाणा | 12 |
| तमिलनाडु | 6 | उत्तराखंड | 5 |
| कर्नाटक | 2 | राजस्थान | 14 |
| गुजरात | 8 | बिहार | 16 |
| आंध्रप्रदेश | 3 | पश्चिम बंगाल | 18 |
| केरला | 17 | उत्तरप्रदेश | 15 |
| झारखंड | 11 | सिक्किम | 01 |
| मध्यप्रदेश | 7 | अरुणाचल प्रदेश | 02 |
| छत्तीसगढ़ | 9 | त्रिपुरा | 07 |
| ओडिसा | 4 | मेघालय | 03 |
| महाराष्ट्र | 10 | मिजोरम | 04 |
| पंजाब | 13 | हिमाचल प्रदेश | 05 |

करीब एक महीने बाद पुलिस को मिली सफलता

# जेवर व्यवसायी से लूट मामले में 5 आरोपी हुए गिरफ्तार

**संवाददाता । धनबाद**

झरिया के बस्ताकोला निवासी जेवर व्यवसायी विजय शर्मा से केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर कुर्मीडीह के समीप करीब एक माह पहले हुई लूट मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. बीते 19 सितंबर को बाइक सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था. पुलिस ने इस कांड में शामिल 5 आरोपियों को को गिरफ्तार किया है. जबकि दो बदमाश अब भी फरार हैं. यह जानकारी सिटी एसपी अजीत कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी.

बताया कि डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा के निर्देश पर बीते सोमवार को इस मामले में केंदुआ निवासी रिंकू भुइयां, न्यू दिल्ली धनसार के दीपक कुमार और सूरज यादव और गोधर वाटर बोर्ड निवासी राहुल कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. चारों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने अन्य सहयोगियों के नाम भी बताए.

उनकी निशानदेही पर पुलिस ने केंदुआ बाजार स्थित गणेश जवेलर्स से चोरी गए चांदी के जेवरात भी बरामद किए गए. उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली घटना में प्रयुक्त बाइक व चार मोबाइल फेन बरामद किए गए हैं. साथ ही जेवर खरीदने वाले दुकानदार को भी पुलिस ने दबोच लिया.

**बस्ताकोला, झरिया के रहने वाले हैं व्यवसायी विजय शर्मा**



#### स्टाफ के साथ गोधर गए थे व्यवसायी

झरिया के बस्ताकोला निवासी स्वर्ण व्यवसायी विजय शर्मा बीते 19 सितंबर को अपने एक स्टाफ अमित वर्मा के साथ आभूषण लेकर केंदुआ बाजार आये थे. यहां कई दुकानों में आभूषण दिखा कर स्कूटी से वापस लौट रहे थे. विजय स्कूटी चला रहे थे और उनका स्टाफ अमित झोले में आभूषण लेकर पीछे बैठा था. तभी गोधर स्थित कुर्मीडीह के समीप एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने स्कूटी को टक्कर मार दी. व्यवसायी स्कूटी सहित जमीन पर गिर पड़े. युवकों ने हथियार का भय दिखाकर आभूषण लूटकर फरार हो गए.

## करोड़ों की ठगी मामले में दो गिरफ्तार

- पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित बिमल श्याम विहार अपार्टमेंट से हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता । रांची**

ओडिशा इकनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्लयू) की टीम ने रांची से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ओडिशा से आयी टीम ने रांची पुलिस के सहयोग से पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित बिमल श्याम विहार अपार्टमेंट में छापेमारी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत का नाम शामिल है. दोनों मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले के रहने वाले हैं. लेकिन वर्तमान में रांची में छिप कर रह रहे थे. दोनों आरोपियों के खिलाफ ओडिशा में इकनॉमिक ऑफेंस विंग थाना कांड संख्या - 21/22 दर्ज हुआ था.

#### गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई

इकनॉमिक ऑफेंस विंग टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि करोड़ों रुपये की ठगी करने के दो आरोपी पुंदाग क्षेत्र में छिप कर रह रहे हैं. इसके बाद स्थानीय पुलिस की सहयोग से ओडिशा से आयी टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया और साथ लेकर चली गयी.

## अस्पताल के छठे तल्ले से कूदी महिला, मौत

महिला की पहचान रामगढ़ निवासी सुमंती देवी के रूप में की गई

**संवाददाता । रांची**

सदर अस्पताल के छठे तल्ले से मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे एक महिला कूद गयी. छठे तल्ले से गिरने की वजह से वह गंभीर रूप से चोटिल हो गयी. आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रिम्स रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया.

महिला की पहचान रामगढ़ निवासी सुमंती देवी (24 वर्षीय) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, सुमंती देवी पिछले नौ दिनों से सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले में भर्ती थी.



मंगलवार को बच्चेदानी की सर्जरी होनी थी. सुमंती के पति शहदेव मंडल ने बताया कि वह हर दिन सुबह शाम वार्ड के बाहर टहलती थी. लेकिन मंगलवार को उसने हॉस्पिटल के छठे तल्ले से कूद गयी. गिरने के बाद पत्नी की सांसें चल रही थी. सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने देखने के बाद रिम्स रेफर कर दिया. लेकिन रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी धड़कन बंद हो गयी. रिम्स पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

सुमंती देवी के पति ने बताया कि वह कुछ सालों से लगातार बीमार पड़ रही थी. एक बीमारी ठीक होने के बाद दूसरी बीमारी हो जा रही थी.

#### जेजेएमपी का फरमान : आज से एक दिन बंद रहेगा पलामू प्रमंडल बंद

**पलामू ।** जेजेएमपी नक्सली संगठन के प्रवक्ता कर्मवीर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लातेहार पुलिस पर कई आरोप लगाए हैं. प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस ने सुशील उरांव उर्फ बीरबल उरांव को एक सितंबर को मनिका थाना क्षेत्र के मनधनिया गांव से गिरफ्तार किया था. सुशील के साथ पुलिस अमरेश उरांव को भी गिरफ्तार की है. लेकिन 46 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं की है. इसके विरोध में जेजेएमपी 17 अक्टूबर की रात 12:00 के बाद से एक दिवसीय पलामू प्रमंडल बंद की घोषणा करता है. विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि यदि सुशील उरांव को 24 घंटे के अंदर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं किया जाता है तो अनिश्चितकाल के लिए पलामू प्रमंडल को बंद किया जाएगा.

## ईडी के गवाह विजय हांसदा के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**संवाददाता । साहिबगंज**

**खास बातें**
- घटना महादेवगंज पेट्रोल पंप के पास हुई
- सड़क हादसे में एक अन्य युवक हुआ घायल

अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह और भवानी चौकी के ग्राम प्रधान विजय हांसदा के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गयी. यह घटना सोमवार देर शाम साहिबगंज के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित महादेवगंज पेट्रोल पंप के पास हुई है. इस सड़क हादसे में एक अन्य युवक घायल हो गया. प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गयी. बताया जा रहा है कि विजय हांसदा का बेटा संजय हांसदा (19 वर्षीय) और उनका भांजा शिरवन टुडू (18 वर्षीय) बाइक में पेट्रोल लेने के लिए महादेवगंज गये थे. पेट्रोल लेने के बाद वह पंप से निकल रहा था, तभी डाक लेकर आ रहे मैजिक वाहन की चपेट में आ गया. जिससे संजय हांसदा की मौत हो गयी. हादसे के बाद परिजन मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे. इस वजह से सदर अस्पताल का माहौल तनावपूर्ण हो गया. एसडीपीओ राजेंद्र दुबे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल को भेजा गया. उन्होंने परिजनों को समझा-बुझाकर पोस्टमार्टम के लिए राजी किया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

जमशेदपुर : सुंदरनगर के कुदादा में हुआ हादसा

## तेज रफ्तार बस पलटी, दर्जनों यात्री घायल

**संवाददाता । जमशेदपुर**

सुंदरनगर थाना अंतर्गत कुदादा स्थित खालसा ढाबा के पास जोड़ा से टाटा आ रही प्रिंस बस पलट गई. इस दुर्घटना में बस में सवार लगभग 13 यात्री जख्मी हो गए. घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे की है. मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया. घायलों में छह की हालत गंभीर होने पर उन्हें एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया. जबकि अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा जिले के जोड़ा से यात्रियों को लेकर बस टाटा आ रही थी. तभी कुदादा के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई. वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के साथ मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. घायलों में महिलाएं व



बच्चे भी शामिल है. सभी को सिर, हाथ व पैर में चोट आई है. दुर्घटना के बाद बस के चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है. बताया जा रहा है कि विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन को बचाने के क्रम में बस सड़क से उतरकर खेत में पलट गई.

**घायलों का सामान ले भागे लोग :** दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के साथ-साथ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों की मदद में जुट गई. कुछ घायलों का कहना है कि उनका सामान उन्हें नहीं मिल रहा है. घायलों का आरोप है की कई लोग बचाने की आड़ में सामान लेकर भाग निकले. कुछ लोग पूजा देखने के लिए अपने रिश्तेदार के यहां आ रहे थे, तो कोई किसी और काम से.

**ये हुए घायल :** घायलों में अनुरोध, लखन हेंब्रम, बुदाली तियु, सीमा तियु, देव शंकर देवगन, बुधराम हेंब्रम, श्यामल मुंडाई, सुनीता मंडल, अभिनव मंडल, कृति श्री मंडल समेत अन्य शामिल है. सभी पश्चिमी सिंहभूम और राजनगर के रहने वाले है.

### मानगो में दो दुकान का ताला तोड़ कर चोरी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मानगो थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर जवाहरनगर रोड नंबर 6 स्थित मुकेश मौर्य के गल्ले की दुकान और उनके बड़े भाई कमलेश मौर्य की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में सोमवार की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया. चोरों ने दुकान के पीछे का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया. घटना की सूचना मुकेश को तब लगी जब वे मंगलवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे. उन्होंने पाया कि दुकान के पीछे का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अंदर चोरी हुई है. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मुकेश ने बताया हम दोनों भाई अपनी दुकान रात्रि में बंद कर घर चले गये थे. सुबह दुकान खोले तो देखा पीछे का दोनों दरवाजा टूटा हुआ है और सारा समान जहां-तहां बिखरा हुआ है. चोर पीछे के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखे नगद लगभग पांच हजार रुपए ले गए.

सोमवार को युवती का शव हुआ था बरामद

## युवती का शव मिलने के बाद हत्या का केस दर्ज, आरोपी फरार

**संवाददाता । जोड़ापोखर**

सुदामडीह थाना अंतर्गत मोहलबनी बिरसा पुल के निकट एक भाड़े के आवास में रहने वाली एक युवती का शव सोमवार को मिलने के बाद सुदामडीह पुलिस ने उक्त युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा था, जिसका पोस्टमार्टम करने के बाद उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है. घटना के बाद युवती के पिता सुभाष पासवान ने सुदामडीह थाने में अपने पुत्री का हत्या करने का आरोप मिथलेश तुरी पर लगाया है.

थाना में हत्या का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है. युवती के पिता का कहना है कि उसके पुत्री को 9 सितंबर 2023 को मिथलेश तुरी ने अगवा कर लिया था. जिसकी लिखित शिकायत तारापुर जमुई (बिहार) के थाने में मामला दर्ज कराई थी. सोमवार को सुदामडीह पुलिस ने फोन पर सूचना दिया की आपकी पुत्री का शव मिला है. इस संबंध में पुलिस ने दशरथ ठाकुर और सुनील मंडल को पूछताछ के बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया है. पुलिस ने कहा कि युवती के पिता सुभाष पासवान के लिखित शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया है आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रहा है.

#### भाषण से माहौल बिगाड़ने वाले युवक को भेजा जेल

**हजारीबाग ।** पेलावल थाना क्षेत्र स्थित माहौल बिगाड़ने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस की ओर से बताया गया कि कटकमसांडी स्थित गदोखर में सोमवार की रात दुर्गा पूजा के अवसर पर जागरण चल रहा था. इसी बीच युवक भड़काऊ भाषण देने लगा.

### लाखों की संपत्ति चुरा कर चोर हो गए फरार

**संवाददाता । चंदवा**

शहर से सटे धोबी टोला मुहल्ले में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने वन विभाग कर्मी दुलारचंद बैठा के घर से नगद समेत करीब तीन लाख रुपए के सामान की चोरी कर ली. चोरी की घटना देर रात की बताई जा रही है. बताया जाता है कि दुलारचंद बैठा अपने रिश्तेदार के घर दशगात्र गए हुए थे. इसका फायदा उठाकर चोरों ने दुलारचंद के घर के पीछे की खिड़की का ग्रिल उखाड़कर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरों ने घर के सभी कमरों का एक-एक सामान को तितर-बितर कर दिया.

गृहस्वामी ने बताया कि 15 हजार रुपए नगद और ढाई लाख रुपए मूल्य के जेवर की चोरी हुई है. चोरी की सूचना पाते ही चंदवा थानेदार बबलू कुमार सदल बल उक्त घर पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे. चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है.

**नकेल कसी** व्यवसायियों से लेवी वसूलने के मामले में दो आरोपी किए गए गिरफ्तार

# रिवॉल्वर, देसी पिस्तौल, 6 जिंदा कारतूस व कई फोन बरामद

**संवाददाता । गढ़वा**

गढ़वा पुलिस ने दुकानदारों को धमकाने वाले गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है. उक्त अपराधी उचरी निवासी सुहेल खान उर्फ सोनू खान एवं निमियाडीह गांव निवासी आशिक अंसारी है. उनके पास से एक रिवॉल्वर, एक देशी पिस्तौल, 6 जिंदा कारतूस, काले रंग का बैग सहित विभिन्न कंपनी के कई मोबाइल व सिम कार्ड मिले हैं.

उक्त जानकारी गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी. उन्होंने बताया कि सुहेल खान, छोटू रंसाज के साथ आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे



रहा था. इस बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और दोनों अलग हो गए. उसके बाद से सुहेल अपना एक गिरोह तैयार कर गढ़वा और पलामू के व्यवसायियों सहित बस स्टैंड के एजेंट को धमकाकर लेवी वसूलने का काम कर रहा था. उसने अपना ठिकाना बिहार के औरंगाबाद, यूपी के दुद्धी में बना रखा था.

एसपी ने बताया कि सुहेल खान पर गढ़वा सहित पलामू के मेदिनीनगर में करीब आठ मामले दर्ज हैं. जिसमें लूट, धमकी सहित अन्य कई मामले शामिल हैं. उन्होंने बताया कि सुहेल पिछले कुछ दिनों से गढ़वा के कई व्यवसायियों को धमका रहा था. इस दौरान उसने करीब 20 लाख रुपए की लेवी भी वसूली की है. उक्त मामले में सुहेल पर जून और अगस्त माह में अलग-अलग थाना में धमकाने, लेवी वसूलने की प्राथमिक दर्ज की गई थी. उसी के आलोक में गढ़वा एसडीपीओ अवध कुमार यादव, बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही थी. इसी क्रम में राजा पहाड़ी के पास से उक्त दोनों को गिरफ्तार किया गया. छापेमारी दल में बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, मझिआंव थाना प्रभारी विवेक पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह सहित आरक्षी व टेक्निकल सेल की टीम शामिल थी.

## मंत्र का जाप कर मां-बेटी से लाखों के जेवर व कैश की ठगी

**संवाददाता । पलामू**

**खास बातें**
- मसीहानी निवासी से 3 ठगों ने किया इमोशनल ब्लैकमेल
- ठगों ने मंत्र का जाप किया और मां-बेटी जेवर उतार कर देती गईं

जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के छत्तरपुर मिडिल स्कूल के सामने मेन रोड पर मंगलवार की दोपहर मसीहानी निवासी मां-बेटी से तीन महिला ठगों ने सोने के आभूषण सहित 20 हजार नगदी की ठगी कर ली. ठग महिलाओं ने मां बेटी को इमोशनल ब्लैकमेल किया. रोने और गिड़गिड़ाने का नाटक किया और कहा कि एक लड़की है उसको घर वालों ने निकाल दिया है. भूख से तड़प रही है. मिडिल स्कूल में बैठी हुई है. ऐसा कह कर मां बेटी को वहां ले गए और कोई मंत्र का जाप किया और जैसे-जैसे लोग बोलते गए, वैसे-वैसे दोनों सोने के आभूषण उतारते गए. पूनम देवी से गले के तीन लॉकेट, कान का टॉप, अंगूठी और पायल और बेटी ममता कुमारी से कान का झुमका, अंगूठी और पायल सहित 8000 नगद ठग लिया. उसके बाद किस्सा यहीं खत्म नहीं हुआ. बाद में ठगों ने फोन-पे से पैसे निकालने को कहा तो ममता कुमारी ने किसी दुकान में जाकर 12000 की निकासी की और इसके बाद ठग ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कहीं इस बात का खुलासा किया या शोर मचाया तो थाने भिजवा देंगे.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** अष्ठम भाव में चंद्र है. किसी कार्य के पहले सोच-विचार कर लें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे.

**वृषभ** व्यापार में लाभ होगा. आय का मार्ग खुलेगा. आपके कार्य और प्रभाव से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** नेत्र रोग से बचें. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** कोई कार्य सोच विचार कर ही करें. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. शिवलिंग पर पंचामृत अर्पण करें.

**सिंह** कोई व्यक्ति आपका मानहानि कर सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. विवाद से दूर रहें. गन्ना रस शिवलिंग पर अर्पण करें.

**कन्या** समय अनुकूल है, पर रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. मंदिर में फल का दान करें.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है. इतर भोलेनाथ को अर्पण करें.

**वृश्चिक** समय बहुत ही उत्तम है. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमानजी का ध्यान पूजन आवश्यक है.

**धनु** कोई बाहरी व्यक्ति का दखल जीवन में होगा. स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च अधिक होगा, पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. तेल से अभिषेक करें.

**मकर** योजना में विस्तार हो सकता है. समय उत्तम होने से कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रति-योगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. शनि को खुश करें.

**कुंभ** जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें.

**मीन** भाग्य का साथ मिलने से मन खुश होगा. पर किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

## संजय सर्राफ किए गए सम्मानित



**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को वर्ष 2021-23 के लिए विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संजय सर्राफ मोमेंटो, पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। अशोक कुमार नारसरिया ने उन्हें बधाई दी है.

## नागपुरी गाने का लिया गया मुहूर्त शॉट



**रांची।** झारखंड पर बने नागपुरी गाने का मुहूर्त शॉट रांची के सिरका गांव की सुंदर वादियों में लिया गया. यह गाना झारखंड की खूबसूरती को दर्शाएगा. यह गाना झारखंड के कई हिस्सों में शूट किया जाएगा. गाने पर अभिनय करने वाले उज्जवल कुमार रॉकी ने बताया कि यह गाना झारखंड की खूबसूरती को बयां करेगा, उम्मीद है कि लोग इसे पसंद करेंगे. गाना को पवन रॉय ने गाया है.

## 800 साड़ियां बांटेगा रुंगटा फाउंडेशन

**चाकुलिया।** दुर्गा पूजा के अवसर पर चाकुलिया का स्वर्गीय जगदीश रुंगटा फाउंडेशन 800 साड़ी का वितरण करेगा. यह कार्यक्रम 19 अक्टूबर पंचमी के दिन पुराना बाजार स्थित सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल परिसर में होगा. यह जानकारी स्व. जगदीश रूंगटा के पुत्र परमेश्वर रूंगटा ने दी है. उन्होंने बताया कि इस मौके पर स्थानीय विधायक समीर महंती समेत प्रखंड, अंचल, थाना, नगर पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.

**श्रृंगार :** ऐमिल कंपनी की ओर से कराई गई मंदिर की भव्य सजावट, दिया दक्षिणेश्वर काली मंदिर का रूप

# आकर्षक फूलों से सजा मां छिन्नमस्तिका मंदिर

संवाददाता। रामगढ़

शारदीय नवरात्र को लेकर प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर विभिन्न प्रकार के खूबसूरत फूलों से काफी आकर्षक ढंग से सज-धजकर तैयार हो गया है. मंदिर की भव्य सजावट ऐमिल नामक दवा कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) के सौजन्य से कराई गई है. इस वर्ष दक्षिणेश्वर काली मंदिर के प्रारूप में सजा माता का दरबार लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है. मंदिर की भव्य सजावट से यहां भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है. लोग मंदिर की खूबसूरत सजावट के साथ सेल्फी लेते देखे जा रहे हैं . कोलकाता से आए कारीगरों ने एक सप्ताह तक खूब मेहनत कर मंदिर को काफी आकर्षक ढंग से सजाकर सजावट का कार्य पूरा कर लिया. इस संबंध में रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी संतोष पंडा ने बताया कि मां छिन्नमस्तिका मंदिर में दिन में मनमोहक और खुशबूदार फूलों की सजावट दिखेगी, तो शाम ढलते ही रंग-बिरंगी रोशनी से माता का दरवार जगमगाता नजर आएगा. मंदिर की भव्य सजावट श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित कर रही है .



### ऐमिल कंपनी ने कई मंदिरों का किया श्रृंगार

मां छिन्नमस्तिका मंदिर की भव्य सजावट ऐमिल नामक दवा कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) केके शर्मा के सौजन्य से कराई गई है। सजावट का कार्य पूरा होने पर ऐमिल कंपनी के जोनल हेड ने अपनी टीम के साथ रजरप्पा मंदिर पहुंचकर पूरे मंदिर प्रक्षेत्र की सजावट कार्य का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि प्रत्येक नवरात्र में रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर के अलावे देशभर के कई मंदिरों का फूलों से भव्य श्रृंगार कराया जाता है .

**प्रोत्साहन :** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति जमशेदपुर ने की घोषणा, ऐप से होगी वोटिंग

# पुरस्कृत होंगे श्रेष्ठ पूजा पंडाल

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर में दुर्गा पूजा की शुरुआत हो चुकी है. कई पंडालों को आमजनों के लिए खोल दिया गया है. वहीं हर साल की तरह इस साल भी जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति ने सबसे बेहतरीन पूजा पंडाल को पुरस्कृत करने की घोषणा की है. हालांकि इस साल कुछ बदलाव भी किए हैं. समिति ने वोट के लिए तकनीक की सहायता ली है. पूजा पंडाल को वोट करने के लिए श्रद्धालुओं को ऐप का सहारा लेना होगा. इसकी जानकारी समिति ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान दी. समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी समिति बेहतरीन पूजा पंडाल को पुरस्कृत करेगी. इसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये है. इसके अलावा सभी को एक ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी. उन्होंने बताया कि इसके अलावा अलग-अलग पुरस्कार भी दिए जाएंगे. इनमें सर्वोत्तम पूजा पंडाल, सर्वोत्तम दुर्गा माता की प्रतिमा, सर्वोत्तम लाईटिंग और सर्वोत्तम सुरक्षा एवं स्वच्छ रहने वाले पूजा समितियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा. इसके लिए प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपये समेत ट्रॉफी दी जाएगी. उन्होंने बताया कि इसके लिए एक निर्णायक समिति का गठन किया गया है, जिसमें 18 लोगों को शामिल किया गया है.



### पूजा पंडालों के लिए ऐसे करें वोट

पूजा पंडालों के प्रवेश और निकास द्वारा पर एक क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिसके साथ ही पूजा पंडाल का कोड भी लिखा होगा. जिसे श्रद्धालुओं को स्कैन करना होगा. स्कैन करने के बाद एक ऐप डाउनलोड करना होगा. इस ऐप में पूजा पंडाल का कोड डालकर श्रद्धालु अपना वोट दे सकते हैं. अचिंतम ने बताया कि जिले में कुल 324 पूजा पंडाल हैं, जो इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे. इसके अलावा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने सभी पूजा समितियों को यह निर्देश दिया है कि आस-पास के पांच परिवारों को राशन मुहैय्या कराएं, ताकि उन परिवारों को भी पूजा मनाने का मौका मिले. वहीं बुधवार को केंद्रीय समिति 500 लोगों के बीच कपड़ों का भी वितरण करेगी. प्रेस वार्ता में अचिंतम गुप्ता, सचिव राम बाबू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव आशुतोष सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे.

### पंडाल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में

**चाकुलिया।** नूतन बाजार दुर्गा पूजा कमेटी के पूजा पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है. मूर्तियां भी बनकर तैयार हैं. बहरागोड़ा और पश्चिम बंगाल के कारीगर पंडाल की साज-सज्जा में लगे हैं. यह कमेटी आकर्षक विद्युत सज्जा के लिए जानी जाती है. इस वर्ष भी पश्चिम बंगाल के चंदन नगर की विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र होगी. पंडाल के पट पंचमी यानी 19 अक्टूबर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये जायेंगे. नूतन बाजार दुर्गा पूजा कमेटी 1990 से दुर्गा पूजा आयोजित करती आ रही है.

## कसमार में 19 स्थानों पर हो रही दुर्गा पूजा

**कसमार।** नवरात्र शुरू होने के साथ ही कसमार प्रखंड में दुर्गोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है. पूरे प्रखंड में उत्साह का माहौल है. प्रखंड के मंदिरों सहित कुल 19 स्थानों पर देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी. 15 में से 13 पंचायतों में इस बार दुर्गा पूजा की तैयारी चल रही है. सोनपुरा में सिंह परिवार के दो मंदिर, दांतू, धधकिया, कसमार बाजार टांड़ सार्वजनिक मंदिर, चट्टी, गर्री चौबे परिवार, मंजुरा, मधुकरपुर, चंडीपुर, बगदा, खैराचातर में सार्वजनिक मंदिर, खैराचातर प्राचीन दुर्गा मंदिर, खैराचातर हरिजन टोला, सिंहपुर, कोतोगड़ा, हिसिम पहाड़, दुर्गा पहाड़ी के नीचे स्थित दुर्गा मंदिर एवं रघुनाथपुर में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाएगी. प्रखंड प्रशासन ने दुर्गा पूजा समितियों को सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूजा करने करने का निर्देश जारी किया है. इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर किसी तरह की बंदिश नहीं है. सुरक्षा के मद्देनजर प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में स्थित पूजा स्थलों व पंडालों में दंडाधिकारी व पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी.

### चाकुलिया में बंटेगा 35 क्विंटल महाप्रसाद

**चाकुलिया।** चाकुलिया के पुराना बाजार स्थित सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी धूमधाम से दुर्गा पूजा के आयोजन में जुटी है. पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है. आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जा रही है. यह कमेटी यहां की सबसे पुरानी है. यहां 1924 से दुर्गा पूजा आयोजित हो रही है. यह कमेटी दशमी के दिन महा प्रसाद वितरण के लिए विशेष तौर पर जानी जाती है. हजारों लोग सड़क पर बैठकर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं. इस वर्ष भी यह कमेटी दशमी के दिन महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी और सब्जी का वितरण करेगी. कमेटी के अध्यक्ष शंभू नाथ मल्लिक ने बताया कि इस वर्ष 10 क्विंटल चावल, 5 क्विंटल दाल और 20 क्विंटल सब्जी की खिचड़ी बनेगी. उन्होंने बताया कि जन सहयोग से महाप्रसाद का आयोजन होता है. दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. कमेटी के तमाम पदाधिकारी और सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं.

## आओ जानें
## योगिनी शक्ति पीठ

**आराध्या :** भगवती दुर्गा, माता सती

**स्थान :** मां योगिनी मंदिर झारखंड में गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड में स्थित है. यह जिला मुख्यालय से मात्र 15 किलोमीटर दूर बारकोपा में स्थित है. मां योगिनी का यह प्राचीन मंदिर तंत्र साधकों के बीच बेहद लोकप्रिय है.

**विशेषता :** मंदिर का गर्भगृह आकर्षण का विशेष केंद्र है. मां योगिनी मंदिर के ठीक बांयीं ओर से 354 सीढ़ी ऊपर उंचे पहाड़ पर मां का गर्भगृह है. गर्भगृह के अंदर जाने के लिए एक गुफा से होकर गुजरना पड़ता है. इसे बाहर से देखकर अंदर जाने की हिम्मत नहीं होती, क्योंकि इसमें पूरी तरह अंधेरा होता है. लेकिन जैसे ही आप गुफा के अंदर प्रवेश करते हैं, आपको प्रकाश नजर आता है, जबकि यहां बिजली की व्यवस्था नहीं है.

**इतिहास :** ऐतिहासिक और धार्मिक पुस्तकों के अनुसार, यह मंदिर द्वापर युग का ही है और यहां पांडवों ने अपने अज्ञात वर्ष के कई दिन बिताए थे. तब यह मंदिर 'गुप्त योगिनी' के नाम से प्रसिद्ध था. धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, पत्नी सती के अपमान से क्रोधित होकर भगवान शिव जब उनका जलता हुआ शरीर लेकर तांडव करने लगे थे तो संसार को विध्वंस से बचाने के लिए भगवान विष्णु ने माता सती के शव के कई टुकड़े कर दिए थे. इसी क्रम में उनकी बायीं जांघ यहां गिरी थी. लेकिन इस सिद्धस्थल को गुप्त रखा गया था.



## 51वें वर्ष नेपाल का बौद्ध मंदिर बना रहा सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब

संवाददाता। आदित्यपुर

आदित्यपुर एस टाइप का सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब 51वें वर्ष धूमधाम से दुर्गोत्सव मना रहा है. सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब ने इस बार पंडाल को नेपाल के बौद्ध मंदिर का रूप दिया है. यह श्रद्धालुओं को लुभा रहा है. गत वर्ष गोल्डेन जुबिली वर्ष पर गिटार आकार का पंडाल चर्चा का विषय बना था. क्लब के अध्यक्ष बबलू सिंह ने बताया पंडाल का उद्घाटन मंगलवार तृतीया को रात्रि 8 बजे गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा.

इस वर्ष पंडाल को काठमांडू के बौद्ध मंदिर की आकृति दी गई है, जिसपर करीब 35 लाख रुपये खर्च हुए हैं. पंडाल काष्ठ, प्लाय से बनाया गया है. वहीं पंडाल की खूबसूरती चंदन नगर की लाइटिंग से और भी बढ़ गई है. उन्होंने बताया कि सिंहभूम



बॉयज क्रिकेट क्लब 1972 से पूजा कर रही है. कमेटी के अध्यक्ष बबलू सिंह के अलावा मुख्य संरक्षक मनोज सिंह, सचिव नीरू सिंह, टूटू सिंह और विक्की सिंह, उपाध्यक्ष राणा सिंह, और भोला सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव पांडेय, सेंट्रल कमेटी के प्रवीण सिंह, चीकू कुमार, छोटू सिंह, दिनेश सिंह, आजेश, श्याम सिंह, मुन्ना, बंटी, विनोद कुमार, गणेश जी आदि हैं, जो पूजा सम्पन्न कराने में सक्रिय रूप से लगे हैं.

## चांडिल में निकली माता चंद्रघंटा की कलश यात्रा, पूजा में उमड़े श्रद्धालु



संवाददाता। चांडिल

चांडिल प्रखंड के चौका स्थित नवदुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन देवी दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना श्रद्धा व भक्तिभाव से की गयी. देवी के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता का आशीर्वाद लिया. श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या अधिक थी. वहीं श्रद्धालु हाथों में भक्ति की थाली लिये सुबह और शाम मंदिर में पहुंचे. इसके पूर्व सुबह पहले मां चंद्रघंटा की कलश यात्रा निकाली गयी. मंदिर से चौका तालाब तक गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. कलश स्थापना करने के बाद देवी पूजन शुरू किया गया. इसके साथ ही मंदिर में चंडीपाठ भी हुआ. यहां नवरात्र पर हर दिन कलश यात्रा निकाली जाती है. शाम को आरती करने बड़ी संख्या में देवी के भक्त मंदिर पहुंचे. आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. चौका में भक्तों ने देवी की पूजा-अर्चना के बाद मां का जयकारा लगाया. पूजा-अर्चना के बाद माता की आरती की गई. दोपहर में मंदिर परिसर में श्रीराम कथा पर प्रवचन हुआ. राम कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और कथा का श्रवण किया.

### दस तालू कटे रोगियों का हुआ चयन, ऑपरेशन 21 नवंबर को

**जमशेदपुर।** आनन्द मार्ग के गदड़ा आश्रम में मंगलवार को ऑपरेशन स्माइल, इंगा हेल्थ फाउंडेशन व आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से जन्मजात होठ व तालु कटे रोगियों के लिए निशुल्क ऑपरेशन जांच शिविर लगाया गया. जांच शिविर में कुल 15 मरीज आये, जिसमें 5 कुपोषण युक्त बच्चे मिले. उन्हें लेक्टोजन व दवा निशुल्क उपलब्ध कराया गया. जबकि 10 रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया. इन मरीजों का ऑपरेशन 21 नवंबर को स्माइल मिशन दुर्गापुर में किया जाएगा. ये ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा. दुर्गापुर ले जाने के लिए वाहन की विशेष व्यवस्था की गई है. इस अवसर पर दुर्गापुर आई क्यू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पेशेंट कोऑर्डिनेटर अपूर्व मंडल ने कहा, कटे होंठ और तालू विकास के दौरान चेहरे के ऊतकों के ठीक से नहीं जुड़ने के कारण होता है. यह एक प्रकार का जन्मगत दोष है.

## लातेहार में एलसीडीए के पदाधिकारी हुए सम्मानित

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

लातेहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (एलसीडीए) के नवनिर्वाचित जिला कमिटी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया. जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष उमा शंकर चैतन्य, उपाध्यक्ष संतोष चन्द्र गोस्वामी, संगठन सचिव राजीव कुमार व सह सचिव चंद्रकांत जायसवाल को रौनियार विकास सोसायटी, बालूमाथ ने माला पहना कर सम्मानित किया. रौनियार विकास सोसायटी ने विनोद बिहारी गुप्ता एवं उसकी टीम को जीत की बधाई भी दी. रौनियार विकास सोसायटी ने निर्वाचित लातेहार जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की टीम को संतुलित एवं कल्याणकारी बताते हुए टीम के उज्जवल भविष्य की कामना की. बधाई देने वालों में रौनियार विकास समिति के केदारनाथ गुप्ता, संजीव कुमार, संतोष प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, निरंजन कुमार गुप्ता, सुनिल कुमार गुप्ता, अशोक प्रसाद गुप्ता, विपिन बिहारी गुप्ता, आंनद बिहारी गुप्ता, रवि रंजन गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, मोहन कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता अन्य सदस्य शामिल हैं.



### टेल्को चित्रगुप्त समिति का पुनर्गठन, 15 नवंबर को धूमधाम से होगी पूजा

**जमशेदपुर।** इस साल चित्रगुप्त पूजा 15 नवंबर को धूमधाम से मनायी जाएगी. इसको लेकर महेश शरण की अध्यक्षता में चित्रगुप्त समिति की बैठक हुई. बैठक में कमेटी का पुनर्गठन किया गया. कमेटी में महेश शरण को एक बार फिर अध्यक्ष बनाया गया. वहीं अरविंद कुमार श्रीवास्तव को महामंत्री, अनूप रंजन, रूपेश कटरियार व कल्याणी शरण को संरक्षक, रजनीकांत व प्रदीप कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, अरविंद श्रीवास्तव वरीय उपाध्यक्ष, राजीव शरण, अभिषेक श्रीवास्तव व संदीप सिन्हा उपाध्यक्ष, संतोष कुमार श्रीवास्तव व गोपाल प्रसाद संयुक्त सचिव, राकेश कुमार व मनोज श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष और संजय कुमार दास व अंकेक्षक कुमार आर्यन को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया. कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजय श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, रूपेश सिन्हा, दिनेश श्रीवास्तव, प्रकाश बहादुर, मुकेश दास के नाम शामिल हैं.

**आयोजन** रांची महिला समिति की दो दिवसीय एकल संगिनी लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का समापन

# ऐसी प्रदर्शनी से महिलाओं को मिलता है प्लेटफार्म : रिया

संवाददाता। रांची

रांची महिला समिति के तत्वावधान में डंगराटोली स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट्स में आयोजित दो दिवसीय एकल संगिनी लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का मंगलवार को समापन हो गया. मंगलवार को इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की उपस्थित थीं. उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और खरीदारी भी की. मौके पर उन्होंने आयोजन समिति के लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से महिलाओं को एक प्लेटफॉर्म मिलता है. रांची महिला समिति आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर काम कर रही है. समिति के लिए जो भी मदद होगा, मैं इसके लिए उपस्थित रहूंगी. इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में लोगों ने दुर्गा पूजा और दीवाली को देखते हुए सामानों की खरीदारी की. प्रदर्शनी में दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक "हैप्पी आवर्स" के दौरान उपस्थित लोगों के लिए ऑफर्स का लाभ उठाया. विशेष छूट और ऑफ़र में लोगों ने जमकर खरीदारी की. डायमंड ज्वेलरी, इमीटेशन ज्वेलरी, लखनऊ की चिकनकारी, कोलकत्ता का फैशन, टस्सर सिल्क के उत्पाद, बच्चों के परिधान, सौंदर्य उत्पाद, उपहार आइटम, एकल उत्पाद, गृह सज्जा और हेल्थ-वैलनेस के उत्पाद एकल संगिनी के प्रदर्शनी में शामिल था.



### वनबंधु की महिला समिति की सक्रिय शाखा है एकल संगिनी

एकल संगिनी की संयोजक सुनीता महनसरिया ने कहा कि वनबंधु परिषद् की महिला समिति एक सक्रिय शाखा है और आदिवासी समाज के विकास के क्षेत्र में काम करती है. एकल संगिनी, रांची महिला समिति की एक पहल है. हम गैर-लाभकारी संगठन हैं और एकल संगिनी का उद्देश्य एकल अभियान में हमारे निरंतर प्रयासों के लिए निधिसंग्रह करना हैं. यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा. इस अवसर पर एकल संगिनी की सह संयोजक राज जैन, अनुपमा राजगढ़िया, अनिता तुलस्यान, कोषाध्यक्ष राज राजगढ़िया समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### आदित्यपुर के दस महाविद्या काली मंदिर में तांत्रिक पूजा

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर के एलआईजी में दस महाविद्या काली मंदिर में नवरात्र पर तांत्रिक पद्धति से पूजा एवं चंडी पाठ का आयोजन हो रहा है. यहां पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा नेता गणेश महाली से लेकर टाटा स्टील के बड़े अधिकारी नवरात्र पर कलश स्थापित कर अनुष्ठान करवाते हैं. दस महाविद्या के पुजारी और तंत्र साधक राजेश कुमार पांडेय शांडिल्य कहते हैं कि वे हर वर्ष शहर के जाने माने भक्तों के लिए नवरात्र पर अनुष्ठान करते हैं. उन्होंने बताया कि इस दस महाविद्या मंदिर में सालोंभर मां की पूजा पाठ कर भोग लगाया जाता है. उन्होंने बताया कि यह मनोकामना पूर्ण करने वाली शक्ति पीठ है. यहां आस्था रखने वाले कई भक्तों की मनोकामना पूरी हुई है. जो सालोंभर इस सिद्धिपीठ से जुड़े हैं. उनके लिए नवरात्र में विशेष अनुष्ठान किया जाता है.

## प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में लातेहार के छात्रों ने मारी बाजी



संवाददाता। लातेहार

विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में बोकारो में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव- 2023 में लातेहार के सरस्वती विद्या मंदिर के प्रतिभागियों ने बाजी मारी. प्रतिभागियों ने वैदिक गणित, कंप्यूटर ,विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, संस्कृत बोध व पत्र वाचन में भाग लिया था. विद्यालय के कुल 31 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न विषयों में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया. कंप्यूटर विषय के विषयाचार्य श्री रितेश रंजन गुप्ता ने बताया कि दशम कक्षा की छात्रा शांभवी सुहाना, नम्रता सेन गुप्ता, अनन्या कुमारी ने 10 में से सभी 10 प्रश्नों का सही जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. अंग्रेजी, वैदिक गणित, विज्ञान, संस्कृत व पत्रवाचन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. विद्यालय में इन सभी प्रतिभागियों को मंगलवार को विद्यालय के वंदना सभागार में सहभागिता पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया.

## समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट की ना

# धर्मसंकट से बच गया समाज

### चीफ जस्टिस ने सरकार को दिए ये निर्देश

## चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपना फैसला सुनाते हुए सरकार को दिए दिशा-निर्देश

1. केंद्र और राज्य सरकारें सुनिश्चित करें कि समलैंगिक जोड़ों के साथ भेदभाव न हो.
2. लोगों को समलैंगिकों के प्रति जागरूक करें.
3. उनकी सहायता के लिए हेल्पलाइन बनाएं.
4. किसी बच्चे का सेक्स चेंज ऑपरेशन तभी हो, जब वह इसके बारे में समझने योग्य हो जाए.
5. किसी को जबरन सेक्स प्रवृत्ति में बदलाव वाला हॉरमोन न दिया जाए.
6. पुलिस ऐसे जोड़ों की सहायता करे.
7. उन्हें उनकी मर्जी के खिलाफ परिवार के पास लौटने के लिए मजबूर न किया जाए.
8. ऐसे जोड़ों के खिलाफ एफआईआर प्राथमिक जांच के बाद ही दर्ज हो.

**शुभम संदेश नेटवर्क।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि हम समलैंगिक विवाह के लिए कानून नहीं बना रहे हैं. लेकिन, इस फैसले के बावजूद पांच में से 4 जजों ने अपना-अपना फैसला सुनाते हुए इस मुद्दे के अहम पहलुओं पर सुप्रीम कोर्ट की राय साझा की है. आइए, इस फैसले के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार की आपत्तियों और समलैंगिक विवाह को लेकर समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को समझते हैं... समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की याचिका कर रही सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपना फैसला सुना दिया है. इस पीठ के 5 में से 4 जजों ने बारी-बारी से अपना फैसला सुनाया. सबसे पहले चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने फैसले में समलैंगिकों को शादी का अधिकार देने की बात पर जोर दिया. इसके अलावा उन्होंने समलैंगिकों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करने को लेकर निर्देश भी जारी किए.

## 'सुप्रीम' फैसला







संयोजन : शैलेंद्र वर्मा , डिजाइनिंग : शुभम राज

# न बच्चा गोद लेने का अधिकार, न शादी की इजाजत...

## समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट के 05 जजों ने सुनाया फैसला



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़



जस्टिस संजय किशन कौल



जस्टिस एस रवींद्र भट



जस्टिस हिमा कोहली



जस्टिस पीएस नरसिम्हा

**शुभम संदेश नेटवर्क।** समलैंगिक जोड़ों के लिए मंगलवार (17 अक्टूबर) का दिन काफी अहम रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला पढ़ा. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने मई के महीने में 10 दिनों तक इस मामले पर सुनवाई की. इसके बाद 11 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और मंगलवार को इस फैसले को सुनाया गया है. सीजेआई चंद्रचूड़ के अलावा पीठ के अन्य सदस्यों में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल हैं. जस्टिस हिमा कोहली को छोड़ कर बाकी के चार जजों ने फैसले को पढ़ा. सुप्रीम कोर्ट ने कुल मिला कर चार फैसले दिए हैं. आइए इन फैसलों की बड़ी बातों को जानते हैं.



## सुप्रीम कोर्ट बेंच के सभी जजों के फैसलों का लब्बोलुआब देखा जाए, तो...

1. किसी भी तरह का कानून बनाने का अधिकार संसद का है, इसलिए समलैंगिक विवाह पर कानून बनाने के लिए भी वहीं विचार होना चाहिए.
2. सॉलिसिटर जनरल ने सुनवाई के दौरान कहा था कि यदि जरूरी हुआ तो संसद इस बारे में एक उच्चस्तरीय समिति बना कर विचार करेगी. सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील के प्रति सहमति दिखाई.
3. भारतीय संविधान में शादी का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन रिलेशनशिप को मान्यता दी गई है. इसलिए यदि कोई समलैंगिक जोड़ा अपने रिश्ते को किसी भी प्रकार से प्रकट करने के लिए स्वतंत्र है.
4. बच्चा गोद लेने के अधिकार पर चीफ जस्टिस व जस्टिस भट्ट के बीच मतांतर दिखा. चीफ जस्टिस इसके पक्ष में थे, जस्टिस भट्ट ने इसका विरोध किया. (वजह नहीं पढ़ा)
5. समलैंगिकों के साथ किसी भी तरह के भेदभाव को दूर करने के मुद्दे पर सभी जस्टिस एकमत थे और चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए.
6. समलैंगिक विवाद को कानूनी मान्यता देने से महिलाओं पर इसके दुष्प्रभाव पड़ने की बात रेखांकित हुई. जस्टिस भट्ट ने कहा कि अभी घरेलू हिंसा और दहेज से जुड़े कानूनों में महिला के रूप में पत्नी को काफी अधिकार हैं, जो खतरे में पड़ सकते हैं.
7. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की संवैधानिक पीठ इस मामले में 18 अप्रैल से सुनवाई शुरू की थी. सवाल यह है कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में गे राइट्स विशेष कर शादी के अधिकारों को लेकर विरोध क्यों कर रही थी? अगर विरोध कर रही थी तो उसके तर्क क्या थे? और उन तर्कों के आधार पर यदि समाज के पड़ने वाले प्रभाव को देखा जाए, तो किस उथल-पुथल की आशंका जताई गई थी.

### 1- पति-पत्नी के अलग अधिकार, पर कौन पति-कौन पत्नी?

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कुछ प्वाइंट्स ऐसे रखे थे, जो निश्चित तौर पर समाज में बड़े पैमाने पर समस्या का कारण बन सकते हैं. दरअसल सेम सेक्स मैरिज में यह समझना कठिन होगा कि कौन पति है, तो कौन पत्नी है. इसलिए बहुत से ऐसे कानून जो महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, उनपर एक्शन कैसे होगा, यह सरकार के लिए चिंता का विषय है. जैसे सेम सेक्स मैरिज के बाद अगर तलाक की नौबत आती है, तो कानून कैसे काम करेगा? विशेष वर्ग में तलाक का कानून भी सभी लोगों के लिए एक बन सकता है? ट्रांस मैरिज में पत्नी कौन होगा? गे मैरिज में कौन पत्नी होगी? इसका दूरगामी प्रभाव होगा. अभी जो कानून प्रचलन में हैं, उनमें पत्नी गुजारा भत्ता मांग सकती है, लेकिन समलैंगिक शादियों में क्या होगा? कैसे निर्धारित होगा कौन पति है, कौन पत्नी है? महिलाओं के अधिकारों की चर्चा करते हुए मेहता कहते रहे कि दहेज हत्या या घरेलू हिंसा के मामले जटिल हो जाएंगे. 'अगर कानून में पति या पत्नी की जगह सिर्फ स्पाउस या पर्सन कर दिया जाए, तो महिलाओं को सूर्यास्त के बाद गिरफ्तार न करने के प्रावधान कैसे लागू होंगे?'

### 2- अनैतिक संबंधों में छूट देने की भी होगी मांग

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक बहुत सेंसिटिव मुद्दे को उठाया था. उन्होंने सेम सेक्स मैरिज को मौलिक अधिकार बताए जाने को बेहद जटिल बताया था. मेहता ने कहा था कि सेम सेक्स मैरिज को मान्यता के दावे को मौलिक अधिकार समझकर अगर सही माना जाए, तो भविष्य में और बहुत से नैसर्गिक अधिकारों की मांग शुरू हो जाएगी. समाज में नजदीकी वर्जित संबंध जैसे नियम परंपराएं मानव समाज की ही बनाई हुई हैं. मेहता कहते हैं कि सेक्सुअल ओरिएंटेशन और पसंद के अधिकार के दावे शुरू हो सकते हैं. दरअसल पसंद के अधिकार और सेक्सुअल ओरिएंटेशन के मामले को याचिकाकर्ता ने उठाया है और सेम सेक्स में इसी आधार पर शादी की मान्यता की गुहार लगाई है. मेहता का कहना है कि इसी आधार पर आने वाले समय में तो वर्जित संबंधों में रिलेशनशिप के मामलों को पसंद का मामला बताया जाएगा और सेक्सुअल ओरिएंटेशन का मामला बताकर राइट्स की मांग की जाएगी.

### 3- मनचले लोगों को भी बहाना मिल जाएगा

समाज में ऐसे लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है, जिनका सेक्सुअल ओरिएंटेशन कुछ समय बाद बदल जाया करता है. तमाम राजा महाराजाओं, मुगल शासकों का इतिहास बताता है कि इन्होंने शादी भी की, उनसे बच्चे भी हुए और इनके संबंध सेम सेक्स वाले से भी रहे. बॉलीवुड हो या भारतीय राजनीति, बिजनेस वर्ल्ड हो या फैशन संसार हर जगह इस तरह के किस्से आम हैं. 20 साल सफल वैवाहिक जीवन के बाद अगर किसी का सेक्सुअल ओरिएंटेशन बदलता है, तो इसे क्या कहा जाएगा? सेक्सुअल ओरिएंटेशन बदलने की घटनाएं बड़े लोगों में ही नहीं छोटे कस्बों और गांवों में भी देखने की मिलती है. यहां बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो दोनों तरह के संबंधों में हैं. इनमें महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल हैं. तमाम ऐसी महिलाएं हैं जिनके कई बच्चे होने के बाद वो सेम सेक्स रिलेशनशिप में है. कानून बनाने से पहले जनता को ये फैसला करने की सुविधा देनी होगी, जिससे पता लगाया जा सके कि कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से विपरीत लिंग के साथ आकर्षित है या सेम सेक्स के लिए. इस तरह का कानूनी अधिकार मिलने से निश्चित रूप से अरबल इलिट को ही फायदा मिलने वाला है.

### 4- समाज सुधार का हक समाज को है

देश में समाज सुधार का इतिहास बहुत पुराना है. सती प्रथा और विधवा विवाह के लिए बंगाल में जबरदस्त अभियान चला. बाल विवाह की उम्र बढ़ाने की बात हो या कोई बड़े सामाजिक बदलाव लाने वाले हर कदम पर बड़े पैमाने पर समाज में बहस हुई है. विधवा पुनर्विवाह के मुद्दे पर बंगाल में खूब बवाल हुआ था. महिलाओं की शादी की उम्र घटाने और एज ऑफ कंसेंट बिल को लेकर बाल गंगाधर तिलक और गोपाल कृष्ण गोखले अलग-अलग खेमों में बंट गए. बंगाल में राधाकांत देब और महाराष्ट्र में बाल गंगाधर तिलक, स्वामी विवेकानंद, श्री अरबिंदो और महात्मा गांधी चाहते थे कि विदेशी शासक भारत की जनता के प्रतिनिधि नहीं हैं और हिंदू रीति-रिवाजों के बारे में कानून बनाने का उन्हें कोई अधिकार नहीं मिलना चाहिए.

# फैसला अब संसद करेगी

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के पाले में डाली गेंद



**शुभम संदेश नेटवर्क**

देश में समलैंगिक जोड़ों को आपस में शादी करने की कानूनी मान्यता मिलेगी या नहीं, इसका निर्णय अब संसद करेगी. सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने मंगलवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता के सवाल पर फैसला सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में कानून नहीं बना सकता, बल्कि सिर्फ इसकी व्याख्या और इन्हें लागू कर सकता है. इस फैसले के पहले से ही समाज का एक बड़ा वर्ग समलैंगिक शादी के विरोध में खड़ा था. इसके साथ ही केंद्र ने भी इस तरह की शादी पर कड़ा विरोध जताया था. तो आइए जानते हैं कि समलैंगिक विवाह को लेकर अभी क्या हुआ है? मामला सर्वोच्च न्यायालय कैसे पहुंचा? समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के विरोध में और पक्ष में कौन है? क्या भारत में समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिली तो इसका असर क्या होगा?

**इस मामले में अभी क्या हुआ :** पिछले कुछ समय में देशभर की कई अदालतों में याचिकाएं दायर करके समलैंगिक विवाह को वैधानिक मान्यता देने की मांग की जा रही थी. 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने ऐसी 20 याचिकाओं की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था. 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति रवींद्र भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा शामिल थे. शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाओं में विशेष विवाह अधिनियम, विदेशी विवाह अधिनियम और हिंदू विवाह अधिनियम सहित विभिन्न अधिनियमों के तहत समान-लिंग विवाह को मान्यता देने की मांग की गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से इनकार कर दिया है. संविधान पीठ ने 3-2 के बहुमत के फैसले से कहा कि इस तरह की अनुमति सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह कहना गलत है कि शादी एक अपरिवर्तनशील संस्थान है. अगर स्पेशल मैरिज एक्ट को खत्म कर दिया जाता है, तो यह देश को आजादी से पहले वाले समय में ले जाएगा. हालांकि, स्पेशल मैरिज एक्ट को बदलना या न बदलना सरकार के हाथ में है. कोर्ट को विधाई मामलों में हस्तक्षेप से सावधान रहना चाहिए. जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जब मौलिक अधिकारों की रक्षा की बात आएगी, तब शक्तियों या अधिकारों के विभाजन का सिद्धांत कोर्ट की ओर से निर्देश देने में आड़े नहीं आ सकता. कोर्ट इस मामले में कानून नहीं बना सकता, बल्कि सिर्फ इसकी व्याख्या और इन्हें लागू कर सकता है.

इसके साथ ही अदालत ने कहा कि जीवन साथी चुनने की क्षमता अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार से जुड़ी है. समलैंगिक लोगों सहित सभी को अपने जीवन की नैतिक गुणवत्ता का आकलन करने का अधिकार है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बराबरी के अधिकार की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि लोगों के साथ उनके लैंगिक रुझान के आधार पर भी भेदभाव न किया जाए.

### मामला सुप्रीम कोर्ट कैसे पहुंचा

**25 नवंबर, 2022 :** दो समलैंगिक जोड़ों ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी किया.

**14 दिसंबर, 2022:** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक जोड़े द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर नोटिस जारी किया.

**06 जनवरी, 2023:** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली सभी याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे पर दिल्ली, केरल और गुजरात सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को स्थानांतरित कर दिया.

**30 जनवरी, 10 फरवरी, 20 फरवरी और 3 मार्च, 2023:** सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की मांग करने वाली और याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और उन्हें मुख्य मामले से क्लब कर दिया.

**12 मार्च, 2023:** केंद्र ने समलैंगिक विवाह का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा दायर किया.

**13 मार्च:** सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया.

**01 अप्रैल, 2023:** जमीयत उलमा-ए-हिंद ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं का विरोध किया.

**06 अप्रैल 2023:** दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया, जिसमें समलैंगिक विवाह और समान-लिंग वाले जोड़ों को गोद लेने के अधिकार का समर्थन किया गया.

**15 अप्रैल, 2023:** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए पांच जजों की बेंच के गठन को अधिसूचित किया.

**17 अप्रैल, 2023:** केंद्र ने एक नया आवेदन दायर किया और याचिकाओं की संविधान पीठ द्वारा सुनवाई पर सवाल उठाए. वहीं, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कई पहलुओं पर आपत्ति जताई.

**11 मई, 2023:** समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर चुकी पीठ ने 11 मई को फैसला सुरक्षित रखा था.

**17 अक्टूबर 2023:** सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया.

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के विरोध में कौन-कौन

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का कई स्तर पर विरोध हो रहा था. केंद्र सरकार से लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई सामाजिक संगठनों ने इसका विरोध किया.

### जानें केंद्र का रुख

केंद्र सरकार हमेशा ही समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के खिलाफ रही है. इसने अपने आवेदन में ये कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का व्यापक असर होगा और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं पूरे देश की सोच को व्यक्त नहीं करती हैं, बल्कि ये शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को ही दर्शाती हैं. इसे देश के विभिन्न वर्गों और पूरे देश के नागरिकों के विचार नहीं माने जा सकते. आवेदन में सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं की विचारणीयता पर विचार करे कि क्या इन्हें सुना जा सकता है या नहीं. कानून सिर्फ विधायिका द्वारा बनाया जा सकता है, न्यायपालिका द्वारा नहीं. याचिकाकर्ताओं ने एक नई विवाह संस्था बनाने की मांग की है, जो मौजूदा कानूनों की अवधारणा से अलग है. विवाह संस्था को सिर्फ सक्षम विधायिका द्वारा मान्यता दी जा सकती है.

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी जताई आपत्ति

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक विवाह से संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर एक हस्तक्षेप आवेदन दायर कर कहा कि समलैंगिक दंपती को गोद लेने की अनुमति देना बच्चों को खतरे में डालना है. यह माता-पिता की भूमिका और उनकी पहचान को लेकर बच्चों की समझ को प्रभावित कर सकता है.

### संत समिति भी खिलाफ

अखिल भारतीय संत समिति ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप आवेदन दायर कर कहा है कि हमारे समाज के लिए समलैंगिक विवाह की अवधारणा बाहरी है और इसे पूरी तरह से खारिज किया जाना चाहिए. समिति ने कहा, कुछ पश्चिमी देशों में समलैंगिक संबंधों का पालन किया जा रहा है, लेकिन हम भारतीय समाज में इसका पालन नहीं कर सकते हैं. इससे देश में परिवार की व्यवस्था बिगड़ जाएगी.

### किन देशों में समलैंगिकता अवैध है?

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम पांच अन्य देशों - पाकिस्तान, अफगानिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मॉरिटानिया में शरिया अदालतों के तहत समलैंगिक संबंधों पर मौत की सजा तक दी जा सकती है. ईरान, सोमालिया और उत्तरी नाइजीरिया के कुछ हिस्सों में भी यही बात लागू होती है. वहीं 71 देशों में समान-लिंग संबंध अप्राकृतिक संबंध कानूनों के तहत विभिन्न प्रकार के अपराध की श्रेणी में आते हैं. इन सभी में देशों में समलैंगिक संबंधों पर जेल की सजा हो सकती है.

### अब आगे क्या होगा

सुप्रीम कोर्ट ने भारत में समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने या नहीं देने का अधिकार देश की संसद को बताया है. बहरहाल संसद में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है, जो लगातार इसका विरोध करती रही है. अगर सरकार के रुख के हिसाब से देखें, तो वह देश में समलैंगिक शादियों को वैधानिक नहीं बनाएगी.



### कितने देशों में समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिल चुकी है

दुनिया में अभी 33 ऐसे देश हैं, जहां समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी मिली हुई है. हालांकि, ज्यादातर देशों में अदालत के फैसले के बाद ही समलैंगिकों को ये अधिकार मिला. समलैंगिक विवाह को मंजूरी देने वाला सबसे पहला देश नीदरलैंड बना. इसके अलावा ऑस्ट्रिया, ताइवान, कोलंबिया, अमेरिका, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, क्यूबा, डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, माल्टा, फिनलैंड, ब्रिटेन जैसे देशों में भी समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी मिली हुई है.

### इन्होंने किया समर्थन

जहां समाज का एक तबका समलैंगिक जोड़ों की शादी का विरोध कर रहा था, तो दूसरी ओर कई संगठन और लोग इसके पक्ष में उतरे थे. इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी ने कहा कि समलैंगिकता कोई बीमारी नहीं है. इसने यह भी कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक की तरह, एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के सदस्यों के साथ भी बराबरी का बर्ताव होना चाहिए. इसके अलावा, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने समलैंगिक संबंधों को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं में हस्तक्षेप आवेदन दायर किया. वैधानिक निकाय ने अपने आवेदन में कहा कि समलैंगिक व्यक्तियों को विषमलैंगिक जोड़ों की तरह बुनियादी मानवाधिकारों का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए.

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बड़ी बातें

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सेम सैक्स मैरिज को कानूनी मान्यताएं देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुना दिया. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों वाली संविधान पीठ इस मामले में 10 दिनों की लगातार सुनवाई के बाद 11 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा शामिल हैं. बता दें कि फैसला सुनाते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि जीवन साथी चुनना जीवन का अहम हिस्सा है, इसमें किसी भी प्रकार से दखलंदाजी नहीं की जा सकती. इसके साथ ही उन्होंने सरकार को निर्देश भी दिए. आइए 9 आसान प्वाइंट में समझते हैं सुप्रीम कोर्ट का फैसला :

### अपना साथी चुनने का अधिकार सबको

फैसला पढ़ते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, अपना साथी चुनने का अधिकार सबको है. इसके साथ ही अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान के साथ जीवन एक मौलिक अधिकार है. सरकार को खुद नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए. विवाह को कानूनी दर्जा जरूर है, लेकिन यह कोई मौलिक अधिकार नहीं है.

### सेम सेक्स मैरिज अपराध नहीं

चीफ जस्टिस ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सेम सेक्स मैरिज कोई अपराध नहीं है. सबको अपना साथी चुनने का अधिकार है. स्पेशल मैरिज एक्ट को अलग-अलग धर्म और जाति के लोगों को शादी करने देने के लिए बनाया गया है, समलैंगिक विवाह के लिए इसे निरस्त कर देना गलत होगा.

### अदालत कानून नहीं बना सकती

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत द्वारा निर्देश जारी करने के रास्ते में नहीं आ सकता. अदालत कानून नहीं बना सकती, बल्कि केवल उसकी व्याख्या कर सकती है और उसे प्रभावी बना सकती है.

### संसद तय करे विशेष विवाह एक्ट में बदलाव हो या नहीं

अगर विशेष विवाह अधिनियम को खत्म कर दिया गया, तो यह देश को आजादी से पहले के युग में ले जाएगा. विशेष विवाह अधिनियम की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है या नहीं, यह संसद को तय करना है. इस न्यायालय को विधायी क्षेत्र में प्रवेश न करने के प्रति सावधान रहना चाहिए.

### समलैंगिक समुदाय के साथ न हो भेदभाव

सीजेआई ने केंद्र व राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिकों के लिए वस्तुओं व सेवाओं तक पहुंच में कोई भेदभाव न हो व सरकार को समलैंगिक अधिकारों के बारे में जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया. सरकार समलैंगिक समुदाय के लिए हॉटलाइन बनाएगी, हिंसक जोड़ों के लिए सुरक्षित घर 'गरिमा गृह' बनाएगी व सुनिश्चित करेगी कि अंतर-लिंग वाले बच्चों को ऑपरेशन के लिए मजबूर न किया जाए.

### लोगों को जागरूक करे सरकार

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक समुदाय के लिए वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच में कोई भेदभाव न हो और सरकार को समलैंगिक अधिकारों के बारे में जनता को जागरूक करने का काम करे.

### समलैंगिक जोड़ों को कानूनी हक देने पर विचार करे सरकार

जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा, समलैंगिकता प्राचीन काल से मौजूद है. ऐसे जोडों को कानूनी अधिकार मिलना चाहिए. सरकार इसके लिए कमेटी बनाए. हालांकि, मैं इस विचार से सहमत नहीं हूं कि स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत ऐसी शादियों को मान्यता नहीं मिल सकती.

### समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने का हक देने के पक्ष में

किसी व्यक्ति को शादी करने का अधिकार उसको भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ई) देता है. सीजेआई ने कहा, यह सही है कि कुछ मामलों में साथी चुनने के अधिकार पर कानूनी रोक है. जैसे प्रतिबंधित संबंधों में शादी, लेकिन समलैंगिक तबके को भी अपने साथी के साथ रहने का अधिकार उसी तरह है, जैसे दूसरों को है.

### समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा दे सरकार

फैसला पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, अपना साथी चुनने का अधिकार सबको है. इसके साथ ही अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान के साथ जीवन एक मौलिक अधिकार है. सरकार को खुद नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए. विवाह को कानूनी दर्जा जरूरी है, लेकिन यह कोई मौलिक अधिकार नहीं है.

## सीजेआई चंद्रचूड़ के फैसले की बड़ी बातें

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड ने कहा कि समलैंगिकता एक ऐसा विषय है, जो सिर्फ शहर के उच्च तबके तक सीमित नहीं है. इस समाज के लोग हर जगह हैं. उन्होंने सरकार से इस शादी को कानूनी मान्यता देने को कहा.

सीजेआई ने बताया कि सरकार का काम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है. विवाह कानूनी दर्जे वाला है, लेकिन इसे मौलिक अधिकार नहीं कहा जाता है. उन्होंने कहा कि पिछले 200 सालों में विवाह में कई तरह के बदलाव आए हैं.

चीफ जस्टिस ने अपने फैसले में कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट को समलैंगिक विवाह के लिए निरस्त कर देना गलत है, लेकिन ये जरूरी है कि सरकार इस तरह के संबंधों को कानूनी दर्जा दे, ताकि उन्हें उनके जरूरी अधिकार मिल सकें.

सीजेआई चंद्रजूड़ ने कहा कि हर किसी को अपना साथी चुनने का अधिकार है. जिस तरह से दूसरों को ये अधिकार मिला है, ठीक वैसे ही समलैंगिक तबके को भी अपने साथी के साथ रहने का अधिकार है. ये अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार है.

फैसले में सीजेआई ने कहा कि अविवाहित जोड़े को बच्चा गोद लेने से रोकने वाला प्रावधान गलत है, जिसकी वजह से समलैंगिक जोड़े को भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है. ये अनुच्छेद 15 का हनन है.

सीजेआई ने कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि समलैंगिक जोड़ों के साथ भेदभाव नहीं किया जाए. ऐसे जोड़े के खिलाफ एफआईआर तभी दर्ज की जाए, जब शुरुआत जांच पूरी हो जाए.

पुलिस को समलैंगिक जोड़ों की मदद करनी चाहिए.

चीफ जस्टिस ने अपने फैसले में सिफारिश की कि केंद्र सरकार को एक कमेटी बनानी चाहिए, जिसका काम एक ऐसी व्यवस्था बनाना हो, जिसमें राशन कार्ड, बैंक में नॉमिनी, मेडिकल जरूरतों के लिए फैसला लेने, पेंशन जैसे लाभ समलैंगिक जोड़े को मिल सके.

## जस्टिस संजय किशन कौल ने अपने फैसले में क्या कहा

जस्टिस कौल ने अपने फैसले में कहा कि समलैंगिकता प्राचीन काल से मौजूद है. समलैंगिक जोड़ों को कानूनी अधिकार भी मिलने चाहिए. सरकार को इसके लिए एक कमेटी बनाना चाहिए. हालांकि, मैं इस विचार से सहमत नहीं हूं कि स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत ऐसी शादियों को मान्यता नहीं मिल सकती.

फैसले में जस्टिस कौल ने कहा कि वक्त आ गया है कि समलैंगिक तबके के साथ हुए ऐतिहासिक भेदभाव को दूर किया जाए. इनकी शादी को मान्यता देना भी उसमें से एक कदम हो सकता है. मगर इससे सहमत नहीं हूं कि एक कमेटी बना कर समलैंगिक जोड़ों को कानूनी अधिकार देने पर विचार करना चाहिए.

जस्टिस कौल ने कहा कि मैं चीफ जस्टिस से पूरी तरह सहमत हूं कि एक भेदभाव-विरोधी कानून की जरूरत है. यही वजह है कि मेरा मानना है कि समलैंगिकों के साथ भेदभाव के खिलाफ कानून बनना चाहिए.

फैसले में जस्टिस का कहना रहा कि भेदभाव-विरोधी कानून के लिए मेरे सुझाव इस प्रकार है कि इसे पारस्परिक भेदभाव को संबोधित करना चाहिए. समलैंगिक जोड़े को शादी के लिए मान्यता देना समानता की दिशा में पहला कदम है.

## जस्टिस एस रवींद्र भट्ट के फैसले की ये रहीं बड़ी बातें

जस्टिस भट्ट ने अपने फैसले में कहा कि मैं चीफ जस्टिस की इस बात से सहमत हूं कि शादी कोई मौलिक अधिकार नहीं है. लेकिन मैं इस बात सहमत हूं कि संबंध बनाना एक अधिकार है.

फैसले में जस्टिस भट्ट ने कहा कि हम सरकार को कानून बनाने का आदेश नहीं दे सकते हैं. हालांकि, हम यह मानते हैं कि समलैंगिकों को भी अपना साथी चुनने और उसके साथ रहने का अधिकार है.

जस्टिस भट्ट का कहना रहा कि मैं चीफ जस्टिस के इस आदेश से भी सहमत नहीं हूं कि समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने का अधिकार मिलना चाहिए. सीजेआई ने गोद लेने का अधिकार देने की वकालत की थी.

जस्टिस रवींद्र भट्ट ने ये भी कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि समलैंगिक जोड़ों के साथ कोई भेदभाव न हो. लेकिन साथ रहने को कानूनी दर्जा नहीं दिया जा सकता.

## अपने फैसले में क्या बोले जस्टिस पीएस नरसिम्हा

जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि मैं भी जस्टिस भट्ट से सहमत हूं. लेकिन मेरे फैसले में कुछ अलग बिंदु भी हैं. उन्होंने कहा कि शादी कोई मौलिक अधिकार नहीं है. अगर कोई किसी के साथ रहना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है. अपने फैसले में जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मैं जस्टिस भट्ट की इस बात से सहमत हूं कि समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने का अधिकार नहीं मिल सकता. उन्होंने कहा कि विवाह करने का कोई अयोग्य अधिकार नहीं है. जस्टिस हिमा कोहली ने भी जस्टिस भट्ट के साथ सहमति जताई.

## फैसले की 5 प्रमुख बातें क्या हैं

1. सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है. इसका कहना है कि ये काम सरकार का है.
2. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार एक कमेटी बना सकती है, जो समलैंगिक जोड़े से जुड़ी चिंताओं का समाधान करेगी और उनके अधिकार सुनिश्चित करेगी.
3. पांच जजों की पीठ ने बहुमत से ये फैसला दिया है कि समलैंगिक जोड़े को बच्चे को गोद लेने का अधिकार नहीं दिया जा सकता है.
4. सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं देने के लिए विशेष विवाह अधिनियम और विदेशी विवाह अधिनियम को रद्द करने से इनकार कर दिया.
5. सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि विपरीत लिंग वाले नागरिक से ट्रांसजेंडर नागरिक को मौजूदा कानूनों के तहत शादी करने का अधिकार है, यानी एक समलैंगिक लड़का एक लड़की से शादी कर सकता है.



# शिक्षा के बिना जीवन अधूराः अन्नपूर्णा

संवाददाता। गिरिडीह





जिले के सुग्गासार में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय के भवन का बुधवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, जमुआ विधायक केदार हाजरा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया. इस दौरान केंद्रीय विद्यालय में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया. जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं. उनका यह सपना है कि देश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जाए ताकि हमारे बच्चे आगे चलकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रौशन कर सके. उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मानव का जीवन अधूरा है. शिक्षा ही एक ऐसी चीज है जिसके जरिए लोग अपने देश का विकास कर सकते हैं.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- भारतीय कथाओं के अनुसार धूम्रवर्ण किसका अवतार है – गणेश
- कल्हण की राजतरंगिणी की रचना कौन सी शताब्दी में हुई – 12वीं
- महायान बौद्ध पंथ के अनुसार, कौन से भविष्य के बुध्द हैं – मैत्रेय
- प्रिन्सिपिया नामक पुस्तक के लेखक कौन थे – न्यूटन
- इसरो का दूसरा स्पेसपोर्ट किस राज्य में स्थापित होगा – तमिलनाडु
- किस राज्य में रोजगार प्रयाग पोर्टल लॉन्च किया गया – उत्तराखंड
- प्रसिद्ध नाटक 'शकुंतला' किसने लिखी थी – महाकवि कालिदास
- भारत में सबसे पहली रेलगाड़ी कब चली थी – 1853
- मनुष्य के जीवन काल मे कितने दात दो बार विकसित होते हैं – 20
- गोवा को पुर्तगालियों से कब आजाद करवाया गया – 1964

## ब्रीफ खबरें

### बीडीओ ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**नीलांबर पीतांबरपुर ।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरुकता रथ को प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू ने प्रखंड कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रथ प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा. रथ रवानगी में अजय कुमार, सरयू राम अनिल कुमार निशा सिंह आदि लोग उपस्थित थे.

### विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

**तांतनगर।** विधायक निरल पूर्ति ने मंगलवार को मंझारी प्रखंड अतंर्गत पुटीसिया चौक से ओडिशा सीमावर्ती बड़ा लगड़ा तक करीबन 10 किमी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया है. शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण होने से झारखंड के मंझारी प्रखंड क्षेत्र से उड़ीसा रायरंगपुर की दूरी कम होगी. इस सड़क निर्माण का क्षेत्र के लोग पिछले 20 साल से मांग कर रहे थे. मझगांव विधानसभा क्षेत्र के ओडिशा को जोड़ने वाली सभी सीमावर्ती सड़कों का मजबूती करण किया जा रहा है. इस अवसर पर प्रमुख सुशीला बारी, चन्द्र मोहन बिरूआ, लाला राउत, दयमंती बिरूवा, कैरा सोय, दशरथ रवि दास, राजकुमार प्रधान और विनिता मौजूद थे.

### झारखंड सेवा के 21 पदाधिकारियों का तबादला

**रांची ।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 21 पदाधिकारियों को इधर से उधर किया गया है. इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. कोडरमा के सतगावां बीडीओ वैद्यनाथ उरांव को एसडीओ गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया गया है. वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शीलवंत कुमार भट्ट को रामगढ़ एसडीओ बनाया गया है. गिरिजा शंकर महतो को चांडिल एसडीओ बनाया गया है.

### संघर्ष समिति ने प्राचार्य को सौंपा मांगपत्र

**चांडिल।** सिंहभूम कॉजेल चांडिल में इतिहास और अंग्रेजी विषय पर स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू करने की मांग पर मंगलवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने प्राचार्य को मांग पत्र सौंपा. इसके पूर्व समिति का एक प्रतिनिधिमंडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैवर्त से मिलकर शिक्षा में बेहतर परिणाम को लेकर चर्चा किया. प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र महाविद्यालय सिंहभूम कॉलेज चांडिल में सभी विषयों पर उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं रहना क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यजनक है.

### त्योहारी सीजन में भी सड़कों पर अंधेरा, अधिकारियों के प्रति लोग नाराज

# डीसी साहब... कैसे घूमेंगे मेला

संवाददाता। धनबाद



त्योहारी सीजन में भी जिम्मेवार विभाग के अधिकारियों ने झरिया से जामाडोबा तक कि सड़कों की स्ट्रीट लाइट दुरुस्त नही की. जबकि धनबाद उपायुक्त ने बैठक कर निगम के अधिकारियों को पूजा से पहले शहर की स्ट्रीट लाइट को मरम्मत करने का निर्देश दिया था. निगम की इस लापरवाही कारण झरिया के लक्ष्मीनियाँ मोड़ , इंदिरा चौक बनियाहिर , भागा , लोदना , और फुसबंगला से जामाडोबा डुमरी 2 नम्बर तक के सड़को पर अंधेरा छाया हुआ है . जिससे यहां के लोगो में निगम के अधिकारियों के प्रति काफी नाराजगी है .



**लाइट की स्थिति**

झरिया के कतरास मोड़ से लक्ष्मीनियाँ मोड़ तक 39 स्ट्रीट लाइट में 13 खराब , झरिया चार नंबर स्टैंड से इंदिरा चौक 18 में 10 खराब ,इंदिरा चौक से बनियाहिर 26 में 13 खराब, बनियाहिर हनुमान गढ़ी से भागा पेट्रोल पम्प 10 में 6 खराब, भागा पेट्रोल पम्प से लोदना मोड़ 39 में 29 खराब, लोदना मोड़ से फूसबंगला 16 में 14 खराब और फुसबंगला से जामाडोबा में निगम द्वारा अभी तक लाइट ही नहीं लगाई गई है .

### क्या कहते हैं झरियावासी



झरिया के समाजसेवी अखलाख अहमद ने कहा कि झरिया शहर की ज्यादातर स्ट्रीट लाइट निगम की लापरवाही के कारण हमेशा बंद ही रहती है . जिसके कारण सड़को पर आयेदिन दुर्घटना होती रहती है .अफसोश की बात तो यह है कि निगम के अधिकारियों ने नवरात्र में भी झरिया की स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करना मुनासिब नही समझा .



जामाडोबा के शिधेश्वर गुप्ता ने कहा कि यहां तो निगम ने स्ट्रीट लाइट लगाया ही नही है . जिसके कारण बाजार करने में लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है . कई बार तो अंधेरे का फायदा उठा कर बाइक सवार अपराधीयों ने छिनतई जैसी घटना को भी अंजाम दिया है . बावजूद इसके आज तक सड़को पर अंधेरा कायम है .



फुसबंगला निवासी प्रकाश ने कहा कि झरिया ही नही धनबाद शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं है जहां सभी लाइट जल रही हो लेकिन शहर में जगह-जगह अंधेरे का राज जरूर दिखाता है .इसका जवाब कौन देगा पता नही .

### तीसरे दिन सुंदरनगर पहुंची मानकी मुंडा पदयात्रा

**जमशेदपुर ।** मानकी मुंडा संघ की ओर से आयोजित मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा तीसरे दिन मंगलवार शाम को सुंदरनगर पहुंची. नान्दुप फुटबॉल मैदान पहुंचने पर पद यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया. सात सूत्री मांगों को लेकर चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति कर रहे है. पदयात्रा 15 अक्टूबर को बहरागोड़ा से शुरू हुई थी, जो 18 अक्टूबर (बुधवार) को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर पदयात्रा समाप्त होगी. इस पदयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल है. बुधवार को पदयात्रा सुंदरनगर से जिला मुख्यालय के लिए रवाना होगी, जहां पहुंचकर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपायुक्त को सरकार के नाम सात सूत्री मांग पत्र सौंपेंगे.

# एक सहायक के भरोसे है सौ करोड़ की योजना

संवाददाता | किरीबुरु

एक सहायक के भरोसे करोड़ों की योजना एनआरईपी को दिए जाने की चर्चा जोरों पर है. विशेष प्रमंडल के कैशियर बीटी सिंह के जैसा हाल एनआरईपी के सहायक का है. सौ करोड़ की योजना किसके भरोसे जिला प्रशासन ने दी है! सौ करोड़ की योजना के अनुपात पर सहायकों की संख्या बल नहीं के बराबर है.

समय पर कार्य का संचालन नहीं होने के कारण ठेकेदार परेशान हो रहे हैं. दिलीप हेम्ब्रम, एनआरईपी में दो साल से सहायक के पद पर कार्यरत हैं. विभाग द्वारा सुभाष सिंह को कार्यपालक अभियंता के पद पर पदस्थापित किया है. उल्लेखनीय है कि उक्त विभाग में चर्चा जोरों पर है कि एक सहायक के भरोसे सौ करोड़ की कार्य योजना एनआरईपी को कैसे दी गई है. यह बात तकनीकी विभागों में चर्चा का विषय बना हुआ है. अचानक जिला प्रशासन क्यों एनआरईपी पर मेहरबान हो गया है. सौ करोड़ की योजना पूरी करने के लिए लेखा पदाधिकारी, लेखापाल, रोकड़पाल, प्रधान सहायक, तीन सहायक की आवश्यकता होती है.

सौ करोड़ की योजना में अन्य एजेन्सी की तुलना में स्वीकृत पदों का सृजन किया जाना आवश्यक है. समय पर निविदा आमंत्रित किया जाना, समय पर निविदा निष्पादन करना, समय पर ठेकेदारों को भुगतान करना, समय पर जिला को प्रगति प्रतिवेदन भेजना, योजना की राशि की मांग जिला से समय पर करना वर्तमान व्यवस्था में संभव नहीं लगता है.

# परिजनों को मिली प्रीमियम पॉलिसी

संवाददाता। केरेडारी



केरेडारी के 133 परियोजना प्रभावित परिवार के सदस्यों को 7.5 करोड़ की प्रीमियम वार्षिक पॉलिसी कराई गई. वार्षिक वृत्त पॉलिसी कार्यक्रम परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब एवं केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. इस अवसर पर उपस्थित परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब ने कहा कि रैयतों, स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों व प्रशासन ने केरेडारी परियोजना के निर्माण के लिए जिस प्रकार का सहयोग दिया है, वह आगे भी मिलता रहेगा.

किसी भी परियोजना की स्थापना में स्थानीय हितधारकों का योगदान महत्वपूर्ण होता है. इस अवसर पर महाप्रबंधक शिव प्रसाद ने कहा कि परियोजना का निर्माण समय सीमा में करने के लिए भू-विस्थापितों के हितों का ध्यान रखना परियोजना की प्राथमिकता में आता है. उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं में भू-विस्थापित परिवार की कुल अधिग्रहित रैयती भूमि का भुगतान प्राप्त कर लेने की स्थिति में वार्षिक वृत्ति पॉलिसी सौंपी जाती है. इसमें एक एकड़ या अधिक अधिग्रहित रैयती भूमि के लिए 36,000 रुपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष 30 साल तक दिए जाएंगे. इस राशि में प्रति दो वर्ष में 1000 रुपए की बढ़ोतरी की जाएगी. अगर किसी रैयत की एक एकड़ से कम भूमि के अधिग्रहण की स्थति में 30,000 रुपए प्रतिवर्ष 30 साल के लिए दिए जाएंगे. इसमें प्रति दो वर्ष में 750 रुपए की बढ़ोतरी की जाएगी. इस समारोह में पांडू मुखिया सकिबा खातून एवं पंचायत समिति सदस्य खतिजा खातून में सराहनीय भूमिका निभाई.

### एलबीएसएम कॉलेज ने इंटर फुटबॉल टूर्नामेंट में रच दिया इतिहास

# बॉयज व गर्ल्स ट्राफी पर जमाया कब्जा

संवाददाता | जमशेदपुर



चाईबासा स्थित टाटा कॉलेज की मेजबानी में आयोजित कोल्हान विश्वविद्यालय इंटर फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को एक नया इतिहास दर्ज हुआ. यह इतिहास जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज के नाम रहा. इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था. आज फाइनल मुकाबला हुआ. दोनों ही वर्ग में एलबीएसएम कॉलेज और पीजी सेंटर की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया. सुबह 10:00 बजे एलबीएसएम कॉलेज की छात्राओं की टीम ने मैच खेलते हुए दो-एक की बढ़त हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया.

वहीं दोपहर 2:00 बजे से आरंभ छात्रों की टीम ने भी बढ़त हासिल कर ट्रॉफी कॉलेज के नाम कर लिया. इस वर्ष के पुरुष और महिला दोनों ही फुटबॉल ट्रॉफी पर कब्जा कर एलबीएसएम कॉलेज ने इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में इतिहास रच दिया है. ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रिलायंस कप में एलबीएसएम कॉलेज ने दोनों वर्ग में कब्जा जमाया था. विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार एवं एवं सांसद गीता कोड़ा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पुरस्कार प्रदान किए. इस अवसर पर कुलपति मनोज कुमार, सांसद गीता कोड़ा, कुलसचिव प्रो जयंत शेखर, डीएसडब्ल्यू, डॉ एस सी दास, खेल प्रभारी डॉ मनमत नारायण सिंह, प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा, खेल प्रभारी प्रो अरविंद प्रसाद पंडित, डॉ विनय कुमार गुप्ता, बाबूराम सोरेन, संजीव मुर्मू, कोच अमिरसन सुंडी, साहिल हेंब्रम, सरस्वती, खुदीराम समेत सभी टीमों के खिलाड़ी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे.

**मिली कामयाबी**

- इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था
- छात्राओं की टीम ने 2-1 से मुकाबला जीत लिया

### सेलकर्मियों के बोनस पर हुई बैठक बेनतीजा

**किरीबुरु ।** एनजेसीएस में बोनस को लेकर सेल प्रबंधन एवं ट्रेड यूनियन के बीच 17 अक्टूबर को हुई बैठक बेनतीजा रही. बोनस को लेकर कोई फैसला अथवा नतीजा नहीं निकलने से सेलकर्मियों में प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है. मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक मीटिंग का दौर चलता रहा, लेकिन बोनस की राशि तय नहीं की जा सकी. सेल प्रबंधन ने 22579 रुपए से अधिक देने से इंकार कर दिया है. वहीं, एनजेसीएस यूनियन के नेता 40 हजार 500 रुपए से अधिक की मांग करते रहे. दिनभर मीटिंग होने के बाद भी बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सका. यूनियन नेताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि कर्मचारियों के गुस्से को भड़काने में प्रबंधन की नीति ही बड़ी भूमिका निभा रही है. एनजेसीएस सदस्य ट्रेड यूनियन के नेताओं ने बताया कि प्रबंधन से साथ वार्ता विफल रही है. कुछ भी फैसला नहीं हुआ. मीटिंग से सभी लोग उठ गए हैं. बैठक में एनजेसीएस के एटक और इंटक, बीएमएस के पदाधिकारी मौजूद थे.

# आरआर पॉलिसी से अवगत नहीं करा रही है एनटीपीसी

सुनील कुमार

**ग्रामीण नाराज**

- परियोजना शुरू करने की कागजी प्रक्रिया जोरों पर है
- डीवीसी ने अपनी नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया था

**लातेहार।** बनहरदी कोयला उत्खनन परियोजना प्रारंभ करने के लिए कागजी प्रक्रिया जोरों पर है. लेकिन एनटीपीसी के द्वारा विस्थापित रैयतों के लिए बनाई गई पुनर्वास एवं विस्थापन नीति को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है. प्रभावितों का कहना है कि दामोदर वैली कॉरपोरेशन ने काम प्रारंभ करने के पूर्व अपनी सारी नीतियों से प्रभावित गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर लोगों को अवगत कराया था, लेकिन एनटीपीसी सिर्फ महंगे रेस्तराओं, बंद कमरों और सर्किट हाउस में बैठकर ही उन्हें लुभाने का काम कर रही है.

बताया जाता है कि कुछ वैसे लोगों की टीम एनटीपीसी ने तैयार किया है जो विस्थापित रैयतों को डरा कर, धमका कर जमीन देने को विवश कर सकें. हालांकि इस संदर्भ में एनटीपीसी के अधिकारियों का कहना है कि हमारी संस्था इस तरह की कोई अवैधानिक कार्य नहीं करती है. क्षेत्र में चर्चा है कि एनटीपीसी की ज्वाइंट वेंचर पीवीयूएनएल एवं जेबीवीएनएल भी चाटुकारों से घिरी हुई है. ज्वाइंट वेंचर के किसी भी कर्मियों को क्षेत्र में नहीं देखा जा रहा है. वे सिर्फ शहरों एवं सरकारी कार्यालयों तक ही सीमित हैं. जनता एवं जनप्रतिनिधियों से उनका लगाव नहीं के बराबर है. ग्रामीणों का कहना है कि यही रवैया रहा तो कंपनी को किसी सूरत में जमीन नहीं देंगे, चाहे इसके लिए उन्हें जान क्यों न देनी पड़े. वे अपनी जमीन खेती के लिए बचा कर रखेंगे.

### मझगांव विधानसभा को बनाना है शिक्षा का हब : निरल पूर्ति

**मझगांव।** मझगांव प्रखंड के मरीज को अब दूसरे राज्य में इलाज के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ेगा. वहीं प्रखंड कर्मियों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी. अब मझगांव को शिक्षा का हब बनाना है. यह बातें मझगांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय और अस्पताल भवन का भूमि पूजन करते हुए मझगांव विधायक निरल पूर्ति ने कहीं. उन्होंने कहा कि वर्षों से आम जनता की मांग थी कि मझगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाए. इसके लिए काफी प्रयास किये. इसके बाद ही इसे आज अंजाम तक पहुंचा जा सके हैं. इसी प्रकार मझगांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का भी भूमि पूजन किया गया. इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रखंड के पदाधिकारी और कर्मियों को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी. मझगांव में वर्तमान समय में डिग्री कॉलेज, फार्मासिस्ट कॉलेज, एकलव्य विद्यालय स्थापित हो चुके हैं. मौके पर प्रखंड प्रमुख सरस्वती चातार व जिप सदस्य पूनम मौजूद थे.

**परेशानी** कसमार के रघुनाथपुर में उच्च विद्यालय तक पहुंचने के लिए लगातार रास्ते की मांग की जा रही है

# बच्चों ने किया जल सत्याग्रह, स्कूल तक रास्ता निर्माण की मांग

संवाददाता। बोकारो



**किया विरोध**

- कीचड़ में गिरने से बच्चों के कपड़े गंदे हो जाते हैं
- स्थानीय प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती रघुनाथपुर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय तक पहुंचने के लिए रास्ते की मांग लगातार की जा रही है. कई साल से प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर स्थानीय सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों से विद्यालय प्रबंधन ने मांग की. अब विद्यालय के बाल संसद एवं यूको क्लब के बच्चों ने रास्ता बनाने के लिए जल सत्याग्रह शुरू कर दिया है. बाल संसद के बच्चों का कहना है कि किसी भी हाल में अब रास्ता हम बच्चे ही बनाएंगे. इसके लिए हर रोज कुछ देर के लिए जल सत्याग्रह कर स्थानीय प्रशासन से लेकर विभाग की अनदेखी की जानकारी सभी को देंगे. बाल संसद के बच्चों ने बैंक अकाउंट भी जारी किया है, जिसके माध्यम से हर आम से खास लोगों से चंदा व सहयोग राशि भेजने का आग्रह किया है.

इसमें बच्चे सांसद, विधायक, डीसी, डीडीसी, एसडीओ, बीडीओ, सीओ से लेकर जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य व गणमान्य लोगों से सहयोग की अपील करेंगे. बच्चों का कहना है कि बाल संसद ने निर्णय लिया है कि विद्यालय तक आने के लिए अब हर हाल में रास्ता बनायेंगे क्योंकि तालाब एवं खेतों के मध्य कीचड़ वाले रास्ते से विद्यालय आने में हम विद्यार्थियों का प्रतिदिन गिरकर पैर- हाथ टूट जाता है. कीचड़ में गिरने से कपड़े गंदे हो जाते हैं. हम गरीब विद्यार्थी मुश्किल से कपड़े खरीदकर पहन पाते हैं. विभाग या सरकार को सड़क बनाने के लिए कितनी बार आवेदन दिए गए पर केवल आश्वासन ही मिला.

### तालाब की मेढ़ पर बन सकता है रास्ता

रघुनाथपुर में स्कूल के पीछे एक सरकारी विशाल तालाब है, जिसकी मेढ़ सरकारी गैर-मजरूआ जमीन पर है . इसी जमीन पर रास्ता बनाने का निर्णय बाल संसद ने लिया है . उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर बोकारो जिले का एकमात्र ऐसा स्कूल है जो स्वच्छता के नाम पर राज्य स्तर से पुरस्कार प्राप्त किया . इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर नॉमिनेशन हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य है कि रास्ता के अभाव के कारण राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीतने से वंचित हो गया . राज्य स्तर पर दो-दो बार स्वच्छता का पुरस्कार इस विद्यालय ने जीता है . राज्य स्तर की टीम इस विद्यालय के भ्रमण एवं निरीक्षण के बाद काफी तारीफ कर चुके हैं .

## पेज एक का शेष

### गार्ड रूम का भी कर दिया सौदा ...

दुकान बेचने या आवंटित करने का काम पंडरा बाजार समिति का है. लेकिन व्यापारी बाजार समिति के अफसरों के साथ मिलकर करोड़ों में दुकानों का सौदा कर रहे हैं. पिछले कुछ माह में 37 दुकानों का सौदा करोड़ों में हुआ है. करोड़ों के इस सौदे का फायदा अफसर उठा रहे हैं. सिर्फ दुकानों के सौदे की सहमित देकर अफसर मालामाल हो रहे हैं.

**जानिए कैसे हो रहा है दुकानों का सौदा :** पंडरा बाजार समिति की दुकानों का सौदा कोई व्यापारी अपने स्तर से नहीं कर सकता है. बाजार समिति कैंपस की दुकानों को सिर्फ और सिर्फ बाजार समिति के माध्यम से ही बेचने का नियम है. जिस व्यापारी को अपने नाम से आवंटित दुकान हटानी है, तो उसे दुकान को समिति के पास सरेंडर करना होता है. सरेंडर दुकान को विज्ञापन के माध्यम से आवंटित किया जाता है. मगर पंडरा के अफसर अवैध कमाई के लिए सरकारी नियमों को दरकिनार कर दिया है. जिस व्यापारी को दुकान बेचना होती है, वह खरीदार के साथ एक समझौता पत्र तैयार करता है. पार्टनरशिप से संबंधित कागजात तैयार होता है. दुकान खरीदने वाले को 80 प्रतिशत और बेचने वाले को 20 प्रतिशत का हिस्सेदार बताया जाता है. इसके बाद कम प्रतिशत का हिस्सेदार दुकानदार समझौता पत्र के माध्यम से बाजार समिति को अवगत कराते हुए बड़े शेयर होल्डर को दुकान समर्पित करने की बात कहता है. और इसके लिए बाजार समिति से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) हासिल करता है. एनओसी लेने के बाद दुकान समझौता पत्र के अनुसार बड़े शेयर होल्डर का हो जाता है.

**अफसर एनओसी के नाम पर कर रहे वसूली :** यहां बता दें कि जिन दुकानों का अवैध सौदा समझौता पत्र के आधार पर हुआ है, उनमें से एक भी खरीदार (बड़ा शेयर होल्डर) ने अपने पार्टनर के साथ किसी तरह का व्यापार नहीं किया है. बाजार समिति के अफसरों को भी यह पता है. लेकिन अफसर खमोश रहते हुए एनओसी प्रदान करने के लिए लाखों की वसूली कर रहे हैं. जिन 37 दुकानों का सौदा समझौता पत्र के माध्यम से हुआ है, उसकी जांच हो जाए, तो पता चलेगा कि ज्यादातर दुकान लेनेवालों ने कभी पंडरा में करोबार ही नहीं किया है.

**सरकारी दुकानों की बनावट में बिना अनुमति कर रहे परिवर्तन :** बाजार समिति कैंपस में कई ऐसी दुकानें भी हैं, जिसकी बनावट में बिना किसी अनुमति के ही बदलाव कर दिया गया है. ऐसी दुकानें भी बाजार समिति के अफसरों के लिए कमाई का जरिया बन गयी हैं. अफसर दुकानों की बनावट में बदलाव करने के एवज में भी अवैध वसूली कर रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल, भर्ती

**जमुई ।** जमुई में किउल-जसीडीह रेलखंड के रानीकुरा रेलवे फाटक के पास टाटा छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया है. जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है. घायल युवक की पहचान छपरा जिला निवासी भरत यादव के 24 वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह किउल-जसीडीह रेलखंड के रानीकुरा रेलवे फाटक से महज 100 मीटर की दूरी पर गिरा हुआ था.

### ओसामा को राजस्थान में मिली जमानत

**कोटा ।** कोटा के रामगंज मंडी थाने की पुलिस ने बाहुबली सांसद रहे शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब और उसके दो साथियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया. रामगंज मंडी कोर्ट ने धारा 151 में तो उन्हें छोड़ दिया लेकिन तत्काल बिहार पुलिस ने कोर्ट परिसर से फिर गिरफ्तार कर लिया. तीनों आरोपियों को सोमवार को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. ये तीनों युवक संदिग्ध लग रहे थे तो रामगंज मंडी थाने की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर हुसैनगंज थाने में सूचना दी. इसके बाद पुलिस कोटा पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया.

### माफियाओं से वसूला डेढ़ करोड़ का जुर्माना

**सारण ।** छपरा जिले में अवैध बालू लदे ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ सारण परिवहन विभाग का छापेमारी अभियान लगातार जारी है. बालू माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सैकड़ों वाहनों को जब्त किया और करोड़ों का जुर्माना वसूला. जिले में बालू माफियाओं का आतंक काफी है. इसको रोकने के लिए जिला प्रशासन भी लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है. इस बार चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में ढ़ाई सौ गाड़ियों को जब्त कर उनसे डेढ़ करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया, जिससे राजस्व को काफी लाभ हुआ है.

## 150 वर्ष पुराने मंदिर में 1001 कलश की होती है पूजा

**पूर्वी चंपारण ।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के मीना बाजार स्थित 150 वर्ष पुराने मंदिर में 1001 कलश स्थापित कर माता दुर्गा की आराधना की जा रही है. दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहां पहुंचकर कलश पूजा और माता भगवती की आराधना कर रहे है. उल्लेखनीय है कि शहर के अति पुराने इस मंदिर का निर्माण मीना बाजार के व्यवसायियों ने कराया था, जहां पुजारी के रूप में रहकर एक दानी बाबा भगवान की पूजा अर्चना करते थे. इस मंदिर में लगभग 45 देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित है . इस मंदिर में लगभग 30 वर्षों से कलश स्थापना की परंपरा चल रही है. पूजा व्यवस्था मंदिर प्रबंधन के लोगों ने बताया कि मंदिर के शुरूआती समय में मंदिर की व्यवस्था उतना सुदृढ़ नहीं था. ऐसे में मोतिहारी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मलकौनिया गांव निवासी केदारनाथ सिंह ने मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया.


मोतिहारी मीनाबाजार : 30 वर्ष पहले से चल रही कलश स्थापना की परंपरा

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

**दो धर्मों की जन्मस्थली :** बिहार दुनिया के दो सबसे बड़े धर्मों बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उद्गम स्थल है. विश्व का सबसे पुराना विश्वविद्यालय : बख्तियार खिलजी की सेना द्वारा नालंदा पुस्तकालय में आग लगा दी गई थी. ऐसा माना जाता है कि पुस्तकालय में 9 मिलियन पांडुलिपियाँ थीं और उन्हें जलने में पूरे 3 महीने लगे.

**बिहार का सबसे स्वच्छ शहर बना मुजफ्फरपुर :** सपने देखने मात्र से कुछ नहीं होता. उसे साकार करने के लिए धरातल पर कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. एक तरह से कहा जाए तो जो सोता है वह खोता है और जो जगता है वह पाता. ताजा मामला स्वच्छ एंव सुदं शहर को लेकर आया है. बताया जा रहा है कि राजधानी पटना, भागलपुर और गया को पीछे छोड़ते हुए मुजफ्फरपुर बिहार का सबसे सुंदर और स्वच्छ शहर बन गया है.

**मधुबनी देश का दूसरा सबसे सुंदर रेलवे स्टेशन :** नेपाल बॉर्डर से सटा बिहार का मधुबनी जिला जो अपनी मधुरवाणी के साथ ही मधुबनी पेंटिंग्स के लिए भी विश्व भर में प्रसिद्ध है. यहां के रेलवे स्टेशन की दीवारें भी खूबसूरत मधुबनी पेंटिंग्स की चटख रंगों से दमक रही हैं.

### दरभंगा जिले के मकसुदपुर गांव की है घटना

# जहरीली शराब से फिर 3 की मौत, गांव में मचा कोहराम

संवाददाता । दरभंगा

बिहार में जहरीली शराब ने फिर तीन लोगों की जान ले ली. हालांकि पुलिस फिलहाल इससे इनकार कर रही है. घटना दरभंगा जिले के हायाघाट थाना क्षेत्र के मकसुदपुर गांव की है. बताया गया कि पांच लोगों ने कथित रूप से जहरीली शराब पी थी. इनमें से दो दिन में तीन लोगों की मौत हो गयी.

मंगलवार को इलाज के दौरान डीएमसीएच में इलाज करवा रहे एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया. उसका नाम लालटून सहनी बताया जा रहा है. इससे पहले रविवार को भुखल सहनी और संतोष कुमार दास की मौत हो गई थी. वहीं, दो और लोग समस्तीपुर में इलाज करवा रहे हैं, जिसमें एक की स्थिति नाजुक होने पर डीएमसीएच लाया गया है.

**पुलिस मामले की जांच कर रही है :** मृतक के परिजन आरोप लगा रहे हैं कि इनकी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है. मृतक लालटून सहनी की बेटी पिता की मौत का कारण जहरीली शराब बता रही है.



वहीं, पुलिस के शराब से मौत नहीं होने की बात पर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कह रही है कि सभी की मिलीभगत से शराब की बिक्री होती है.

वहीं, हायाघाट थानेदार संजय सिंह ने कहा है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि बिहार में वर्ष 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है. शराब पीने और बेचने की सख्त मनाही है. बावजूद इसके न तो शराब पीने वाले सुधरने का नाम ले रहे हैं और ना ही इसे बेचने वाले अपनी हरकतों से बाज आ रहे हैं. वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने बताया कि जिन दो लोगों की मौत हुई है, उनके शवों को जला दिया गया है. मौत के कारणों के बारे अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है. हालांकि, मौत के पीछे शराब पीने की बात सामने आ रही है.

**खास बातें**

- सूत्रों के अनुसार पांच लोगों ने जहरीली शराब पी थी
- दो लोगों का इलाज समस्तीपुर में हो रहा है

### दो नाव टकरा कर गंगा नदी में डूबी, 11 बचे, एक लापता, खोजबीन जारी

संवाददाता । पटना

मनेर के भैरवा स्थान गंगा घाट के पास गंगा नदी में दो नाव आपस में टकराकर डूब गयी. नाव पर करीब 12 लोग सवार थे, जिसमें से 11 लोगों तैरकर अपनी जान बचाई. एक व्यक्ति अब भी लापता है. जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर राहत बचाव कार्य में जुट गयी है. हालांकि अब तक लापता व्यक्ति का पता नहीं चल पाया है. बताया जाता है कि सोमवार की देर रात अचानक आई तेज आंधी-तूफान के दौरान पटना के मनेर इलाके में गंगा नदी के बीच दो नाव आपस में टकराकर डूब गयी. इस घटना में मनीष कुमार नाम के व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं. जानकारी के अनुसार दोनों नाव नदी से बालू उठाव का काम कर रहे थे. इसी दौरान मौसम बिगड़ने के बाद यह हादसा हुआ है.

## सीएम नीतीश कुमार पैदल पहुंचे सचिवालय

संवाददाता । पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को पांव पैदल ही अपने आवास से सचिवालय पहुंचे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल पर फिर से प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि वे महिला आरक्षण के शुरू से ही समर्थक रहे हैं. उन्होंने केंद्र से अनुरोध किया कि इसमें एससी-एसटी, पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं का विशेष प्रावधान होना चाहिए. सीएम ने अपनी उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि बिहार पहले ही पंचायतों और शिक्षक नियुक्ति में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दे चुका है. इससे पहले जब



सीएम अपने आवास से पैदल ही निकले तो सुरक्षा में लगे लोगों के बीच कोतुहल का माहौल बन गया. राजधानी पटना में बीती रात तेज आंधी-तूफ़ान के साथ झमाझम बारिश हुई है. ऐसे में कई जगहों पर पेड़ गिर गए हैं. इसी आंधी-तूफान में मुख्यमंत्री आवास से निकल सचिवालय जाने वाले रास्ते में भी बहुत से जगहों पर पेड़ गिर गए हैं. सुबह होने के बावजूद वन विभाग के तरफ से इन पेड़ को रास्ते से नहीं हटाया गया. इस बीच सुबह-सुबह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब सचिवालय जाने लगे तो उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी.

### जदयू नेत्री शोभा की जमीन पर कब्जे का मामला

## पूर्व विधायक सहित सात पर हत्या के प्रयास की प्राथमिकी

**नवादा ।** नवादा जिले के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनिल सिंह सहित सात लोगों पर हिसुआ थाने में हत्या का प्रयास के साथ ही सोने का चैन तथा 6 लाख रुपये मूल्य का बांस उठा कर ले जाने जैसे मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है. हिसुआ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जदयू नेत्री वार्ड पार्षद शोभा देवी के भतीजे शशि शेखर कुमार के हिसुआ थाने में लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. प्राथमिकी में कहा गया है कि हिसुआ के राजगीर रोड में 1962 के केवाला से शोभा देवी के पति चीना पटेल तथा शशि शेखर के पिता के नाम से जमीन की खरीदारी की गई थी. लेकिन पूर्व विधायक अनिल सिंह ने इस जमीन को लिखवा लेने का दावा करते हुए जेसीबी मशीन लाकर बनी हुई दुकानों को ध्वस्त कर दिया.

### शिक्षक परीक्षा का रिजल्ट हुआ जारी

**पटना ।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है. उच्च माध्यमिक (11वीं और 12वीं कक्षा) के लिए हिंदी विषय के शिक्षकों का रिजल्ट जारी किया है जिसमें 525 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है. परीक्षा में शामिल उम्मीदवार इसे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं. बिहार लोग सेवा आयोग ने फिलहाल हिन्दी विषय से परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के रिजल्ट जारी की है.

## कारोबार

### बजाज फाइनेंस 26% हिस्सेदारी करेगा हासिल

**नयी दिल्ली ।** बजाज फाइनेंस 267.50 करोड़ रुपये में पेनांट टेक्नोलॉजीज में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की योजना बना रही है. कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन की शाखा बजाज फाइनेंस ने कहा कि कंपनी ने 16 अक्टूबर 2023 को पेनांट टेक्नोलॉजीज में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए पक्का करार किया. बजाज फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस रणनीतिक निवेश का मकसद कंपनी की प्रौद्योगिकी रूपरेखा को मजबूत करना है.

### टाटा मेटालिक्स का मुनाफा 44 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली ।** टाटा मेटालिक्स लिमिटेड का 30 सितंबर, 2023 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 44.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी. एक साल पहले जुलाई-सितंबर में कंपनी ने 14.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. कंपनी ने बताया कि खर्च घटने से उसका मुनाफा बढ़ा है. समीक्षाधीन अवधि में टाटा मेटालिक्स की कुल आय सालाना आधार पर 881.77 करोड़ रुपये से घटकर 758.05 करोड़ रुपये रह गई.

### करूर वैश्य बैंक का लाभ 378.45 करोड़

**चेन्नई ।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक (केवीबी) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 378.45 करोड़ रुपये रहा. तमिलनाडु स्थित बैंक का पिछले वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध मुनाफा 250.23 करोड़ रुपये रहा था. चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में बैंक का शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा, पिछले वर्ष समान अवधि में यह 479 करोड़ रुपये रहा था. समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 2,335.97 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,821.05 करोड़ रुपये थी.

### बैंक ऑफ बड़ौदा के अर्थशास्त्रियों ने जारी की है स्टडी रिपोर्ट

# भारत के जीडीपी को मिलेगा फायदा

एजेंसी । नई दिल्ली

देश में जब खेल की बात होती है तो क्रिकेट सबसे आगे होता है. यही वजह है व्यवसायिक दृष्टिकोण से इसकी महत्ता अधिक होती है. इसलिए आयोजक से लेकर प्रायोजक सबकी इस पर नजर रहती है. इस बार तो देश में क्रिकेट का विश्व कप हो रहा है. इसलिए इसकी आर्थिक महत्ता और बढ़ जाती है. इस पर बैंक ऑफ बड़ौदा के अर्थशास्त्रियों ने एक स्टडी रिपोर्ट जारी की है. जिसमें इस विराट आयोजन से भारत के जीडीपी को जबरदस्त बूस्ट मिलने की उम्मीद जताई है. इसकी झलक दिखनी शुरु भी हो गई है.

इसमें अनुमान लगाया है कि क्रिकेट विश्व कप 2023 की मेजबानी से भारत की जीडीपी को करीब 220 अरब यानी 22,000 करोड़ का बूस्ट मिलने की उम्मीद है. क्रिकेट विश्वकप की 12 साल बाद भारत में वापसी हुई है. वहीं, यह पहला मौका है जब भारत अकेले विश्वकप की मेजबानी कर रहा है. विश्वकप जहां खेल प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है, वहीं,




**सरकार को राजस्व का बड़ा फायदा होगा**

अर्थशास्त्रियों का यह कहना है कि टूर्नामेंट की कुल दर्शकों की संख्या 2019 में देखे गए 552 मिलियन दर्शकों के रिकॉर्ड को पार करने की उम्मीद है. हालांकि अभी लखनऊ में जो मैच हुआ था, उसमें दर्शकों की टोटा महसूस किया गया था. लेकिन अर्थशास्त्रियों की मानें तो इस खेल में सिर्फ टिकटों की बिक्री से 105 अरब रुपए से 120 अरब रुपए के आमदनी हो सकती है. इस खेल से सरकार को भी कर राजस्व का बड़ा फायदा होगा. इस खेल के दौरान 10 सेकेंड के टीवी कामर्शियल का भाव 30 लाख रुपये का है. मतलब कि एक सेकेंड की कीमत तीन लाख रुपये. इसमें भी सरकार को जीएसटी मिलेगी.

विश्वकप की मेजबानी का फायदा भारतीय अर्थव्यवस्था को भी होने की उम्मीद है. विश्वकप की मेजबानी से एविएशन इंडस्ट्री, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, होटल्स, फूड इंडस्ट्री, डिलिवरी सर्विसेज को फायदा होने की उम्मीद है. इसी महीने की शुरुआत में क्रिकेट विश्व कप का पहला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जिसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया. इस दौरान अहमदाबाद में ही भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच के दिन भी भारी उत्साह दिखा.

हर चार साल में होने वाला क्रिकेट विश्व कप नवंबर के मध्य तक 45 दिनों तक चलेगा, जिसमें 10 शहरों में 48 मैच होंगे. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बड़े आयोजन से देश में आर्थिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिल सकता है. क्रिकेट मैच देखने के लिए बड़े पैमाने पर देशी-विदेशी पर्यटक शहर-शहर पहुंच रहे हैं. टूरिस्ट इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी बता रहे हैं कि इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा. ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएएफआई) के वाइस प्रेसिडेंट अनिल कलसी का कहना है कि कोई भी व्यक्ति ट्रेवल करके कोई शहर सिर्फ मैच देखने तो जाएगा नहीं. वह एक-आध दिन और ठहर कर उस शहर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेगा.

### जोमैटो का बिना हेलमेट के बाइक चलाती महिला से कोई लेना-देना नहीं

भाषा । नयी दिल्ली

जोमैटो के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि कंपनी का सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दिख रही उस महिला से कोई लेना-देना नहीं है,




जो उसके डिलिवरी भागीदार की तरह कपड़े पहनकर बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाती नजर आ रही है. वीडिया इंदौर का बताया जा रहा है. गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है. हम बिना हेलमेट बाइक चलाने का समर्थन नहीं करते. इसके अलावा हमारे पास कोई 'इंदौर मार्केटिंग हेड' नहीं है. वह 'एक्स' पर उस पोस्ट का जवाब दे रहे थे, जिसमें महिला का वीडियो साझा करते हुए जोमैटो को टैग किया गया था. इस वीडियो में जोमैटो के डिलिवरी भागीदार की तरह तैयार होकर एक महिला कंपनी का डिलिवरी बैग लिए बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाती नजर आ रही है.

## अमेरिका, कोरिया ने कंप्यूटर आयात पर जतायी चिंता

एजेंसी । नयी दिल्ली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में अमेरिका, चीन, कोरिया और चीनी ताइपे ने लैपटॉप तथा कंप्यूटर पर आयात संबंधी अंकुश लगाने के भारत के फैसले पर चिंता जाहिर की है. डब्ल्यूटीओ की बाजार पहुंच समिति की बैठक में ये चिंता जाहिर की गई. इसकी अध्यक्षता 16 अक्टूबर को जिनेवा के पराग्वे में रेनाटा क्रिसाल्डो ने की थी. जिनेवा स्थित एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने कहा कि इस फैसले के लागू होने के बाद इन उत्पादों के व्यापार पर असर पड़ेगा, जिसमें भारत में अमेरिकी निर्यात भी शामिल है. अमेरिका ने कहा कि यह फैसला निर्यातकों और 'डाउनस्ट्रीम' उपयोगकर्ताओं के लिए अनिश्चितता उत्पन्न कर रहा है.

सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट व अन्य पीसी उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है. यह कदम विदेशी उपकरणों में हार्डवेयर में सुरक्षा संबंधी खामियां होने के अलावा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के मकसद से भी उठाया गया है. इन



वस्तुओं के आयात के लिए एक नवंबर से विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) से लाइसेंस/अनुमति लेनी होगी. आयात पर अंकुश से भारत को उन स्थानों पर कड़ी नजर रखने में मदद मिलेगी जहां से उत्पाद आ रहे हैं. वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत आयात पर लाइसेंसिंग आवश्यकता लागू नहीं करेगा, बल्कि केवल आने वाले समान की निगरानी करेगा. अधिकारी ने कहा कि कोरिया ने इस बात पर जोर दिया कि भारत द्वारा प्रस्तावित उपाय डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप नहीं लगते. इसके परिणामस्वरूप अनावश्यक व्यापार बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं. भारत हर साल करीब 7-8 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का ये सामान आयात करता है. देश ने 2022-23 में 5.33 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के लैपटॉप सहित पर्सनल कंप्यूटर का आयात किया था.

### समाधान एयर ट्रैफिक मूवमेंट को और अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कई नियमों में अहम संशोधन किए

# सीपीएल को रिन्यू कराने की अवधि बढ़ाकर हुई 10 वर्ष

एजेंसी । नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्रालय ने एयर ट्रैफिक मूवमेंट को और अधिक सुरक्षित बनाने और इसमें अधिक से अधिक सुगमता लाने के उद्देश्य से कई नियमों में अहम संशोधन किए हैं. इसके तहत कॉमर्शियल पायलटों की कमी को दूर करने और हर पांच साल में इनके कॉमर्शियल पायलट लाइसेंस यानी सीपीएल को रिन्यू करने संबंधित समस्या का समाधान कर दिया गया है. नए नियमों के तहत हर पांच साल में सीपीएल को रिन्यू कराने की अवधि बढ़ाकर अब 10 साल कर दी गई है. इससे पायलटों को अपने सीपीएल को रिन्यू कराने में लगने वाला समय और इंडियन एविएशन इंडस्ट्री में



कमर्शियल पायलटों की बढ़ती मांग को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी.

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया कि विमान नियम, 1937 में किए गए संशोधन के आधार पर ना केवल सीपीएल की अवधि पांच साल से बढ़ाकर दस साल कर दी गई है. बल्कि एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस एटीपीएल की भी अवधि पांच साल से बढ़ाकर 10 साल कर दी गई है. इस संशोधन से पायलटों और डीजीसीए दोनों पर ही इस तरह के प्रशासनिक कार्य का बोझ कम होने की उम्मीद है. जिससे पायलटों को सीपीएल का रिन्यू कराने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा. इसके अलावा देशभर के हवाई अड्डों के पास एयर ट्रैफिक में बाधा बनने वाली लाइटों को दिखाने वालों के खिलाफ सख्ती करने का दायरा भी और बढ़ा दिया गया है. इसके तहत एयरपोर्टस के आसपास पांच किलोमीटर के दायरे को बढ़ाकर अब पांच नॉटिकल माइल्स कर दिया गया है.

यानी हवाई अड्डों के आसपास पांच नॉटिकल माइल्स तक अब कोई भी इस तरह की लाइटों का डिस्प्ले करता है. जिससे हवाई जहाज उड़ाते हुए पायलटों को दिक्कत होती है या फिर एयर ट्रैफिक मूवमेंट में अन्य किसी भी तरह से परेशानी होती है और ऐसी लाइटें 24 घंटे तक लगातार जली रहती हैं. तब ऐसे आरोपी के खिलाफ आईपीसी के तहत कार्रवाई करने के लिए संबंधित थाने में शिकायत दी जाएगी. साथ ही सरकार को ऐसे स्थान में प्रवेश करने और उन लाइटों को बुझाने का अधिकार होगा. जो एयर ट्रैफिक मूवमेंट में बाधा बनती हैं.

**मिली राहत**

- कॉमर्शियल पायलटों को मिलेगी काफी मदद
- पायलटों पर प्रशासनिक कार्य का बोझ घटेगा

## स्कोडा अगले साल से वियतनाम को वाहनों का निर्यात करेगी

एजेंसी । नयी दिल्ली

प्रमुख वाहन विनिर्माता स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व एशिया में निर्यात बढ़ाने की रणनीति के तहत वह अगले साल यानी 2024 से वियतनाम को वाहनों का निर्यात शुरू करेगी. कंपनी ने बयान में कहा कि भारत में बने वाहन निर्माण किट अगले साल से वियतनाम को निर्यात किए जाएंगे और वहां पर वाहनों का अंतिम उत्पादन किया जाएगा. फॉक्सवैगन ने पुणे के चाकण स्थित अपने मुख्यालय में कलपुर्जा अभियान केंद्र (पीईसी) की शुरुआत की है. यह केंद्र 16,800 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसकी शुरुआती क्षमता 27,000 कार किट के विनिर्माण की है. इसे बाद में बढ़ाकर 40,000 कार किट तक पहुंचाया जा सकता है. स्कोडा ऑटो के बोर्ड सदस्य (उत्पादन एवं लॉजिस्टिक) आंद्रियास दिक ने कहा, पीईसी की शुरुआत करने के साथ हम भारत और वियतनाम के बीच एक पुल बना रहे हैं और इन दो प्रमुख बाजारों के बीच तालमेल बिठाने वाला मंच स्थापित कर रहे हैं. दिक ने कहा कि वियतनाम के बाद दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के अन्य उभरते बाजारों को भी पीईसी से निर्यात किया जाएगा. उन्होंने कहा कि वियतनाम में कंपनी की समर्पित उत्पादन इकाई का निर्माण कार्य जारी है और इसके वर्ष 2024 के पहले हिस्से में शुरू हो जाने की उम्मीद है. स्कोडा की तरफ से वियतनाम को कुशाक और स्लाविया मॉडलों को निर्यात किया जाएगा.

# अंधेरी सुरंग में प. एशिया

**क्या** इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एक अंधेरी सुरंग में फंस गया है? इस सवाल का जवाब आसानी से नहीं दिया जा सकता. इसका एक बड़ा कारण है कि जिस विश्व समुदाय यानी पश्चिम को युद्ध रोकने की दिशा में कदम उठाना है, वे ही देश दोहरे अर्थ वाली बातें कह रहे हैं. बताया जा रहा है कि अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन का अरब-पश्चिम एशिया की यात्रा के ठोस परिणाम नहीं निकल पाएं हैं. वाशिंगटन पोस्ट ने खबर छापी है कि अमेरिकी विदेश मंत्री को सउदी अरब के क्राउन प्रिंस ने घंटों इंतजार कराया और मिश्र के राष्ट्रपति ने उन्हें खरा-खरा जवाब दिया. सवाल साफ है कि क्या सचमुच फिलिस्तीन समस्या का हल निकालने के लिए पश्चिमी देश संजीदा हैं. इस सवाल का जवाब तो स्पष्ट दिया जा सकता है कि यदि उन देशों ने संजीदगी दिखायी होती तो हमास अस्तित्व में ही नहीं आता और ओस्लो में किए गए वायदे पूरे किए जाते. लेकिन पश्चिम एशिया की भू-राजनीति और बनावट के महत्व को देखते हुए पश्चिम हमेशा ही दोहरा मानदंड अपनाता रहा है. लेबनान सीमा पर दूसरा फ्रंट खुलने की परिस्थितियों के बीच इजराइली सेना की ओर से एक बयान आया है, जिसमें उसके प्रवक्ता डैनियल हैगारी ने कहा है कि लेबनान से जुड़ी सीमा के 28 शहरों को खाली कराने के पीछे नागरिकों की कम से कम हानि होने और सैनिकों को हमले के लिए खुला क्षेत्र तैयार करने की मंशा है. अरब लीग के मुखिया ने तत्काल सैनिक कार्यवाही रोकने की मांग की है. इसके साथ ही गाजा इलाके में सहायता पहुंचाने के लिए कोरिडोर देने की दिशा में तत्काल पहल पर बल दिया है. यूएन सहायता प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स मध्य पूर्व की यात्रा करने वाले हैं और बताया जा रहा है कि गाजा पट्टी में कैसे सहायता पहुंचे, इसको लेकर विभिन्न पक्षों से बात करेंगे. उन्होंने कहा कि उनका दफ्तर इजराइल, मिस्र समेत इस मामले में शामिल दूसरे देशों से संपर्क में है. इजराइली सेना के उत्तरी गाजा को खाली करने के निर्देश के बाद पिछली 13 अक्तूबर को हजारों की संख्या में लोग दक्षिणी गाजा इलाके के लिए चल दिए. अल जजीरा ने जांच के बाद इसकी पुष्टि कर दी है. चीन यूएन फिलिस्तीनी एजेंसी को मानवीय सहायता मुहैया करा रहा है, जिसमें खाने से लेकर मेडिकल दवाएं शामिल हैं. अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन एक बार फिर इजराइल पहुंच गए हैं. इसके पहले उन्होंने मध्य पूर्व के छह देशों का दौरा किया है. इजराइल ने हेजबुल्ला द्वारा किए गए हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है. मिस्र और इजराइल की सीमा के क्रासिंग राफाह पर हजारों लोग एकत्रित हैं, लेकिन इजराइल अभी भी उसको खोलने के लिए तैयार नहीं है. इसके साथ ही जॉर्डन और तुर्की से भेजी गयी मानवीय सहायता अभी भी राफाह में अटकी पड़ी है.

> अमेरिकी विदेश मंत्री को सउदी अरब के क्राउन प्रिंस ने घंटों इंतजार कराया और मिश्र के राष्ट्रपति ने उन्हें खरा-खरा जवाब दिया. सवाल साफ है कि क्या सचमुच फिलिस्तीन समस्या का हल निकालने के लिए पश्चिमी देश संजीदा हैं.

## सुभाषित

**अभिवादनशीलस्य,**
**नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते,**
**आयुर्विद्या यशोबलम्।।**

जो अपने से बड़ों का सदैव आदर करता है, किसी भी प्रकार से उनका अभिवादन करता है और जो वृद्धों की नित्य सेवा किया करता है, उसकी चार चीजें बढ़ती हैं – आयु, विद्या, कीर्ति और शक्ति.

# पांचों राज्यों में उलझा चुनावी गणित

**इन राज्यों में माहौल बिल्कुल चुनावी हो गया है. सब अपने क्षेत्र के उम्मीदवारों की सूची खोज रहे हैं. सच तो यह है कि वैसे भी लोग मन बना चुके हैं कि उन्हें किस दल को मतदान करना है, इसलिए अब प्रत्याशियों की सूची गौण हो चुकी है. अब लभभग सभी राज्यों में सूची जारी करके खानापूर्ति ही हो रही है. जो पूर्वानुमान सर्वेक्षण आया था, उसने तो लगभग सभी राज्यों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों का सर्वे करके बताया था कि किस कारण से किस विधान सभा की जनता किस दल को पसंद कर रही है.**




• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

**पां**च राज्यों में चुनावी तिथि घोषित होने के बाद अब इन राज्यों में माहौल बिल्कुल चुनावी हो गया है. सब अपने क्षेत्र के उम्मीदवारों की सूची खोज रहे हैं. सच तो यह है कि वैसे भी लोग मन बना चुके हैं कि उन्हें किस दल को मतदान करना है, इसलिए अब प्रत्याशियों की सूची गौण हो चुकी है. अब लभभग सभी राज्यों में सूची जारी करके खानापूर्ति ही हो रही है. जो पूर्वानुमान सर्वेक्षण आया था, उसने तो लगभग सभी राज्यों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों का सर्वे करके बताया था कि किस कारण से किस विधान सभा की जनता किस दल को पसंद कर रही है . फिलहाल उत्तर भारत के तीन राज्यों की तो स्थिति स्पष्ट हो गई थी, जिनमें मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर है, जो केवल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही है. चुनाव तक किसका पलड़ा भारी होगा यह तो दोनों दलों के नेताओं द्वारा किस प्रकार प्रचार और प्रसार किया जाता है, उस पर निर्भर करेगा. लेकिन मतदाता तो अपना मन बना ही चुका है कि उसके लिए अगले पांच वर्षों में किस दल का कौन उम्मीदवार जनहित में लाभदाई रहेगा. अब समझते हैं कि किस राज्य में किस दल की क्या स्थिति बनती है. पांच राज्यों में चुनाव की तारीख का एलान होने के बाद जो स्थिति बनती है वह यह कि 679 विधान सभा सीटों पर चुनाव होने हैं. 7 नवंबर को मिजोरम, 17 नवंबर मध्य प्रदेश , राजस्थान 23 नवंबर, तेलंगाना में 30 और छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को मतदान कराने का निर्णय चुनाव आयोग ने लिया है . मतों की गिनती 3 दिसंबर को होगी.

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से वरिष्ठ पत्रकार विश्वंभर शुक्ला कहते हैं कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सूची जारी हो गई है . भाजपा हाईकमान ने इस विधान सभा चुनाव में अपने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित 8 सांसदों को मैदान में उतारकर कांग्रेस और प्रदेश भाजपा नेतृत्व को भी चौंका दिया है. केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को मुरैना जिले के दिमनी, प्रहलाद पटेल को नरसिंहपुर और फग्गन सिंह कुलस्ते को मंडला जिले की निवास विधानसभा सीट से उम्मीदवार बना दिया है . आश्चर्य की बात है कि यह तीनों मंत्री प्रधानमंत्री की भोपाल में हुई सभा में मौजूद थे, लेकिन उन्हें कानों कान खबर तक नहीं हुई थी कि उसी शाम इनको विधानसभा उम्मीदवार घोषित कर दिया जाएगा. इसके साथ ही सतना से सांसद गणेश सिंह को, सीधी से राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम से और सांसद उदय सिंह को गाडरवारा से चुनाव मैदान में उतार दिया है. हाईकमान ने इंदौर के कद्दावर नेता और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर (एक) सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है. इस सीट से कांग्रेस के संजय शुक्ला विधायक हैं . ये भाजपा के कद्दावर नेता रहे विष्णुदत्त शुक्ला के बड़े बेटे हैं . वहीं इंदौर (तीन) सीट से कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय विधायक है. माना जा रहा कि भाजपा अब दोनों पिता पुत्रों को तो चुनाव नहीं लड़ाएगी. आकाश विजयवर्गीय का टिकट कटना तय माना जा रहा है. नरेन्द्र सिंह तोमर भी अपने बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह के लिए टिकट मांग रहे हैं. पार्टी ने एक तीर से दो शिकार कर परिवारवादी राजनीति पर अंकुश लगा दिया है. दूसरी तरफ समीक्षकों की मानें तो उनका कहना है कि भाजपा हाईकमान मध्यप्रदेश की स्थिति से बुरी तरह डर गई है और परेशान होकर राज्य के कद्दावर नेताओं को चुनाव मैदान में उतार दिया है, क्योंकि राज्य में जो माहौल बना हुआ है वह भाजपा के लिए नितांत गंभीर है .

अब राजस्थान की बात करें तो वहां भी भारतीय जनता पार्टी की स्थिति मजबूत नहीं है . इसके लिए सबसे बड़ी वजह जिसे माना जा रहा है, वह है आपसी कलह. इस आंतरिक कलह ने वहां भी भाजपा की स्थिति को खराब कर दिया है . द्विदलीय कांटे की टक्कर में कौन मैदान जीत लेगा इसकी अभी कोई गारंटी नहीं दे सकता . सर्वे भी यही कहता है, जिसमें बताया गया है कि 0.6 का ही दोनों दलों की सीटों में अंतर रहेगा. वैसे यहां भी कांटे की टक्कर भाजपा और कांग्रेस में ही है. सर्वे में कहा गया है कि भाजपा को 43.30 प्रतिशत और कांग्रेस को 41.80 प्रतिशत वोट मिलने की गणना की गई है. वहीं 2018 के चुनाव में कांग्रेस को 40.64 वोट मिले थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी 39.08 प्रतिशत वोट पाकर पिछड़ गई थी. अब यह समझते हैं कि कहां किस दल को किस क्षेत्र से कितनी सीटें मिलेंगी इसे देखते हैं . सर्वे में कहा गया है कि ढूढास में कुल 58 सीटें आती है यहां भाजपा 27--29 सीटों पर जीत हासिल कर सकती है. जबकि कांग्रेस को 28 से 30 सीटें मिल सकती है. मारवाड़ में 61 सीटें आती है सर्वे के अनुसार भाजपा को 30 से 32 सीटें मिल सकती है, जबकि कांग्रेस 27 से 29 पर कब्जा जमा सकती है. हाड़ौती में 17 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें भाजपा को 8 से10 सीटें और कांग्रेस को 7 से 9 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है. अब 200 सीटों वाली राजस्थान विधान सभा में जो स्थिति बनती है, उसमें भाजपा 95 से 105 तथा कांग्रेस को 91 से 101 सीटें मिल सकती हैं. इसके बावजूद भाजपा की जो दूसरी सूची जारी हुई है, उसमें 7 संसद सदस्यों को भी चुनाव लडने भेज दिया है. विश्लेषक कहते है केंद्रीय सत्तापक्ष के मन में इस बात का डर है कि पिछली बार की तरह इस बार भी राजस्थान में भाजपा चुनाव हार रही है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## काल बहुत बलशाली

**प**रीक्षित प्रसंग में जब ऋषि की आंखें खुलीं तो वे सत्त्व में थे. योग की या ध्यान की प्रक्रिया सत्त्व प्रधान है और जब उन्होंने सारी कहानी सुनी तो अपने पुत्र की ही भर्त्सना करते हुए कहा, अगर राजा में अनजाने में भी कुछ क्षणों के लिए कोई विकृति आ ही गई हो, तो क्या तुम्हें बदला लेने के लिए इस प्रकार का शाप देना चाहिए था? परंतु शाप तो दिया जा चुका था. इसलिए यह संदेश परीक्षित के पास भेज दिया जाता है. सातवें दिन मृत्यु का अर्थ है कि संसार के प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु कालरूपी सर्प के काटने से ही होगी और किसकी आयु में कौन-सा सातवां दिन (रविवार से शनिवार) है उसका कोई ठिकाना नहीं. यह समस्या प्रत्येक व्यक्ति की है परीक्षित ने जब सुना कि सातवें दिन सर्प के डसने से उनकी मृत्यु होगी तो उन्होंने सोचा कि इन सात दिनों का हम क्या सदुपयोग करें? क्योंकि काल की समस्या तो आ ही गई है. हमसे जो भूल हो चुकी है उसका दंड भी हमें स्वीकार करना होगा. पर हम दंड को किस प्रकार स्वीकार करें कि जीवन में दंड भी वरदान के रूप में परिणत हो जाए. तब वे शुकदेवजी के द्वारा भगवान की मंगलमय कथा सुनते हैं. फलतः सर्प के द्वारा डंसे जाने पर, मृत्यु के क्षण में भी वे पूरी तरह से आत्मतत्व में स्थित हो चुके हैं उनके अंतःकरण में मृत्यु का भय नहीं है. इस कथा का सार-तत्व यह है कि काल अत्यधिक शक्तिशाली है और अच्छे से-अच्छे व्यक्तियों को भी प्रभावित कर लेता है. हम सब लोगों से कभी-न-कभी ऐसा अपराध होता है, जो नहीं होना चाहिए. पर उसके निवारण का एकमात्र उपाय भगवत्कथा तथा भगवान का नाम ही है. कागभुसुंडिजी गरुड़जी से कहते हैं- कृतजुग त्रेता द्वापर, पूजा मख अरु जोग. जो गति होइ सो कलि हरिनामते पावहिं लोग. सतयुग, त्रेता तथा द्वापर में साधना के अलग-अलग मार्ग हैं. सतयुग में ध्यान की प्रधानता है, त्रेता यज्ञ-प्रधान है और द्वापर पूजा-प्रधान है. किंतु अन्य युगों में जो गति पूजा, यज्ञ तथा योग के द्वारा प्राप्त होती है, वही गति इस कलियुग में भगवान के नाम से हो जाती है. गोस्वामीजी की यह बात हम लोगों के लिए सबसे अधिक प्रमाणित इसलिए भी है, क्योंकि वे हमारे युग के हैं.

# नेतन्याहू की हालत विक्रम बेताल की तरह

• देशांतर

पुष्परंजन

**पू**र्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की जिस तरह आलोचना की, उससे बीबी (बेंजामिन नेतन्याहू) समर्थक तपे हुए हैं. ट्रम्प ने फिलिस्तीनी हमास आतंकवादियों द्वारा सप्ताहांत में किए गए हमले की तैयारी की कमी बतायी, जिससे अबतक इजराइली पक्ष को ही अधिक नुकसान हुआ है. अबतक इज़राइल के कम से कम 1,200 लोग मारे गए हैं. 2024 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए सबसे आगे चल रहे ट्रम्प ने कहा कि हमले के कारण नेतन्याहू को बहुत बुरी तरह चोट लगी है. "वह तैयार नहीं थे, और इजराइल तैयार नहीं था." ट्रम्प जो कुछ बयान दे रहे हैं, उसके निहितार्थ 2024 के चुनाव हैं. कुछ ऐसा ही भारत समेत दुनिया के दूसरे हिस्सों में होने लगा है. बेंजामिन नेतन्याहू को यह भ्रम है कि हमास के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करके उन्होंने अपनी कुर्सी बचा ली. मगर इसके उलट वहां हो रहा है. इज़राइली मीडिया बार-बार सवाल कर रहा है कि शनिवार को हमले के समय पूरा शासन कहां सोया था और सेना की चौकसी कैसे हवा हो गई? यह सवाल विक्रम और बेताल की तरह नेतन्याहू के कंधे पर सवार है. जेरूसलम पोस्ट में सेंट जे फ्रांजमन ने 13 अक्टूबर को प्रकाशित अपने कॉलम में पूछा है, 'एक सशस्त्र आतंकवादी समूह दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक की सुरक्षा पर काबू पाने में कैसे सफल हुआ? यह एक ऐसा प्रश्न है, जो लंबे समय तक पूछा जाएगा.फिलहाल, इज़राइल का अधिकांश हिस्सा सदमे में है. लोग घर पर ही रह रहे हैं. बच्चे स्कूल से बाहर हैं. शहर थम गए हैं. उड़ानें बंद हो गई हैं. संपूर्ण देश शोक में है. 'हमास के बारे में विशेषज्ञों के हवाले से जो ख़बरें आ रही हैं उसके अनुसार, यह संगठन कभी भी इतने बड़े हमले को अंजाम नहीं दे सकता. ऐसा माना जाता था कि हमास केवल रॉकेट दागने में सक्षम था. इजराइल की सीमा पर जो इलेक्ट्रोनिक बाड़ थी, वह किसी भी गतिविधि का पता लगाने में सक्षम थी, शनिवार के पहले से निष्क्रिय कर दिया गया था. हालांकि, हमास ने बाड़ का परीक्षण करने के लिए 2018 से सीमा पर दंगों का इस्तेमाल समय-समय पर किया था. इजराइल को बाड़ के उस पार प्रदर्शन झेलने की आदत सी हो गई थी. फिर भी, इजराइली शुक्रवार की रात को यह मानकर सो गए कि उधर कोई हलचल होगी नहीं. लेकिन 6 अक्टूबर को सुबह ऐसा कांड हुआ, जिससे पूरी दुनिया हिल गई. सीमा पर हर तरह की बेहतरीन तकनीक मौजूद. इजराइल के पास ड्रोन और ऑब्जर्वेशन गुब्बारे भी हैं.

> हमास के बारे में विशेषज्ञों के हवाले से जो ख़बरें आ रही हैं उसके अनुसार, यह संगठन कभी भी इतने बड़े हमले को अंजाम नहीं दे सकता. ऐसा माना जाता था कि हमास केवल रॉकेट दागने में सक्षम था. इजराइल की सीमा पर जो इलेक्ट्रोनिक बाड़ थी, वह किसी भी गतिविधि का पता लगाने में सक्षम थी, शनिवार के पहले से निष्क्रिय कर दिया गया था.

हालांकि, किसी को नहीं पता था कि हमास के हजारों आतंकवादी सुबह लगभग छह बजे लाइन से हटने और सीमा बाड़ के साथ 29 से अधिक स्थानों पर हमला करने के लिए तैयार थे. वीडियो से पता चलता है कि हमास ने वहां विभिन्न ऑब्जर्वेशन टावरों पर हमला करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया. उन्होंने बख्तरबंद गाड़ियों पर भी हमला किया. इससे हमले से मुकाबला करना कठिन हो गया. कई सवाल इज़राइल में अभी ज़ेरे बहस है. पहला, इज़राइली वायु सेना कहां थी, जिससे त्वरित एक्शन में आने की अपेक्षा की जाती है? दूसरा, आतंकवादियों को महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को गाजा वापस लाने से रोकने के लिए सीमा पार कमांडो क्यों नहीं भेजे गए? तीसरा, हमास, एक ऐसा संगठन जिसे हमारे आईडीएफ से कमतर माना जाता था, ने 200 सैनिकों को कैसे मार डाला? चौथा, नेतन्याहू और खुफिया सेवाओं को सुनियोजित हमले के बारे में कैसे पता नहीं चला? पांचवां, 100 नागरिकों के अपहरण को रोकने के लिए हैनिबल निर्देश क्यों नहीं दिया गया? छठा, टैंक सीधे सीमा पर क्यों नहीं भेजे गए? और अंतिम सवाल, क्षेत्र को सुरक्षित करने में एक या दो दिन क्यों लगे? सात सवाल, और जवाब कुछ भी नहीं. नेतन्याहू केवल राष्ट्रवाद जगाने और पूरे देश को संकट की घड़ी में एक करने का आह्वान कर रहे हैं.7 अक्टूबर 2023 को इजराइल को जिस पराजय का सामना करना पड़ा है, वह 1973 से भी बदतर था और इतिहास में कई अन्य सैन्य भूलों से भी शर्मनाक था. यह और भी तकलीफदेह है कि इजराइल को न केवल सैन्य हार का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि उसके नागरिकों का संहार भी हो रहा था. हमास का लक्ष्य सिर्फ सैन्य ठिकानों को नष्ट करना नहीं था, बल्कि नागरिकों को निशाने पर लेना था, वही काम अब इज़राइल फिलिस्तीनी क्षेत्र में कर रहा है. हमास को ईरान, रूस, चीन, कतर और तुर्की जैसे दो अमेरिकी सहयोगियों से भी समर्थन प्राप्त है.

# बच्चों की खुदकशी का सिलसिला

• सामयिकी

अविजित पाठक

**इ**न दिनों मुझे अत्यंत व्याकुलता का सामना कर पड़ रहा है. क्या हम छात्रों द्वारा आत्महत्याओं को एक आम बात समझकर रफा-दफा कर रहे हैं या फिर यह मानने लगे हैं कि शिक्षा प्राप्ति एवं इससे संलग्न सफलता की दौड़ में यह तो रहता है– कुछ कमजोर और भावनात्मक रूप से नाजुक युवा हताशा में अपनी जान दे देते हैं? विश्वास कीजिए, मैं अक्सर मध्य-वर्गीय अभिभावकों और यहां तक कि अध्यापकों से इस विषय में बात करने का प्रयास करता हूं कि इस किस्म की पढ़ाई, शिक्षा की असल आत्मा को मार रही है और इससे सामाजिक विक्षिप्तता का सामान्यीकरण हो रहा है. मैं उन्हें राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़ों के जरिये समझाने की कोशिश करता हूं कि वर्ष 2021 में 13089 छात्रों ने खुदकशी की (औसतन 35 से अधिक प्रतिदिन). फिर भी वे मानने को राजी नहीं– यह रवैया वर्तमान में पर्यावरण पर बन आए संकट की अलफ सच्चाई से मुंह मोड़ने जैसा है. आईआईटी संस्थानों के दिए आंकड़े के मुताबिक 2018-23 के बीच 33 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है और एनआईटी और आईआईएम में यह गिनती 61 है. इतना होने पर भी हमने इस विषय पर चुप्पी साधने की ठान रखी है या इसको एक अन्य भ्रंश की तरह लेते हैं. माल बनाने वाली फैक्टरियों सरीखे कोचिंग केंद्रों के लिए कुख्यात राजस्थान का शहर, कोटा जहां 'सफलता का स्वप्न' बेचा जाता है, उससे हमारा नाता दिनों-दिन बढ़ रहा है, भले ही इस साल जनवरी से अगस्त माह के बीच भी, हर महीने खुदकुशी का औसत तीन रहा है. बेशक, मुझे जीवन को नकारात्मक बनाने वाली इस अंधी दौड़ के पीछे ढांचागत और सामाजिक कारणों का बखूबी भान है– यानी, अत्यधिक जनसंख्या वाले मुल्क में नौकरियों की भारी कमी, नौकरी मिलने की संभावना में कला संकाय से हुई पढ़ाई को दोयम मानना और इसके नतीजे में इंजीनियरिंग, मेडिकल साइंस, बिजनेस मैनेजमेंट और अन्य तकनीकी कोर्सों के लिए बनी आसक्ति. संस्कृति और शिक्षा पर नव-उदारवाद की चोट से जीवन-आकांक्षा का बाजारीकरण और सबसे ऊपर, अत्यंत-प्रतिस्पर्धात्मकता या सामाजिक डार्विनवाद को स्वीकार्यता अर्थात अन्यायी सामाजिक व्यवस्था में श्रेष्ठता या 'श्रेष्ठम ही जीने लायक' के सिद्धांत को मान्यता देकर जीवन का अंग बना डालना. इस पर चुप्पी साधकर हम व्यवस्था का ऐसा सामान्यीकरण होना गवारा नहीं कर सकते. बतौर एक अध्यापक, मैं महसूस करता हूं कि हमें इस ढंग की शिक्षा व्यवस्था का आलोचक और नई संभावनाओं को तलाशने वाला बनना चाहिए. शिक्षा बचाओ आंदोलन किए बिना जड़ पकड़ चुकी व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता. बेशक, हर छात्र आत्महत्या से नहीं मरा होगा, लेकिन फिर यह भी उतना ही सच है कि लगभग प्रत्येक युवा विद्यार्थी, जो इस शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है, वह ऐसे माहौल में बड़ा हो रहा है जो मानसिक तनावों, अवसाद और विफलता के डर में बढ़ोतरी के लिए मुफीद है. वर्तमान व्यवस्था वह है, जिसे अर्थपूर्ण जीवन, प्रेम और सहयोग, नैतिकता, जीवनकाल के उतार-चढ़ावों का निश्चयपूर्ण सामना करने और शांत बने रहने की काबिलियत को सिखाने में जरा रुचि नहीं रखनी है. न ही ऐसी मानसिकता बनाने में, जो बच्चे को जीवन की सरलता में असली खजाना खोजने लायक बनाए, मसलन, नन्हे से पीले फूल पर अठखेलियां करती तितली के नज़ारे का आनन्द लेना, बुजुर्ग दादी मां के लिए चाय बनाना, खुशियों के पल उनसे साझा करना या फिर सर्दी की रात में रजाई में बैठकर कोई नॉवेल पढ़ना. इसके बरक्स मौजूदा शिक्षा प्रणाली तमाम पवित्र आकांक्षाओं और सपनों को मार रही है, यह युवा मानस को वह घोड़ा बना रही है, जो निरर्थक दौड़ में भागता रहे.स्कूल से लेकर उद्योग सरीखे बने कोचिंग केंद्रों तक, हमने अपनी शिक्षा का मतलब मानकीकृत परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने वाली रणनीति बना दी है. महान किताबें पढ़ने का आनंद, नूतन विचारों की खोज, विचार-विमर्श, विज्ञान-प्रयोगों से सीखना, साहित्य और कला आधारित पढ़ाई की जगह प्रवेश और मुख्य परीक्षाओं और इनकी तैयारी को अधिक महत्व देने से असली सिखलाई प्रभावित हुई है. आज अगर कुछ महत्वपूर्ण है तो दक्षता व सरपट गति, ताकि ओएमआर शीट पर सही उत्तर के खाने पर तेजी से निशान लगाने की काबिलियत बने. कोई हैरानी नहीं कि एससीक्यू-केंद्रित परीक्षाएं उत्तीर्ण करना सिखाने वाली पुस्तकें युवा शिक्षार्थी की सोच में समाई हुई है.

> शिक्षा बचाओ आंदोलन किए बिना जड़ पकड़ चुकी व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता. बेशक, हर छात्र आत्महत्या से नहीं मरा होगा, लेकिन फिर यह भी उतना ही सच है कि लगभग प्रत्येक युवा विद्यार्थी, जो इस शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है, वह ऐसे माहौल में बड़ा हो रहा है जो मानसिक तनावों, अवसाद और विफलता के डर में बढ़ोतरी के लिए मुफीद है.

## मीडिया में अन्यत्र

# भविष्य में तेजी की संभावना

**भारतीय** रिजर्व बैंक समय-समय पर उपभोक्ताओं और कारोबारों के विचारों के जो सर्वेक्षण करता है, वे अक्सर वृद्धि, मुद्रास्फीति तथा शेष वृहद-आर्थिक आंकड़ों की तुलना में कहीं अधिक जानकारीपरक होते हैं. उसके ताजा सर्वेक्षणों के निष्कर्षों में कारोबारी और वित्तीय विचार व्यापक तौर पर आर्थिक विस्तार को लेकर आशावाद दिखाते हैं, जिसके पीछे अच्छे स्थिरता संकेतक और मजबूत बैलेंस शीट जैसी वजह हैं. यह बात आर्थिक पूर्वानुमान लगाने वालों पर भी लागू होती है, जिन्हें सर्वेक्षणों में शामिल किया गया. अर्थव्यवस्था व्यस्त त्योहारी मौसम में प्रवेश कर रही है और यह सामूहिक आशावाद ताजा वृहद आर्थिक आंकड़ों में भी नजर आता है. उदाहरण के लिए मुद्रास्फीति में कमी आ रही है, औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है, बेरोजगारी में कमी आई है, कर राजस्व में सुधार हुआ है और क्षेत्रवार वृद्धि बेहतर सुधरी है.विनिर्माण क्षेत्र की नए ऑर्डरों से संबंधित रिपोर्ट भी इसकी पुष्टि करती है. अगर ऐसे ऑर्डरों की एक वर्ष पहले से तुलना करें तो चार तिमाहियों में इनमें काफी कमी आई है और ये 40 फीसदी से घटते हुए अप्रैल-जून तिमाही में करीब शून्य हो गए. विचित्र बात है कि इस स्पष्ट कमी के बावजूद कारोबारी अपेक्षाओं का सूचकांक 135.4 अंकों के साथ अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर है. उपभोक्ता सर्वेक्षण का समांतर निष्कर्ष कम आशावादी मिजाज दर्शाता है. निश्चित तौर पर वर्तमान आम आर्थिक हालात का आकलन बीते कुछ वर्षों से निरंतर सुधर रहा है, लेकिन सूचकांक 2019 के अंत के स्तर से ऊपर नहीं गया है. यही वह समय था, जब आर्थिक हालात में गिरावट शुरू हुई थी. अभी भी उन लोगों की तादाद ज्यादा है जिनको लगता है कि उनकी स्थिति खराब हुई है. हालांकि बेहतरी महसूस करने वाले तेजी से अंतर को पाट रहे हैं. रोजगार की बात करें तो गिरावट महसूस करने वाले यहां भी सुधार महसूस करने वालों से अधिक हैं. यहां भी अंतर कम हो रहा है.सकारात्मक पहलू की बात करें तो एक दोमाही सर्वेक्षण से दूसरे तक उपभोक्ताओं के विचारों की नकारात्मकता कम हो रही है. कई लोग अपनी परिस्थितियां कठिन मान रहे हैं, लेकिन उनकी तादाद अपेक्षाकृत कम है. साथ ही भविष्य को लेकर आशाएं बरकरार हैं. **(बिजनेस सटैंडे)**




## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### सती/साध्वी

**कितना** जती हो कोई, कितना सती हो कोई कामिनी के संग काम जागे ही जागे, सुनो कहे गोपी राम जिसका नाम काम उसके तो फंद गले लागे ही लागे. यह पंक्ति 1970 में आयी फिल्म गोपी के एक गाने की है, जिसे राजेंद्र कृष्ण ने लिखा और महेंद्र कपूर ने गाया था.यह गाना अपने जमाने में सुपर हिट था. इस गाने में सती शब्द का प्रयोग पुल्लिंग के रूप में हुआ है, जबकि सती का अधिकतम प्रयोग नारी के लिए ही होता है. उसमें भी भगवती दुर्गा के एक नाम के रूप में. दुर्गा अष्टोत्तरशत नाम स्तोत्रं में पहला नाम सती ही है-सती साध्वी भवप्रीता भवानी भव मोचनी, आर्या दुर्गा जया चाद्या त्रिनेत्रा शूलधारिणी. हिंदी और संस्कृत के विभिन्न शब्दकोशों में सती शब्द को तीन रूपों में मान्यता दी गयी है-संज्ञा स्त्रीलिंग, संज्ञा पुल्लिंग और विशेषण. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में सती का अर्थ है पुराणों के अनुसार दक्ष प्रजापति की कन्या, जिनका विवाह भगवान शिव से हुआ था, पतिव्रता स्त्री. बाद में इस शब्द के अर्थ और प्रयोग में विकृति आ गयी, जब हिंदू समाज में स्त्रियां पति की मृत्यु के बाद उसके साथ जलने या जलाने की प्रथा चल पड़ी, जिसे सती प्रथा के नाम से जाना जाता था. राजाराम मोहन राय जैसे समाज सुधारक ने इस प्रथा को समाप्त कराया. संज्ञा पुल्लिंग के रूप में इस शब्द का अर्थ है जो सत-धर्म का पालन करता हो, महात्मा, तपस्वी, साधु, सच्चा, सत्य निष्ठ. यही अर्थ गोपी फिल्म के गाने की पंक्ति में प्रयुक्त सती शब्द के लिए है. सती शब्द का ही समानार्थी है साध्वी, जो इसका विशेषण रूप है. इस रूप में सती का अर्थ है पतिव्रता, सहगामिनी. साध्वी साधु शब्द का स्त्रीलिंग रूप है, जिसका अर्थ है पतिव्रता स्त्री, पवित्र आचरण वाली, शुद्ध आचरण वाली. जैन भिक्षुणी को भी साध्वी कहा जाता है. साधु सदाचारी, संत, महात्मा, सज्जन, उत्तम, विरक्त, धार्मिक व्यक्ति को कहा जाता है.

# पदयात्रा वही सही, जो पद दिला दे

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

**ज**ब किसी व्यक्ति के पास कोई पद नहीं होता है, तब वह पदयात्रा आरंभ करने की अवश्य ही सोचता है. पदयात्रा का सीधा साधा मतलब यह होता है पद के लिए यात्रा अर्थात या तो कोई पद मिल जाए और जीवन की शुरुआत हो जाए अथवा जो पुराना खोया हुआ पद है, वह वापस आ जाए. इसी को पदयात्रा कहते हैं. पदयात्रा उसे कहते हैं, जिसे हारे हुए नेताओं के लिए हरिनाम की तरह होती है. बहुत से लोग इस गलतफहमी में रहते हैं कि पदयात्रा का पैदल चलने से कोई संबंध होता है. पैदल चलना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक रहता है. चिकित्सक भी लोगों को यही सलाह देते हैं कि अगर स्वस्थ रहना है तो पैदल चलने का अभ्यास जारी रखें. इसलिए तो मॉर्निंग वाक तथा इवनिंग वाक का आविष्कार हुआ है. कहने की आवश्यकता नहीं कि ऊपर वाले ने मनुष्य सहित सभी प्राणियों को पैर दिये हैं, ताकि वे चल फिर सकें. अगर पैर हैं तो उनका सदुपयोग तो चलने-फिरने से ही होगा. चूंकि पैदल चलने का घनिष्ठ संबंध सेहत से है, इसलिए व्यक्ति पदयात्रा करे या न करे, थोड़ा-बहुत पैदल तो चलता ही है, लेकिन उसके बाद उसे अपनी सुख-सुविधाओं से भरी हुई जिंदगी में वापस लौटना ही पड़ता है. यह थोड़ी है कि अगर पदयात्रा की है, तो पैदल चलता रहे. सूखी रोटी खाए, झोपड़ी में रहे, मटके का पानी पिए- यह सब पदयात्रा का अर्थ नहीं होता.

पदयात्रा के बाद कई बार लोगों को पद मिल जाता है, जिनको पद मिलता है, उनकी पदयात्रा सफल मानी जाती है. लोग उनके पास उनके अनुभव पूछने आते हैं. उनकी पदयात्रा पर शोध-प्रबंध लिखे जाते हैं और उन्हें एक सफल पदयात्री के रूप में भविष्य के पद-यात्री अपने प्रेरणा स्रोत के रूप में देखते हैं. कई बार पदयात्रा तो जोरदार हो जाती है. माइक, भीड़, फोटोग्राफर -सब कुछ बहुत चमाचम रहता है, लेकिन पद फिर भी नहीं मिलता. कई बार जनता चुनाव में हरा देती है. कई बार पार्टी के भीतर व्यक्ति मात खा जाते हैं. असफल पदयात्रा को इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में नहीं लिखा जाता. कई बार तो इतिहास के पृष्ठों पर ऐसी पदयात्राओं का जिक्र भी नहीं होता. इतिहास बड़ा निर्मम होता है. वह केवल सफल लोगों को याद रखता है. पदयात्रा निकालो या बस-यात्रा निकालो या टैक्सी-यात्रा निकालो, लेकिन यात्रा का मूल उद्देश्य यात्री को कभी नहीं भूलना चाहिए. जिससे पद मिल जाए, वह यात्रा सफल है और जिससे पदयात्रा के बाद भी आदमी पैदल ही रहे, वह काहे की पदयात्रा?



## चटखारा

# छुट्टियों में यात्रा का इरादा है ...तो ये डिश साथ लेकर जाएं



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**नवरात्र के दौरान कभी बच्चों के स्कूल में छुट्टियों के तो कभी माता के दर्शन के लिए तीर्थ, यात्रा के बहाने तो निकल ही आते हैं. अगर आप भी इन छुट्टियों में कहीं घूमने निकल रही हैं तो साथ ले जाने के लिए बनाएं खास व्यंजन....**

## मसालेदार कचौड़ी



**ये चाहिए**

गेहूं का आटा : चार कप
बेसन : एक कप
सूजी : आधा कप
चाट मसाला : दो चम्मच
नमक : एक चम्मच
काला नमक : एक चम्मच
धनिया पाउडर : एक चम्मच
भुना पिसा जीरा : एक चम्मच
चिली फ्लेक्स : एक चम्मच या स्वाद अनुसार
हल्दी पाउडर : चुटकी भर
अजवाइन : एक चम्मच
मंगरेला : आधा चम्मच
अचार का मसाला 3 दो चम्मच
रिफाइंड ऑयल या शुद्ध घी : चार टेबल स्पून मोयन के लिए
तलने के लिए रिफाइंड तेल

### ऐसे बनाएं

इन सभी सामग्रियों को एक साथ मिला दें और थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर एक कड़ा आटा गूथ लें. इसे आधा घंटा ढक कर छोड़ दें. आधे घंटे के बाद इसमें थोड़ा-थोड़ा और पानी डालकर मुलायम कर दें फिर छोटे-छोटे आटे की लोई बनाकर बेल लें और रिफाइंड तेल में तल लें.

**नोट :** यह कचौड़ी यात्रा के दौरान 2 दिन तक आराम से खाई जा सकती है.

## पूरन पूरी



**ये चाहिए**

चने की दाल : ढाई सौ ग्राम
गुड़ : ढाई सौ ग्राम
आटा : ढाई सौ ग्राम
शुद्ध घी : मोयन के लिए दो बड़े चम्मच

### ऐसे बनाएं

सर्वप्रथम चने की दाल को दो घंटा पानी में फुला दें. 2 घंटे के बाद इसे कुकर में डूबने भर पानी डालकर तीन सिटी आने तक पका लें. फिर कुकर का ढक्कन खोलकर देखें. पानी बिल्कुल सूख जाना चाहिए. अगर पानी सूखा नहीं हो तो पानी को सूखा ले ,और उसमें छोटे-छोटे टुकड़े करके गुड़ डाल दें. धीमी आंच पर गुड को चने की दाल को एक साथ एकदम सूखा होने तक पका लें. इसमें चने की दाल और गुड पककर एक हो जाना चाहिए और चने की दाल के टुकड़े नजर नहीं आने चाहिए. ततपश्चात इसमें एक चम्मच पिसी हुई इलायची डालकर चूल्हे से उतार लें. अब गेहूं के आटे में शुद्ध घी का मोयन डालकर आटा गूथ लें. यह आटा बिल्कुल नरम होना चाहिए. तत्पश्चात आटे की छोटी-छोटी लोई बनाकर उसमें चने दाल की पिट्ठी को डालकर पतली पतली रोटियां से बना लें. इसे तवे पर डालकर शुद्ध घी से ही पराठे की तरह सेक लें.

**नोट :** इसे रोटी की तरह सेक कर भी घी लगाकर रखा जा सकता है. यह पूरन पूरी यात्रा के दौरान 4 से 5 दिन तक खराब नहीं होती.

## आलू की सूखी सब्जी

**ये चाहिए**

आलू : ढाई सौ ग्राम
तलने के लिए सरसों का तेल
काली मिर्च, लाल मिर्च, चाट मसाला, भुने हुए जीरे का पाउडर, काला नमक, सफेद नमक.

### ऐसे बनाएं



सबसे पहले आलुओं को आलू छिलने वाले पिलर से छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें. उसके बाद इन्हें अच्छी तरह से दो-तीन पानी से धो लें. अब गैस पर कढ़ाई चढ़ाएं और इन आलुओं को तेल में अच्छी तरह छान कर बटर पेपर पर निकाल दें. तत्पश्चात इन आलुओं पर नमक, काली मिर्च, लाल मिर्च ,चाट मसाला ,भुने हुए जीरा का पाउडर और काला नमक छिडक दें. यह सब्जी बहुत टेस्टी और अच्छी लगती है. यात्रा के दौरान दो दिन तक खराब नहीं होती.

# साल का हर दिन हो नवरात्र



यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः अपनी संस्कृति में, अपने पावन देश में देवी के जाने कितने रूपों की पूजा होती है. नन्हीं बच्चियां मां दुर्गा की प्रतीक हैं तो विवाहिता पार्वती की. हर प्रतीक हर रूप के पीछे न जाने कितनी कथाएं, कितनी आस्थाएं. बावजूद इसके वास्तविक जिंदगी में जाने कैसे कई-कई बार, अनगिनत मौकों पर, इस शक्ति को पहचानने में चूक हो जाती. कभी अपमानित होती है तो कभी शारीरिक तौर पर प्रताड़ित. न अपने हिस्से का आसमां मिल पाता है और न जमीं. ताउम्र उपेक्षित रह जाती हैं स्त्रियां. हक से वंचित रह जाती हैं बेटियां. स्त्री जो शांत होती है, शक्ति स्वरूपा होती है, सृजन का आधार होती है, वह अपना सर्वस्व नहीं दे पाती. इन दिनों इजराइल-हमास युद्ध का हस्र देख रहे हैं हम. आप ही कहिए, हिंसा और रक्तपात की विरोधी स्त्रियों के हाथ में जमाने की लगाम हो तो क्या युद्ध यूं ही सरहदों पर होते रहेंगे. यकीनन नहीं. तब न बच्चे अनाथ होंगे और न कोई मां अपने लाल को युद्ध में खोने को विवश होंगी. सच पूछिए तो युद्ध में स्त्री का बना संसार ही उजड़ता है. जो शहीद होता है, वह किसी भी देश को हो किसी मां का लाल होता है, किसी पत्नी का सुहाग होता है, किसी बहन की राखी तो किसी प्रेयसी का सिंदूरी अरमान होता है.

## केवल नौ दिन क्यों!

सुख समृद्धि, और मनोकामना पूर्ति के लिए हम बेटियों को नवरात्र में पूजते हैं. पर केवल नौ दिनों तक ही क्यों. अजहर हाशमी ने क्या खूब लिखा है, - बेटियां शुभकामनाएं हैं/ बेटियां पावन दुआएं हैं/ लू-लपट को दूर करतीं/ बेटियां जल की घटाएं हैं/ दुर्दिनों के दौर में देखा/ बेटियां संवेदनाएं हैं. आपके घर आंगन में भी बेटियां हैं तो यकीनन आप भी इन पंक्तियों की सच्चाई से, इनकी गहराई से वाकिफ होंगी. फिर इनके स्वागत के लिए साल के महज नौ दिन क्यों. जब गर्म झोंके बन रहे बेटे तो क्यों न ठंडी हवाओं का झोंका लाने वाली बेटियों के लिए बांह पसारे. बेटियों को खिलने का पूरा मौका दें, उनके हक देकर पांवों के नीचे ठोस जमीं दें, उनकी ख्वाहिशों की उड़ान के लिए आसमां दें.

## असर दिखा रही समानता



सौभाग्य है कि आज की मां राजा बेटा के लिए बिटिया का हक नहीं छीनतीं. बेटे को निजी और नामी स्कूल, बेटियों को सरकारी स्कूल...यह तस्वीर अब नहीं दिखती. बेटे-बेटियों की थाली पर भी परिवारों में विभेद नहीं दिखता. इसका सुंदर परिणाम भी उपलब्धियों के रूप में सामने है. खेल के मैदान गवाह हैं कि जाने कितनी बार देश का मान बेटियों ने ही बचाया-बढ़ाया. राजनीति, कॉरपोरेट, शिक्षा, हर क्षेत्र में पताका फहराया. वहीं देश की उत्पादक क्षमता में भी इजाफा हुआ. देहरी के भीतर रहने वाली महिलाओं का योगदान भी कहां कम है. बच्चों और बुजुर्गों की बेशकीमती देखभाल वे करती हैं, तभी तो परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम हो पाता है पुरुष.

## दिल की ख्वाहिश बेटियां

कारा यानि सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स ऑथोरिटी के अनुसार वर्ष 2021-22 में 1698 लड़कियों को गोद लिया गया, वहीं महज 1293 लड़के गोद लिए गए. आंकड़े से मन उत्साहित हो सवाल करता है, क्या हमारे दिल की ख्वाहिश बेटियां ही हैं! हालांकि यह एक कड़वे सच की ओर भी संकेत करता है कि नवजात बेटियां बेटों की तुलना में अधिक छोड़ी जाती हैं, इसलिए वही गोद के लिए अधिक उपलब्ध भी हैं. गोद लेने के लिए काउंसलिंग करने वाली ममता शर्मा का कहना है कि उनके पास काउंसलिंग के लिए आने वाले दस में से सात युगल बेटी गोद लेने की ख्वाहिश रखते हैं, वहीं तीन किसी भी जेंडर के बच्चे की ख्वाहिश रखते हैं. इन तीन से जब विस्तार में पूछा जाता है तो दो बेटियों के लिए और एक बेटे के लिए दिल में चाहत रखते हैं. इस संदर्भ में याद आते हैं झारखंड में कई दशकों तक एडॉप्शन प्रक्रिया से जुड़े वकील रामहरि दुबे की बात. उन्होंने कभी चर्चा के संदर्भ में कहा था कि खासकर बंगाली, मुस्लिम, दक्षिण भारतीय और ईसाई परिवार बेटियों को ही गोद लेना चाहता है.

झारखंड में पिछले कुछ सालों से पालोना बैनर के तहत नवजात शिशु के लिए काम कर रही पत्रकार मोनिका आर्या इस मामले में हो रहे डेटा संग्रह की विवश्वसनीयता पर ही संदेह करती हैं और कहती हैं कि ज्यादातर मामले दर्ज ही नहीं होते. नवजात जीवित बच्चों का रिकॉर्ड जहां कारा यानि सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स ऑथोरिटी रखता है, वहीं मृत मिले नवजातों के बारे में हमें नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट से जानकारी मिलती है. इन दोनों की रिपोर्ट में कई विसंगतियां नजर आती हैं.

## संबल और सहयोग

कहावत है हर सफल पुरुष के पीछे एक स्त्री होती है. सच पूछिए तो इसका सच हर आम और खास की जिंदगी में दिखता है. स्त्री का मां रूप हो या बेटी का, पत्नी रूप हो या दोस्त का, बेटी हो या बहन. किसी न किसी रूप में इनका साथ हो तभी जिंदगी की जंग में जीत तय हो पाती है. पुरुष की दशा और दिशा को बदलने का माद्दा स्त्री ही रखती. बात सृजन की हो या संघर्ष की, स्त्री का साथ संबल और सहयोग देता है.

## हमारे बिना कहां परिपूर्णता!

स्त्री पुरुष का सुंदर संयोग सृजन का आधार बनता है. तभी तो भारतीय संस्कृति में अर्धनारीश्वर पूजे जाते हैं. मनोविज्ञान की तकनीकी भाषा में इसे ही एंड्रोजेनी कहते. मनोविज्ञान कहता है कि स्त्री पुरुष के संतुलित गुणों से युक्त व्यक्तित्व ही जीवन के हर स्तर पर सफल होने का माद्दा रखता. ऐसे व्यक्तित्व को एंडोजेनस पर्सनैलिटी कहते हैं. यह बात और है कि हम कई बार विज्ञान की इस सच्चाई से नावाकिफ रहते हैं और अपनी संस्कृति को भी बिसरे रहते. तभी तो काम को औरताना और मर्दाने खाने में बांटते हैं. ज्यादातर गालियां महिलाओं को टार्गेट कर के लिए रची-कही जाती है और बेशक असर भी कर जाती है. ऐसे लोग महिलाओं को उनके हिस्से का सम्मान नहीं देते, लेकिन उन्हें सम्मान का प्रतीक बना कर आए दिन गली-चौराहे पर लूटने की वस्तु बना देते.

### पायल की झंकार रस्ते-रस्ते, मैं ढूंढू तेरा प्यार रस्ते-रस्ते

# ऐसे चमक जाएगी चांदी की पायलिया..

**नवरात्र के दौरान सोलह श्रृंगार का अपना महत्व है और इसमें पायल भी शरीक है. नन्हीं बेटियों की पायल की रुन-छुन जहां घर का माहौल उत्सवी बनाते हैं, वहीं शादीशुदा महिलाएं जब घर में पायल खनकाते चलती हैं तो श्री-समृद्धि का अहसास होता है. इन दिनों प्रतिदिन के जीवन में पायल का उपयोग कम ही होता है. कई पर तो रखे-रखे ही पायल की चांदी का रंग काला हो जाता है. वहीं नियमित उपयोग के दौरान बार-बार पानी में जाने की वजह से भी चांदी का रंग काला पड़ जाता है. आइए आज हम जाने कि चांदी की पायल को घर में ही कैसे करें साफ**

## नींबू-नमक का घोल

एक कटोरे में गर्म पानी लें, उसमें आपको कम से कम तीन चम्मच नमक मिलाएं. इसी पानी में एक बड़ा नींबू निचोड़ लें. अब अपने पायल को भी उस पानी में डाल दें. एक घंटे बाद सूती कपड़े से रगड़ कर सूखा लें.

## सिरका-बेकिंग सोडा

एक कटोरे में खौलता हुआ गर्म पानी डालें. इसमें 4 चम्मच सिरका मिलाएं. साथ ही दो बड़े चम्मच बेकिंग सोडा भी डालें. अब चांदी के गहनों को इस घोल में 2-3 घंटे के लिए छोड़ दें. अब पायल को निकाल कर ठंडे पानी में डाल दें. इसके बाद सूती कपड़े से रगड़ कर साफ कर लें.

## फॉइल पेपर



एक फ्राई पैन में फॉइल पेपर फैला लें. अब इसमें आप 3 ग्लास पानी डालें, और चम्मच नमक मिला लें. फिर पानी को अच्छे से उबाल आने तक गर्म करें. पानी गर्म होने के बाद इसमें चांदी की पायल डालें और 2 मिनट तक रहने दें. फिर गैस बंद करें और पानी में से पायल निकाल लें.



## टूथपेस्ट

किसी पुराने टूथब्रश पर टूथपेस्ट लगाकर अपनी पायल पर रगड़िए. उसे अच्छी तरह रगड़ने के बाद इस चांदी को गर्म पानी में डाल दीजिए और कुछ वक्त बाद साफ पानी से धो लीजिए.

## चायपत्ती और डिटर्जेंट पाउडर

एक गहरे बर्तन में एक गिलास पानी डालें और फिर उसमें एक चम्मच चायपत्ती और एक चम्मच डिटर्जेंट पाउडर को डालकर उबालें. इसके बाद इसमें चांदी की पायल डालकर 2 मिनट तक उबलने दें. पायल को निकालकर थोड़ी देर तक ब्रश या स्क्रब के सहायता से रगड़ें और फिर उसे साफ पानी से धोकर कपड़े से सुखा लें.

## डिटर्जेंट-पानी

एक गहरे बर्तन में गर्म पानी डिटर्जेंट लें. पायल को कुछ देर के लिए उसमें डुबा दें. कुछ देर डुबोए रखने के बाद उन्हें बाहर निकालकर ब्रश से हल्के हाथ से रगड़ लें. उसके बाद साफ पानी से धोकर, पोंछ लें.

## टोमैटो सॉस

टोमैटो सॉस को एक प्लेट पर निकाल लें. पायल का जो हिस्सा गंदा है, उस पर सॉस को रगड़ें. अगर आपको ज्यादा चमक चाहिए तो पायल को कुछ देर तक सॉस में ही छोड़ दें. उसके बाद साफ कपड़े से पोछ लें.

## या देवी सर्वभूतेषू....

इंसान को एक सार्थक और समायोजित जीवन के लिए जहां ममता, स्नेह, सहिष्णुता, उदारता जैसे स्त्रैण यानि औरताना गुणों की दरकार होती है, वहीं साहस, प्रभुत्व(डोमिनेटिंग), पराक्रम आदि जैसे मर्दाने माने जाने वाले गुणों की भी आवश्यक्ता होती है. मनोविज्ञान की तकनीकी भाषा में ऐसे व्यक्तित्व को एंड्रोजेनस कहते हैं. मां दुर्गा भी तो ऐसी ही हैं. समस्त स्त्रीत्व का केंद्र हैं मां दुर्गा. मातृमूर्ति. कृपालु, कोमल और ममता की प्रतीक. वहीं रौद्र रुप में असुरों का संहार करने वाली भी. पिता की तरह संरक्षणकर्ता और पालनहार हैं तो मां की तरह हमारी गलतियों को माफ कर ममता बरसाने वाली भी.

श्री दुर्गा सप्तशती के आठवें अध्याय में उल्लेख है कि असुरों के विनाश और देवताओं के अभ्युदय के लिए ब्रह्मा, शिव, कार्तिकेय, विष्णु और इंद्र आदि देवों की शक्तियां जो बहुत पराक्रम और बल से सम्पन्न थीं, उनके शरीरों से निकल कर उन्हीं के रूप में चंडिका देवी के पास गयीं. जिस देवता का जैसा रूप, जैसी वेशभूषा और जैसा वाहन है, ठीक वैसे ही साधनों से सम्पन्न होकर उनकी शक्ति असुरों से युद्ध करने के लिए आईं. यानि स्त्री और पुरुष दोनों की शक्ति से सम्पन्न होकर असुरों का संहार किया. जब इन दोनों शक्ति से युक्त होना श्रद्धा और अराधना का विषय है फिर हम इंसान कैसे राह भटक जाते.

सवाल यह है कि क्यों मर्दाना स्त्री और स्त्रैण पुरु गालियों या हास्य परिहास के विषय बनते! क्या औरतों की तरह रोते हो, क्या मर्दों की तरह अधिकार दिखाती हो जैसी भाषा हमारे ही आस पास की हैं. ऐसी ही बातों से डर कर ही तो हम महिलाएं अपनी महत्वाकांक्षा को छिपाने का विषय बना लेतीं. बेशक महिलाओं का वाई फैक्टर (एक्सवाई क्रोमोजोम) से मुक्त होना ही उसे स्वभावतः सहनशील और प्रेममय बनाता है. पर यह भी जीवविज्ञान ही कहता है कि हमारे शरीर में पुरुष और स्त्री दोनों हार्मोन मौजूद रहते हैं, भले ही मात्रा का फर्क हो. यह बात और है कि हमारा समाज, हमारा परिवेश और हमारा साहित्य भी समानता की धारणा को परे रख कर हमें औरताना और मर्दाना खांचे में ढालने को बेताब रहता है.

बहरहाल, मां दुर्गा प्रकृति और पुरुष का योग हैं. जहां एक हैं, वहां दूसरे की भी उपस्थिति ही सत्य है. कभी एक प्रत्यक्ष होगा तो दूसरा गौण...एक प्रत्यक्ष दिखेंगे तो दूसरे परोक्ष, पर हैं तो दोनों साथ ही. संबोधन ही देखिए ना! वैष्णवी, शिवा आदि नाम उच्चारण पर मां दुर्गा के साथ क्या नहीं याद आ जाते विष्णु और शिव. जी हां, लैंगिक समानता ही नैसर्गिक है. सृष्टि का सच है. जीवन का आधार है. हमारी आस्था भी यही है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट: जेएससीए में बना टूर्नामेंट सबसे बड़ा स्कोर

# जेएससीए में लगी रनों झड़ी, बने कई रिकॉर्ड

खेल संवाददाता । रांची

### पंजाब ने आंध्रा के खिलाफ बनाए 275 रन, 105 रन से जीती पंजाब की टीम

घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 16वें एडिशन में मंगलवार को रांची में ग्रुप सी के चार मुकाबले खेले गए. जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में गोवा, रेलवेज और पंजाब और गुजरात ने अपने- अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे. वहीं पंजाब ने आंध्रा के खिलाफ 275 रन बनाकर मुंबई के वर्ष 2019 का 258 रनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और 105 रनों की बड़ी जीत दर्ज की साथ ही पंजाब ने कई रिकॉर्ड अपने नाम इस दौरान पंजाब की पारी में कुल 22 छक्के लगे.

**पंजाब ने आंध्रा को धोया :** जेएससीए के मुख्य मैदान में पंजाब और आंध्रा के बीच खेले गए मुकाबले को पंजाब 105 रनों से जीता. पंजाब के कप्तान मंदीप सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह के बीच पहले विकेट के लिए 93 रनों की तेज साझेदारी बनी. प्रभसिमरन के 24 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटने के बाद अभिषेक ने अपना शतक सिर्फ 42 गेंदों में ही पूरा कर लिया. 51 गेंदों में 9 चौके और 9 छक्कों की मदद से कुल 112 रनों की पारी खेली. आखिरी के ओवरों में अनमोलप्रीत सिंह ने 300 के अधिक स्ट्राइक रेट के साथ सिर्फ 26 गेंदों में 87 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर पंजाब को नए रिकॉर्ड पर पहुंचा दिया. इस दौरान अनमोलप्रीत ने कुल 6 चौके और 9 छक्के लगाए. पंजाब ने 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 275 रन बनाए. इस दौरान पंजाब की ओर से कुल 22 छक्के लगे. दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रा की टीम की ओर से रिक्की भुई ने नाबाद 52 गेंदो में 104 रन बनाए. हालांकि दूसरी छोर से उन्हें साथ नहीं मिला और 20 ओवर में टीम 7 विकेट पर 170 रन ही बना सकी. पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार ने 3 विकेट और सिद्धार्थ कौल ने 2 विकेट झटके.




#### पंजाब ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

- किसी भारतीय टी-20 टीम का सर्वोच्च स्कोर का नया रिकॉर्ड बना. इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम टी-20 में सर्वोच्च स्कोर (263 बनाम पुणे वारियर्स, 2013) का रिकॉर्ड दर्ज था.
- पंजाब की ओर से 22 छक्के लगे, जो किसी भारतीय टी-20 टीम द्वारा लगाया गया सर्वाधिक है. इससे पहले ये रिकॉर्ड भी आरसीबी (21 छक्कों) के ही नाम दर्ज था.
- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अभी तक एक मैच में सर्वाधिक स्कोर बनाने का रिकॉर्ड मुंबई के नाम था, जिन्होंने साल 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुकाबले में 258 रनों का स्कोर बना दिया था. इस मैच में श्रेयस अय्यर ने 55 गेंदों में 147 रनों की पारी खेली थी.

#### गोवा ने मणिपुर को 6 विकेट से हराया

जेएससीए के ओवल मैदान के गोवा और मणिपुर के बीच खेले गए मुकाबले में गोवा ने 6 विकेट से जीत दर्ज की. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मणिपुर की टीम गोवा के कसी हुई गेंदबाजी के सामने 9 विकेट पर 122 रन ही बना सकी. मणिपुर की ओर से नगरियांबन जॉनसन ने सर्वाधिक 50 रनों की पारी खेली. गोवा की ओर से शुभम तारी, अर्जुन तेंडुलकर ने 2-2 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा की टीम केवी सिद्धार्थ के 39 और ईशान गाडेकर के 34 रनों की बदौलत 16.2 ओवर में 4 विकेट पर 123 रन बनाकर जीत दर्ज की.

#### रेलवेज ने अरुणाचल प्रदेश को 127 रनों से हराया

जेएससीए के ओवल मैदान में खेले गए दूसरे मुकाबले में रेलवेज ने अरुणाचल प्रदेश को 127 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की. रेलवेज के कप्तान कर्ण शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. उपेंद्र यादव के 51 गेंदों में 103 रन और आशुतोष शर्मा के 12 गेंदों में 53 रनों की मदद से 5 विकेट पर 246 रनों का स्कोर खड़ा किया. इस दौरान उदेंद्र ने 9 और आशुतोष ने 8 गगनचुंबी छक्के लगाए. अरुणाचल की ओर से अप्रमेय ने 2 विकेट लिए. दूसरी पारी में रेलवेज के सुशील ने 17 रन देकर 4 विकेट लेकर अरुणाचल की कमर तोड़ दी. पूरी टीम 119 रन पर ऑल आउट हो गई. अरुणाचल की ओर से आयुष ने सर्वाधिक 36 रन बनाए. वहीं रेलवेज के शिवम और आकाश ने 2-2 विकेट झटके.

#### 6 विकेट से जीती गुजरात की टीम

जेएससीए के मुख्य मैदान में खेले गए गुजरात और सौराष्ट्र के बीच मैच में गुजरात ने 6 विकेट से जीत दर्ज की. सौराष्ट्र की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए. टीम के लिए हार्विक ने सर्वाधिक 41 रन बनाए .लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरजरात की टीम ने 6 विकेट शेष रहते मैच को जीत लिया.

## फील्ड अपडेट

### अंडर- 9 राष्ट्रीय चेस चैंपियनशिप 2 नवंबर से



**अदित्यपुर।** 36वां अंडर- 9 बालक एवं बालिका राष्ट्रीय चेस चैंपियनशिप 2 से 8 नवंबर तक सरायकेला के वेव इंटरनेशनल होटल में आयोजित होगा. इसकी जानकारी जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर दी और पोस्टर भी लांच किया. प्रेसवार्ता में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव अजय कुमार, संरक्षक शंभूनाथ सिंह, नंद कुमार सिंह और जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन शामिल थे. संघ के अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 11 चक्र के खेल स्विस पद्धति से खेला जाएगा. बालक बालिका वर्ग के विजेता को 50- 50 हजार रुपये, उप विजेता को 36-36 हजार रुपए और तीसरे स्थान के खिलाड़ियों को 30-30 हजार रुपए पुरस्कार दिया जाएगा. 11 से 20वें स्थान पानेवाले खिलाड़ियों को 4-4 हजार रुपए पुरस्कार मिलेगा.

### हॉकी के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 21 को

**रांची।** तमिलनाडु में 17 से 28 नवंबर तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड के पुरुष टीम के गठन को लेकर खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू, गर्ल्स हाई स्कूल किया जाएगा. इस चयन ट्रायल में झारखंड को कोई भी हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जो पूर्व से निबंधित हैं. चयन ट्रायल में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, हॉकी इंडिया का आईडी कार्ड लाना अनिवार्य होगा.

### नंदपुर में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 3 नवंबर से

**मनोहरपुर।** नंदपुर में स्व. हरीश चंद्र दास मेमोरियल तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता महाकुंभ का भव्य आयोजन 3 नवंबर से शुरू होगा. प्रतियोगिता 3, 4 एवं 5 नवंबर तक होगी. यह जानकारी आयोजन समिति नंदपुर बॉयज क्लब के अध्यक्ष कृष्णा चंद्र सुरीन ने दी. उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में महिलाओं की 8 टीम एवं पुरुष वर्ग की 16 टीमें भाग ले रही हैं. इस प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागी टीमों के अलावा मैन ऑफ सीरिज बेस्ट गोलकीपर और मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा. प्रथम प्राइज नगद राशि 50,000 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय प्राइज 30,000 रुपए और ट्रॉफी, तृतीय प्राइज 20,000 रुपए और ट्रॉफी और चतुर्थ प्राइज 15,000 रुपए और ट्रॉफी दी जाएगी.

## सुब्रतो कप: झारखंड की टीम क्वाफा. में पहुंची

खेल संवाददाता। रांची

सुब्रतो मुखर्जी एजुकेशन सोसायटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 में झारखंड की टीम नवोदय विद्यालय को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची. अपना पहला मैच सिक्किम 4-0 से हारने के बाद दूसरे मैच में शानदार वापसी करते हुए झारखंड की टीम ने दूसरे मैच में सीआईएससीई को 4-0 से हराया, तीसरे मैच में उत्तराखंड को 3-1 से, और चौथे मैच में नवोदय विद्यालय संगठन को 5-0 से हराकर अपने पूल में टॉप पर रहते हुए क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया. मंगलवार को खेले गे मैच में झारखंड की ओर से महेंद्र बेदिया ने शानदार 3 गोल और करमचंद ने 2 गोल कर झारखंड को शानदार जीत दिलायी.



इस मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्यों समेत शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पूरी टीम एवं उनकी टीम कोच सोमनाथ सिंह, मेनेजर शमशाद अहमद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी.

## फेंसिंग चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को डीसी ने किया सम्मानित

**हजारीबाग।** राज्य स्तरीय फेंसिंग चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को डीसी नैंसी सहाय ने मंगलवार को डीसी ने सम्मानित किया. 15वीं झारखंड राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन 13 से 15 अक्तूबर तक घाटोटांड़ में किया गया था. इस चैंपियनशिप में हजारीबाग जिला फेंसिंग संघ के 16 सदस्यीय टीम गई थी. इसमें 13 खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज पदक जीता था. सभी विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल के लिए गुजरात जाएंगे. इस चैंपियनशिप में रोशन कुमार भुइयां को गोल्ड, शशि उरांव को सिल्वर, सुशील कुमार और वाहिद को ब्रांज मेडल मिला. खिलाड़ियों को डीसी नैसी सहाय ने सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए मेहनत करते रहने की सलाह दी.

## लातेहार रॉयल्स व लातेहार बुल्स की टीमें जीतीं

संवाददाता । लातेहार

मंगलवार को जिला स्टेडियम में खेले गए लातेहार प्रीमियर क्रिकेट लीग के मैचों में लातेहार रॉयल्स व लातेहार बुल्स ने अपने अपने मैच जीत लिये. पहला मैच लातेहार फाइटर और लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया. लातेहार फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बनाए. आर्यन तिवारी 46 व रोहित महतो ने 27 रनों का योगदान दिया. लातेहार रॉयल्स की ओर से आर्यन अग्रहरी ने तीन तथा राजा तिवारी, विकास पांडेय व अमन मोदनवाल ने एक- एक विकेट लिए. लातेहार रॉयल्स ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर मैच को जीत लिया. आर्यन अग्रहरी ने 37 व विकास पांडेय ने 22 रनों का योगदान दिया. मैन ऑफ द मैच लातेहार रॉयल्स के आर्यन अग्रहरी को चुना गया.



### लातेहार बुल्स एकतरफा मुकाबले में जीता

दूसरा मैच लातेहार बुल्स और लातेहार सुपरकिंग के बीच खेला गया. लातेहार सुपरकिंग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 73 रन ही बना सकी. अतुल कुमार गुप्ता 19 तथा युवराज ने 16 रनों का योगदान दिया. लातेहार बुल्स की ओर से प्रशांत सुमन ने तीन, राकेश साहू तथा शनि सचिन तिवारी ने दो- दो विकेट लिये. लातेहार बुल्स ने 10 वें ओवर में ही चार विकेट खोकर मैच को जीत लिया. जयदेव 25 , अनिकेत पाठक 23 तथा शनि सचिन तिवारी ने 18 रनों का योगदान दिया. लातेहार सुपरकिंग की ओर से शुभम कुमार ने दो, रौनक तथा वैभव विशाल ने एक-एक विकेट विकेट लिये.

## विश्व कप : फॉर्म में चल रही न्यूजीलैंड के लिए आसान नहीं होगी अफगानिस्तान की चुनौती

# फिर उलटफेर करना चाहेगा अफगानिस्तान

भाषा । चेन्नई

मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को हराकर अफगानिस्तान ने विश्व कप में सभी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी है और बुधवार को यहां होने वाले मैच में न्यूजीलैंड उसे हलके में लेने की गलती कतई नहीं करेगा. न्यूजीलैंड टीम टूर्नामेंट में अजेय अभियान जारी रखना चाहेगी. वहीं दिल्ली मे पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रन से हराने वाली अफगानिस्तान एक और उलटफेर करने के इरादे से उतरेगी. न्यूजीलैंड अभी तक तीनों मैच जीतकर रनरेट के आधार पर भारत से पीछे दूसरे स्थान पर है. वहीं अफगानिस्तान को पहले दो मैचों में बांग्लादेश और भारत ने हराया लेकिन तीसरे मैच में हशमतुल्लाह शाहिदी की टीम ने इंग्लैंड जैसे धुरंधर को हराकर नया इतिहास रच दिया. अफगानिस्तान के लिये सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज दो मैचों में अर्धशतक जमा चुके हैं जबकि कप्तान शाहिदी, अजमतुल्लाह उमरजई और इकराम अलीखिल ने भी उपयोगी पारियां खेली हैं.अब उनका सामना ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी की रफ्तार और रविंद्र तथा मिशेल सेंटनेर की फिरकी से होगी.



### टीमें

**अफगानिस्तान :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक.

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान) , डेवोन कोंवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी.

**मैच का समय : दोपहर दो बजे से**

**चोट के कारण नहीं खेलेंगे विलियमसन :** न्यूजीलैंड की कमान एक बार फिर विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लाथम के हाथ में होगी चूंकि नियमित कप्तान केन विलियमसन बायें अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण कुछ मैचों से बाहर हैं. आईपीएल के दौरान लगी एसीएल चोट के कारण पहले दो मैचों से बाहर रहे विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ 78 रन बनाने के बाद अंगूठे में चोट के कारण बाहर हो गए. उनकी गैर हाजिरी में भी शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड टीम को लगातार चौथी जीत दर्ज करने के लिये इस लय को कायम रखना होगा. तेज गेंदबाज टिम साउदी अंगूठे की चोट से उबर चुके हैं और देखना यह है कि इस मैच में वह उतर पाते हैं या नहीं.

न्यूजीलैंड के पास शीर्ष क्रम में विल यंग, डेवोन कोंवे और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज हैं जबकि हरफनमौला रचिन रविंद्र ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया है. अब उनका सामना राशिद खान और मोहम्मद नबी की फिरकी से होगा जिन्होंने इंग्लैंड को खासा परेशान किया. चेपॉक की टर्निंग विकेट पर ये कीवी बल्लेबाजों के लिये खतरा साबित हो सकते हैं. दोनों टीमों का इस प्रारूप में दो ही बार सामना हुआ है और दोनों बार न्यूजीलैंड ने जीत दर्ज की है.

## फिट इंडिया : कस्तूरबा में खेलकूद का आयोजन

भरनो

भारत सरकार की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा फिट इंडिया, राष्ट्रीय एकता दिवस, स्वच्छता अभियान 3.0, सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0, मेरी माटी मेरा देश, पीएम विश्वकर्मा योजना, खादी महोत्सव, एक भारत- श्रेष्ठ भारत एवं केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत गुमला जिला के भरनो में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस क्रम में फिट इंडिया के तहत विद्यालय प्रांगण में खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. प्री प्रोग्राम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला के प्रांगण में खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिस के तहत पहले कबड्डी प्रतियोगिता हुई जिस में टीम नाइनटीन एवं टीम सेवनटीन के बीच टक्कर का मुकाबला हुआ. उसके बाद छात्राओं के बीच 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया. प्री प्रोग्राम के तहत आयोजित खेल कूद के विजेताओं को 18 अक्टूबर को होने वाले विशेष कार्यक्रम में मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा.



## एथलेटिक्स पूर्वी क्षेत्र एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने किया कमाल

# झारखंड के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत 12 पदक जीते

खेल संवाददाता । रांची

कोलकाता के साई स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 34वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन झारखंड के एथलीटोंचार स्वर्ण, तीन रजत, पांच कांस्य पदक समेत कुल 12 पदक जीते.

भारतीय एथलेटिक्स संघ नई दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल एथलेटिक्स एसोसिएशन कोलकाता के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में मेजबान पश्चिम बंगाल,बिहार, ओडिशा ,झारखंड, असम, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर,अरुणाचल प्रदेश की टीम भाग ले रही है.






### मार्च पास्ट में सामान्य कपड़ों ने दिखे झारखंड के एथलीट

पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के 136 एथलीटों ने भाग लिया. मंगलवार को उद्घाटन के मौके पर राज्य के खिलाड़ियों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी. मार्च पास्ट के दौरान सभी राज्यों के टीमों ने यूनिफॉर्म पहनी थी लेकिन झारखंड टीम के खिलाड़ी समान्य कपड़ों में नजर आए.

### पहले दिन के परिणाम

**स्वर्ण पदक**

**बालिका अंडर- 20 वर्ग**
आशा किरण बारला -800 मीटर
संघमित्रा महथा - 3000 मीटर
**बालिका अंडर- 18 वर्ग**
हेमंती कुमारी -800 मीटर
**बालक एंव बालिका अंडर- 20 वर्ग**
रोबिन कुमार,विकास कुमार, प्रीति प्रमाणिक, धानो कुमारी- मिक्स रिले

**रजत पदक**

**बालक अंडर 18 वर्ग**
दीपक कुमार महतो - 3000 मीटर
**बालक अंडर- 20 वर्ग**
युवराज सिंह अटवाल - डिसकस थ्रो
**बालक अंडर 16 वर्ग**
अमित कुमार महतो -2000 मी

**कांस्य पदक**

**बालक अंडर -18 वर्ग**
केशव कुमार-800 मीटर
**बालिका अंडर -20 वर्ग**
सुमिना उरांव- शॉटपुट
**बालक अंडर 16 वर्ग**
विवेक यादव -जेवलिन थ्रो
**बालक अंडर 18 वर्ष**
नीरज कुमार यादव -जेवलिन थ्रो
**बालिका अंडर 18 वर्ग**
आशा कुमारी -1500 मी

# राष्ट्रीय सब-जूनियर टेनिस वॉलीबॉल के लिए झारखंड टीम घोषित

संवाददाता । रांची

महाराष्ट्र टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन और टेनिस वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 24 अक्टूबर तक 25वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर अंडर-16 आयु वर्ग और जूनियर -18 आयु वर्ग के बॉयज और गर्ल्स टेनिस बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. पुणे के शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतियोगिता के लिए झारखंड की सब जूनियर आयु वर्ग के बालक एवं जूनियर आयु वर्ग की बालक एवं बालिका टीमें भाग लेंगी, जिसकी घोषणा टेनिस बॉलीबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा की गई. झारखंड टेनिस बॉलीबॉल टीम कोच दीपक कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को आजाद हिंद एक्सप्रेस टाटा नगर रेलवे स्टेशन से पुणे, महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेगी.



### चयनित खिलाड़ियों की सूची

**सब जूनियर बालक वर्ग :** अंशू प्रसाद (कप्तान), रोहन कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, सन्नी राज, आदित्य मिश्रित युगल में कुमार सिंह, शिव शंभू उपाध्याय, प्रिंस कुमार, कोच सृजल कुमार सिंह

**जूनियर बालक वर्ग :** मिश्रित युगल में रौनक कुमार (कप्तान), अभिजीत विश्वास, आशीष राज, प्रिंस कुमार, विवेक कुमार, शिवम मिश्रा, आयुष कुमार, कोच श्वेत सिंह.

**जूनियर बालिका वर्ग :** दीक्षा राज (कप्तान), प्रीति कुमारी, मुस्कान कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, स्नेहा विश्वकर्मा, हर्षिता भारद्वाज, स्मृति साथ मिश्रित युगल में स्नेहा कुमारी, कोच दीपक कुमार शामिल हैं.



बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के खिताब से नवाजे गए पंकज त्रिपाठी



आलिया भट्ट : बेस्ट एक्ट्रेस



कृति सेनन : बेस्ट एक्ट्रेस से नवाजी गईं



अल्लू अर्जुन : बेस्ट एक्टर

## राष्ट्रपति ने प्रदान किए नेशनल फिल्म अवाड्‌र्स

**नई दिल्ली।** 69वें नेशनल फिल्म अवॉड्‌र्स की एक महीने पहले घोषणा के बाद मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में सभी विनर्स को अवॉर्ड दिया गया. इस मौके पर स्टार्स आलिया भट्ट, पंकज त्रिपाठी और कृति सेनन को उनकी बेहतरीन एक्टिंग के लिए नेशनल अवॉर्ड से नवाजा गया. इस दौरान बॉलीवुड के कई दिग्गज सितारे वहां मौजूद रहे. साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला.

### आओ जानें

## देशों के सैन्य खर्च

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2022 | यूएसए $877 बिलियन | 2022 | यूके $69 बिलियन |
| 2010 | यूएसए $778 बिलियन | 2010 | यूके $64 बिलियन |
| 2022 | चीन $292 बिलियन | 2022 | जापान $46 बिलियन |
| 2010 | चीन $105 बिलियन | 2010 | जापान $54 बिलियन |
| 2022 | रूस $86 बिलियन | 2022 | यूक्रेन $44 बिलियन |
| 2010 | रूस $58 बिलियन | 2010 | यूक्रेन $2.59 बिलियन |
| 2022 | भारत $81 बिलियन | 2022 | तुर्की $10.6 बिलियन |
| 2010 | भारत $46 बिलियन | 2010 | तुर्की $17.65 बिलियन |
| 2022 | स. अरब $75 बिलि | 2022 | पाकिस्तान $10 बिलियन |
| 2010 | स. अरब $45 बिलि | 2010 | पाकिस्तान $5.97 बिलियन |



### ब्रीफ खबरें

### काले हिरण मारने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोटा।** कोटा के वनक्षेत्र में एक कार में मृत मादा काला हिरन पाए जाने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. स्थानीय थाना प्रभारी जगदीश राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर रात देवली-मांजी थाना क्षेत्र के चोमा कोट गांव के पास, इस लुप्तप्राय प्रजाति के शिकारियों के खिलाफ चलाए गए एक अभियान के दौरान कार में मृत मादा हिरन पाया गया.

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया. बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदेपारा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरंजेड-बंदेपारा गांव के जंगल में मद्देड एरिया कमेटी के प्रभारी नागेश की उपस्थिति की सूचना मिली थी.

### जीआईएमएस ने की नर्सों की भर्ती रद्द

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जीआईएमएस) ने सोमवार को 255 स्टाफ नर्स पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया रद्द कर दी है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अस्पताल में कुछ कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के बाद इसे रद्द किया गया है. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन से अस्पताल में उपचार सेवाएं प्रभावित हो रही थी.

### सेवानिवृत्त अपर महाप्रबंधक से 31 लाख की ठगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के सेवानिवृत्त अपर महाप्रबंधन से ऑनलाइन काम दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 31 लाख रुपये से अधिक ठग लिये. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि सेक्टर-62 के आकांक्षा अपार्टमेंट निवासी सत्यदेव सिंह की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है.

### रामलीला के दौरान गिरी लाइट, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ हिस्सों में सोमवार की रात तेज हवा चलने और बारिश के बीच लाल किला के पास रामलीला मंचन के दौरान लाइट गिरने से 11 वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोग घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तेज हवा चलने के कारण रामलीला मैदान में अचानक 12 फुट ऊंचे मंच की लाइट दर्शकों पर गिर गई, जिससे तीन लोग घायल हो गए.

### कांग्रेस के पूर्व विधायक फिरोजपुर में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलबीर सिंह जीरा को कुछ दिन पहले एक अधिकारी को उसके कर्तव्य पालन में बाधा डालने के आरोप में, मंगलवार को सुबह फिरोजपुर जिले में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. गिरफ्तारी के बाद बड़ी संख्या में जीरा के समर्थक थाने में एकत्र हो गए और आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.

### लेबनान से दागी गई एंटी टैंक मिसाइल, इजराइल ने की जवाबी कार्रवाई

# फिर... छिड़ गया संघर्ष

**भाषा। बेरूत**

लेबनान और इजराइल की सीमा पर मंगलवार को फिर संघर्ष छिड़ गया. गाजा में लड़ाई शुरू होने के साथ ही इजराइल और लेबनान के सशस्त्र समूहों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हो गयी थीं. मंगलवार सुबह लेबनान से दागी गयी एंटी टैंक मिसाइल उत्तरी इजराइल के मेटुला में गिरी और तीन लोग घायल हो गये. साफिद में 'जीव मेडिकल सेंटर' ने यह जानकारी दी. लेबनान के किसी संगठन ने तत्काल इस मिसाइल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. वैसे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि इस मिसाइल हमले में घायल हुए लोग आम नागरिक हैं या सैनिक, लेकिन इजराइल लेबनान सीमा से सटे क्षेत्रों में रह रहे लोगों को इलाके को खाली करने का आदेश दे चुका है. इजराल ने दक्षिणी लेबनान में सीमावर्ती क्षेत्रों में कई गोले दागे और व्हाइट फॉस्फोरस छोड़ा. लेबनान की सरकारी समाचार समिति नेशनल न्यूज एजेंसी ने यह खबर दी. इजराइल की सेना ने कहा कि सीमा पार से एंटीटैंक मिसाइल दागे जाने के बाद उसके टैंकों ने जवाबी कार्रवाई की. मंगलवार को उससे पहले इजराइली सेना ने कहा था कि उसने उन चार आतंकवादियों को मार गिराया जिन्होंने इजराइल और लेबनान के बीच की दीवार में विस्फोटक लगाने की कोशिश की थी.

**फिलिस्तीनियों ने किया दक्षिणी गाजा में भीषण बमबारी का दावा : तेल अवीव।** गाजा में फिलिस्तीनियों ने मंगलवार को तड़के खान यूनिस और रफ़ाह के दक्षिणी शहरों के पास भीषण बमबारी किए जाने का दावा किया. हालांकि, अभी तक हताहत होने वालों की संख्या के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है. स्थानीय खबरों के अनुसार, इजराइल की ओर से खान यूनिस के पश्चिम और दक्षिण-पूर्व और रफ़ाह के पश्चिम के इलाकों को निशाना बनाया गया. अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ विदेशी पासपोर्ट वाले शरणार्थियों को सहायता देने की अनुमति के लिए एक समझौते पर जोर दे रहे हैं. ऐसे में गाजा से पलायन करने की कोशिश कर रहे हजारों की संख्या में लोग रफ़ाह में एकत्र हैं, जो इस क्षेत्र से मिस्र तक जाने वाली एकमात्र सीमा है.



दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में इजराइली हवाई हमले से नष्ट हुए घर.

### युद्ध जारी

- इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में सीमावर्ती क्षेत्रों में कई गोले दागे
- सीमा से सटे क्षेत्रों के लोगों को क्षेत्र खाली करने का दिया था आदेश

### हमास-इजराइल युद्ध में मिस्र के लिए क्या दांव पर लगा है

संघर्ष का परिणाम मिस्र को कुछ लाभ पहुंचा सकता है. उदाहरण के लिए, मिस्र फिलिस्तीनी प्राधिकरण की वापसी चाहता है, जो गाजा में प्रशासक के रूप में कूटनीति और वार्ता में शामिल होने के लिए अधिक इच्छुक है. ऐसा परिदृश्य जहां हमास काफी कमजोर हो गया है, नए विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है, जिसमें संभवत: फिलिस्तीनी प्रशासन की क्रमिक वापसी भी शामिल है. इस मामले में, मिस्र और इज़राइल को अपनी सीमाओं के पार एक अधिक व्यावहारिक पड़ोसी मिल सकता है. यदि युद्ध के अंत में हमास सत्ता खो देता है, तो संभवत: मिस्र सरकार परिवर्तन चरण में शामिल हो जाएगा. पिछले कुछ वर्षों की तरह, मिस्र से अपेक्षा की जाती है कि वह साधन बने जिसके माध्यम से अरब देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सहायता और धन गाजा में स्थानांतरित किया जाएगा, इसकी पुनर्निर्माण प्रक्रिया में भाग लिया जाएगा, और यह इसके भविष्य को आकार देने में एक प्रमुख प्रभावशाली कारक होगा.

### राष्ट्रपति बाइडन इजराइल और जॉर्डन की यात्रा करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन हमास के हमले के बाद इजराइल के प्रति अपना समर्थन जताने के लिए बुधवार को इजराइल की यात्रा करेंगे. अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने सोमवार को यह जानकारी की. व्हाइट हाउस ने यह भी बताया कि बाइडन एक शिखर बैठक के लिए जॉर्डन भी जाएंगे, जहां वह जॉर्डन एवं मिस्र के राष्ट्राध्यक्ष और फलस्तीन के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे.

### नीली अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टि दस्तावेज किया जारी

# समुद्री परियोजनाओं की शुरुआत

**भाषा। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 23,000 करोड़ रुपये की समुद्री परियोजनाओं की शुरुआत की और इसके साथ ही नीली अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टि दस्तावेज जारी किया. एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें बंदरगाह सुविधाओं में वृद्धि, सतत प्रथाओं को बढ़ावा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाए जाने के मकसद से रणनीतिक पहल की रूपरेखा तैयार की गई है. उन्होंने 'ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट' के तीसरे संस्करण के दौरान भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए 23,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया या उनका शिलान्यास किया. इस शिखर सम्मेलन में भविष्य के पत्तनों सहित समुद्री क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. इसके अलावा बैठक में कार्बन में कटौती (डिकार्बोनाइजेशन), तटीय जहाजरानी और अंतरदेशीय जल परिवहन, पोत निर्माण, वित्त, समुद्री पर्यटन आदि मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी. प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में करीब 4,500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले टूना-टेकरा टर्मिनल की नींव रखी. इस ग्रीनफील्ड टर्मिनल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रक्रिया के तहत विकसित किया जाएगा.

**अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना :** इस टर्मिनल के एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है और यह अगली पीढ़ी के पोतों का प्रबंधन करेगा और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के जरिए भारतीय व्यापार के लिए प्रवेश द्वार का कार्य करेगा.



वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जीएमआईएस 2023 के उद्घाटन में शामिल हुए पीएम.

### खास बातें

- 3000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन
- भविष्य के पत्तनों सहित समुद्री क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर होगी चर्चा

### विभिन्न देशों के मंत्री करेंगे शिरकत

पीएम मोदी ने समुद्री क्षेत्र में वैश्विक और राष्ट्रीय भागीदारी के लिए करीब 7.16 लाख करोड़ रुपये के 300 से अधिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी समर्पित किए. इस शिखर सम्मेलन में यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया (मध्य एशिया, मध्य पूर्व और बिम्सटेक क्षेत्र सहित) के विभिन्न देशों के मंत्री भाग लेंगे. इस अहम समुद्री कार्यक्रम में वैश्विक मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ), व्यापारिक क्षेत्रों के प्रमुख लोग, निवेशक, अधिकारी और वैश्विक स्तर के अन्य हितधारक भाग लेंगे. शिखर सम्मेलन में कई राज्यों का भी प्रतिनिधित्व होगा.

### रणबीरेश्वर मंदिर का एक हिस्सा ध्वस्त

**जम्मू।** जम्मू स्थित प्राचीन रणबीरेश्वर मंदिर का एक हिस्सा बारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सोमवार की सुबह ध्वस्त हो गया. मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी निभा रहे धर्मार्थ ट्रस्ट ने यह जानकारी दी. ट्रस्ट ने बताया कि घटना में किसी की जान नहीं गई है और न ही कोई घायल हुआ है.

## ऑनलाइन सट्टेबाजी में 23 लाख नकद व सवा किलो सोना जब्त

**भाषा। इंदौर**

क्रिकेट विश्प कप स्पर्धा के जारी मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी का खुलासा करते हुए इंदौर में पुलिस ने 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से करीब 23 लाख रुपये की नकदी और 1.25 किलोग्राम वजनी सोने की सिल्ली जब्त की है. पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस की अपराध निरोधक शाखा की मदद से चलाई गई संयुक्त छापामार मुहिम के दौरान द्वारकापुरी क्षेत्र से सोमवार रात आरोपी विशाल मेहता (40) को गिरफ्तार किया गया है.

### युवाओं को 1,500 से 3,000 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का किया वादा

# मप्र चुनाव : कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

**भाषा। भोपाल**

मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमल नाथ ने मंगलवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और राज्य की एक आईपीएल टीम बनाने सहित कई वादे किए गए हैं. राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अपने 106 पन्नों के घोषणापत्र में 59 वादों को सूचीबद्ध किया है. इसमें किसानों, महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए आश्वासन शामिल हैं. कमल नाथ ने घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि हम सभी लोगों के लिए 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करेंगे, जिसमें 10 लाख रुपये का दुर्घटना कवर भी होगा. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की एक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम भी होगी. नाथ ने दो लाख रुपये तक के कृषि ऋृण माफ करने और महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह की सहायता देने की भी घोषणा की. उन्होंने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने, स्कूली शिक्षा मुफ्त करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और युवाओं को दो साल तक 1,500 रुपये से 3,000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया. मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 17 नवंबर को होने हैं.

### खास बातें

- 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर देने का वादा
- 10 लाख रुपये का दुर्घटना कवर भी होगा

### मकान में विस्फोट से चार लोगों की मौत और पांच हुए घायल

**मेरठ।** मेरठ में मंगलवार को सुबह लोहिया नगर इलाके में एक मकान में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि विस्फोट में कुल नौ लोग घायल हुए थे और इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों ने दम तोड़ दिया. उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती पांच लोगों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है. शेष घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. जिलाधिकारी ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है.




मुंबई में सोमवार को अभिनेत्री हेमा मालिनी, अपने 75वें जन्मदिन के जश्न के दौरान अपनी बेटियों एशा देओल (बाएं) और अहाना देओल (दाएं) के साथ. -फोटो: पीटीआई

### मिशन | इसरो चीफ ने कहा- गगनयान के तहत तीन और परीक्षण यान मिशन होंगे शुरू

# आदित्य एल1 के बाद अब गगनयान की तैयारी



**भाषा। श्रीहरिकोटा**

चंद्रयान 3 और आदित्य एल1 की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने एक और बड़े स्पेस मिशन की तैयारी कर रहा है. इसरो ने बताया कि 21 अक्टूबर को सुबह 7 से 9 बजे के बीच श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से एक टेस्टिंग यान के साथ गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मानव रहित उड़ान की टेस्टिंग शुरू करेगा. इसरो ने सोशल मीडिया मंच X पर एक पोस्ट में कहा कि मिशन गगनयान : टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान 21 अक्टूबर, 2023 को सुबह सात बजे से नौ बजे के बीच श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निर्धारित है. स्टिंग (टीवी-डी1) शुरू करेगा. इसरो चीफ एस सोमनाथ ने बताया कि 21 अक्टूबर को टीवी-डी1 टेस्टिंग उड़ान के बाद गगनयान कार्यक्रम के तहत तीन और परीक्षण यान मिशन शुरू किए जाएंगे.

**अंतरिक्ष की सैर पर जाएगा मानव मिशन :** इसरो अपने गगनयान मिशन के तहत मानव दल को पृथ्वी कक्षा में सफलतापूर्वक भेजकर उसे भारतीय समुद्री सतह पर उतारकर पृथ्वी पर सुरक्षित रूप से वापस लाने की क्षमता का आकलन करने की तैयारी की जा रही है. अगर भारत ऐसा कर लेता है, तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद चौथा देश बन जाएगा. परीक्षण यान की उड़ान (टीवी-डी1) का उद्देश्य क्रू मॉड्यूल अगले साल के अंत में मानव अंतरिक्ष उड़ान के दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाएगा. टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान में मानव रहित क्रू मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करना, इसे पृथ्वी पर वापस लाना और बंगाल की खाड़ी में उतरने के बाद इसे पुनर्प्राप्त करना शामिल है.

### खास बातें

- इसरो एक और बड़े स्पेस मिशन की तैयारी कर रहा है
- मिशन के लिए मानव रहित उड़ान की टेस्टिंग होगा शुरू

### 2040 में चांद पर उतरेगा कोई भारतीय : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से कहा कि वे 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने और 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखें. पीएम मोदी ने गगनयान मिशन की तैयारियों और 21 अक्टूबर को निर्धारित अंतरिक्ष यात्री बचाव प्रणाली परीक्षण यान की पहली प्रदर्शन उड़ान की समीक्षा संबंधी बैठक के दौरान ये निर्देश दिए. बयान में कहा कि बैठक में मिशन की तैयारी की समीक्षा की गई और 2025 में इसके प्रक्षेपण की पुष्टि की गई.

## देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है इंडिया

**भाषा। आइजोल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय जनता पार्टी से भी अधिक है. पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए चुनावी राज्य मिजोरम की यात्रा के दौरान राजधानी आइजोल में राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और धर्म या संस्कृति से परे लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने और सद्भाव से रहने की स्वतंत्रता को संरक्षित कर भारत की अवधारणा की रक्षा करेगा. भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि हमारे देश के लिए उनका दृष्टिकोण हमसे अलग है. आरएसएस का मानना है कि भारत को एक ही विचारधारा और संगठन द्वारा शासित किया जाना चाहिए.



### खास बातें

- कांग्रेस विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है
- देश के लिए हमारा दृष्टिकोण सबसे अलग

# मैथिली वेब सीरीज 'नून रोटी' बनकर तैयार, 27 को यूट्यूब पर होगी रिलीज

धर्मेंद्र कुमार । जमशेदपुर

मैथिली की पहली वेब सीरीज बनकर तैयार है. क्राउड फंडिंग से इसका निर्माण किया गया है. वेब सीरीज का नाम है नून रोटी. इस आठ एपिसोड की वेब सीरीज को 27 अक्टूबर को मैथिली यूट्यूब चैनल मधुर मैथिली पर जारी किया जाएगा. यह जानकारी इसके लेखक, निर्देशक, अभिनेता और मधुर मैथिली चैनल के जनक विकास झा ने मंगलवार को मानगो में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने बताया कि इस वेब सीरीज के माध्यम से बिहार की एक गंभीर समस्या बेरोजगारी और पलायन को उठाया है. इस सीरीज में यह बताने का प्रयास किया है कि सरकारी नौकरियों पर निर्भरता जरूरी नहीं है.



प्रेस वार्ता में उपस्थित वेब सीरीज के निर्माता एवं अन्य लोग.

## चार दोस्तों की है कहानी

चार दोस्तों के माध्यम से कही गई इस कहानी में बाहर की नौकरी छोड़कर पुनः अपनी पैतृक धरती पर लौटकर अपना खुद का कारोबार शुरू करने और इस दौरान हुई जद्दोजहद एवं संघर्ष को इस वेब सीरीज में दर्शाया गया है. साथ ही बिहार में बहुत से पर्यटन स्थलों को विकसित करने की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है. विकास झा ने बताया कि बिहार की बाहर एक पहचान भोजपुरी फिल्मों के माध्यम से है और हमारी जो छवि बनती है, उससे वे संतुष्ट नहीं हैं. इसलिए उस छवि को बदलने के उद्देश्य से इस मैथिली वेब सीरीज का निर्माण किया गया है.

- **क्राउड फंडिंग के जरिए हुआ है सीरीज का निर्माण**

**आठ एपिसोड की है वेब सीरीज**

## 50 लाख से कम खर्च में हुआ सीरीज का निर्माण

विकास झा ने बताया कि वेब सीरीज के निर्माण पर 50 लाख रुपए से कम खर्च हुआ. निर्माण में करीब डेढ़ साल का समय लगा है. कम लागत के बावजूद क्वालिटी से समझौता नहीं किया गया है. किसी अन्य प्लेटफॉर्म की तुलना में कहीं से कमतर नहीं है. इसकी शूटिंग चंपारण स्थित बाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व, सीतामढ़ी व भागलपुर में भी हुई है. इस अवसर पर मुख्य रूप से रोशनी झा, मणि कौशिक, दिवाकर झा और ऋषभ कश्यप उपस्थित थे.

आओ जानें

## 18 अक्टूबर का इतिहास

1386 : जर्मनी में हैडलबर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना में हुई.
1648 : उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में 'बोस्टन शूमेकर्स' पहला श्रम संगठन बना.
1878 : थॉमस एल्वा एडीसन ने घरेलू उपयोग के लिए बिजली उपलब्ध करायी.
1898 : अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको को अपने कब्जे में लिया.
1922 : ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना हुई.
1944 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की.
1954 : टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो की घोषणा की.
1998 : भारत और पाकिस्तान आणविक खतरे रोकने के लिए सहमत.

# मणिपुर में शांति व सद्भावना के लिए एक्सएलआरआई में हुआ गरबा



संवाददाता । जमशेदपुर

पूरा देश दुर्गोत्सव में लीन है. गरबा व डांडिया की धुन पर हर कोई थिरक रहा है. इसी बीच एक्सआरआई में अनोखे अंदाज में गरबा का आयोजन किया गया. संस्थान के पीजीडीएम (जीएम) की सांस्कृतिक समिति की ओर से "गरबा फॉर पीस" का आयोजन किया गया. इसमें एक्सएलआरआई के छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान एक्सएलआरआई के डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने कहा कि मणिपुर पिछले कई माह से हिंसा से जूझ रहा है. मेइतेई और कुकी के बीच जातीय हिंसा से मणिपुर का माहौल खराब है. इस पर्व-त्योहार के अवसर पर देश व खास कर मणिपुर के लोगों के बीच आपसी सद्भावना व शांति को लेकर गरबा फॉर पीस का आयोजन किया गया.

## गरबा में दिव्यांग शुभम व प्राची बने विजेता



**धनबाद** । दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय जीवन ज्योति में इनर व्हील रॉयल क्लब ऑफ धनबाद व द फाउंडेशन ए प्ले स्कूल फॉर किड्स ने नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया. बच्चों ने सांस्कृतिक परिधान में मां अंबे की स्तुति की और गरबा नृत्य पेश कर सभी को मुग्ध कर दिया. लड़कों के ग्रुप में शुभम दास और लड़कियों के ग्रुप में प्राची कुमारी ने प्रथम पुरस्कार जीता. जीवन ज्योति की प्राचार्या अपर्णा दास ने कहा कि स्कूल के विशेष बच्चों के साथ हम सभी त्योहार मनाते हैं. ताकि इन्हें भी उत्सव के महत्व की जानकारी हो सके. इस अवसर पर इनर व्हील रॉयल क्लब ऑफ धनबाद की रंजीत कौर, खुश्बू अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### ट्रॉफी टूर: एशियाई चैंपियंस टूर्नामेंट की ट्रॉफी विभिन्न हिस्सों में पहुंची

# गर्मजोशी के साथ ट्रॉफी का स्वागत

दिलीप कुमार । चांडिल

राजधानी रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाले झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन होने जा रहा है. इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले हॉकी इंडिया ने हॉकी झारखंड और झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का ट्रॉफी टूर आयोजित कर रहा है. मंगलवार को ट्रॉफी सरायकेला स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंची, जहां गर्मजोशी के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया गया. पदाधिकारियों के साथ खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया.

**पदाधिकारियों ने किया अनावरण :** मुख्य अतिथि उपायुक्त रविशंकर शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि डीडीसी प्रवीण गगरई, निदेशक आईटीडी संदीप, एडीसी सुबोध कुमार, एसडीओ रामकृष्ण कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सुधा वर्मा आदि ने ट्रॉफी का अनावरण किया. मौके पर उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने हॉकी पर हाथ भी आजमाए. इस अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला हॉकी संघ के सचिव अखिलेश्वर प्रसाद, हॉकी सरायकेला के अध्यक्ष राजू चौधरी, राजीव वर्मा, सरायकेला-खरसावां स्पोर्ट्स संघ के मो. दिलदार, सुरेश नारायण चौधरी व अन्य पदाधिकारियों और हॉकी संघ के बालक-बालिका खिलाडी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. ट्रॉफी का अगला पड़ाव चाईबासा है.

**रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होगी प्रतियोगिता**



पदाधिकारियों के साथ खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया.

## कब कहां पहुंचेगी ट्रॉफी

- 18 अक्टूबर 2023 : गिरिडीह, जमशेदपुर और कोडरमा
- 19 अक्टूबर 2023 : रामगढ़ और हजारीबाग
- 20 अक्टूबर 2023 : चतरा और पलामू
- 21 अक्टूबर 2023 : गढ़वा और लातेहार
- 22 अक्टूबर 2023 : लोहरदगा और गुमला
- 23 अक्टूबर 2023 : सिमडेगा
- 24 अक्टूबर 2023 : खूंटी

## वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का उपायुक्त ने किया अनावरण

**चाईबासा** । झारखंड (रांची) की मेजबानी में 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी -2023 का आयोजन होगा. विजेता टीम के दी जाने वाली ट्रॉफी मंगलवार को विभिन्न जिलों से भ्रमण करते हुए पश्चिम सिंहभूम पहुंची. इस ट्रॉफी का विधिवत अनावरण डीसी अनन्य मित्तल, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने संयुक्त रूप से किया. उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की आयोजन झारखंड रांची में हो रहा है. यह बेहद गर्व की बात है.

# महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट, धनिया 400 पार

रतन सिंह । जमशेदपुर

सब्जियों के बढ़ते दाम से आम आदमी की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है. सब्जियों की कीमत में हुई वृद्धि से लोगों की थाली से सब्जी गायब होने लगी है. पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव व निर्यात कम होने के कारण कई सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं. इससे गृहणियों की चिताएं बढ़ गई. उनका रसोई का बजट बिगड़ गया है. पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों को सब्जी खरीदने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही. सब्जियों के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी से लोगों की चिंता बढ़ गई है. सबसे ज्यादा दाम मटर, बींस, गोभी, धनिया पत्ता, पत्ता गोभी, फूल गोभी, लौकी, बैगन, करेला के बढ़े हैं. दाम बढ़ने से लोगों द्वारा कम खरीदारी करने से व्यापारियों के माथे पर भी चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं.

## क्या कहना है लोगों का

- सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है. कभी भी सब्जियों के दाम बढ़ा दिए जाते है. इससे सबसे ज्यादा गरीब और मिडिल क्लास लोग परेशान होते है. पूरा देश महंगाई की मार झेल रहा है.
  **-विशाल अग्रवाल,** मानगो निवासी
- सब्जियों के दाम में अचानक उछाल आने से सबसे ज्यादा परेशानी आम आदमी को हो रही है. महंगाई से सबसे ज्यादा आम आदमी प्रभावित है. बिना सब्जियों के काम नहीं चल सकता.
  **-एम आलम,** साकची निवासी
- सब्जियों के दाम में अचानक बढ़ोतरी हुई है. महंगा माल आने के कारण हम भी महंगी सब्जियां बेचने के लिए मजबूर हैं. बिक्री भी काफी कम हो गई है, जिससे आमदनी नहीं हो रही है. आवक कम होने के कारण दाम बढ़े है.
  **- श्रृष्टिधर महतो,** सब्जी विक्रेता, साकची काशीडीह बाजार
- खाद्य से लेकर खेती से जुड़ी हर चीजें महंगी हो गई है. इस कारण काफी कम लोग ही खेती कर पा रहे है. इस बार गरीब किसानों ने काफी कम सब्जी की खेती की है, जिस कारण आवक भी कम हो गया है.
  **-प्रकाश महतो,** किसान, पटमदा

### साकची काशीडीह बाजार में सब्जियों के दाम

| सब्जी | प्रति किलो रेट |
|---|---|
| टमाटर - | 40 |
| मटर- | 180 |
| लौकी - | 35-40 |
| करेला - | 70 |
| बैंगन – | 65-70 |
| खीरा - | 40-50 |
| गोभी - | 35 (एक पीस) |
| बींस – | 140-150 |
| भिंडी – | 50-60 |
| परवल – | 45-50 |
| धनिया पत्ता – | 450 |
| मुली - | 65-70 |
| नेनुआ – | 50-60 |
| शिमला मिर्च – | 120 |
| हरी मिर्च- | 120 |

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# स्वयं पोर्टल में 9वीं से पीजी तक मुफ्त में कर सकते हैं पढ़ाई

एजुकेशन रिपोर्ट/रजनीश प्रसाद

स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं पोर्टल) को भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है. यह एक ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल है. अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, मराठी, गुजराती जैसे भाषाओं में कोर्स उपलब्ध है, जिसका उद्देश्य डिजिटली लोगों तक शिक्षा पहुंचना है. स्वयं पोर्टल भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने माइक्रोसॉफ्ट की मदद से तैयार किया गया है. ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल की घोषणा 1 फरवरी 2017 को आम बजट में किया गया था. जिसे 9 जुलाई 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने लांच किया. स्वयं पोर्टल को शिक्षा नीति के आधुनिक सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाने के लिए किया गया था. इसमें निष्पक्षता और गुणवत्ता को ध्यान में रखा गया है. इसे इस्तेमाल करने के लिए कम्प्युटर में खोलना जरुरी है. क्यूकि यह बहुत हेवी कंटेंट वेबसाइट है. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कार्यक्रम को स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं) के रूप में जाना जाता है. यह सैकड़ों प्रकार के पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाए जाते हैं. कार्यक्रम में कुछ पाठ्यक्रमों के लिए विदेशी शिक्षकों को भी शामिल किए जाने की संभावना है. यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षक और क्षेत्रीय भाषाओं सहित बहु-भाषा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगा ताकि उन्हें शीघ्रता से शुरू किया जा सके. कार्यक्रम एक व्यापक ओपन ऑनलाइन लर्निंग प्रारूप का है और शहरी और ग्रामीण शिक्षा के बीच अंतर को पाटने के लिए आईसीटी समाधान के साथ देश भर के छात्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक प्रदान करता है.

## स्वयं पोर्टल पर सूविधा

- स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स विद्यार्थियों के लिए फ्री है.
- 9वीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक के कोर्स उपलब्ध है.
- जो छात्र स्वयं पोर्टल से प्रमाणपत्र लेना चाहते है उन्हें कुछ फीस देना होगा और कोर्स को पास करना होगा.
- स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम के 4 भाग हैं वीडियो व्याख्यान, अध्ययन सामग्री जिसे डाउनलोड किया जा सकता है, यहां आप अपना टेस्ट दे सकते हैं साथ ही ऑनलाइन डिस्कस भी किया जा सकता है.
- स्वयं पोर्टल पर इंजीनियरिंग, साइंस, मानकी, भाषा, कॉमर्स, मैनेजमेंट, लाइब्रेरी, एजुकेशन जैसे विषयों के कोर्स उपलब्ध है.

## कैसे करें उपयोग

स्वयं पोर्टल का उपयोग करने के लिए अधिकारिक बेवसाइट www.swayam.gov.in पर जाए. एनरोइड फोन में ऐप्लिकेशन डाउनलोड कर के भी इसका उपयोग किया जा सकता है. स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स को पढ़ने के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा. रजिस्टर करने के बाद कभी भी आप स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स को पढ़ सकते हैं.

## स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन फ्री कोर्स कैसे करें

- इसका रजिस्ट्रेशन कंप्यूटर पर करें.
- स्वयं पोर्टल ओपन होने के बाद रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें.
- साइन अप नॉव पर क्लिक करें और अपना एकाउंट बनाए.
- जिसके बाद साइन अप नॉव स्वयं रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुलेगा, जो दो भाग में होगा इसे अच्छे से पढ़े और फिर भरें. फिर यूजर नेम बनाए.
- अब आपने जो ईमेल एड्रेस लिखा है. उसे वेरीफाइ किया जाएगा. जिस पर स्वयं एक वेरिफिकेशन कोर्ड सेंड करेगा.
- अब आपको कोर्ड को लिखकर वेरीफाई करवाना है.
- इमेल वेरिफिकेशन के बाद आपको फॉर्म के दूसरे भाग यानी नीचे वाले विकल्पों को भरना है. सारी जानकारी भरने के बाद क्रिएट पर क्लिक करना होगा.
- डिसप्ले नेम में वह नाम लिखना है, जो नाम आप स्वयं में देना चाहते है.
- स्टेप वाइ स्टेप सारी जानकारी भरने के बाद प्रोफाइल अपडेट कर लें.

## स्वयं के समन्वयक

- स्वयं निर्देशित और अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रमों के लिए एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद).
- इंजीनियरिंग के लिए एनपीटीईएल (प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम).
- गैर–तकनीकी स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग).
- स्नातक शिक्षा के लिए सीईसी (कंसोर्टियम फॉर एजुकेशनल कम्युनिकेशन).
- स्कूली शिक्षा के लिए एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद).
- स्कूली शिक्षा के लिए एनआईओएस (राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान).
- स्कूल न जाने वाले छात्रों के लिए इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय).
- प्रबंधन अध्ययन के लिए आईआईएमबी (भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर).
- शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एनआईटीटीटीआर (राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान)




## स्वयं की विशेषताएं

- मोबाइल लर्निंग का मतलब ऐसी पढ़ाई है जिसे इंटरनेट से जुड़े किसी भी उपकरण के जरिए कहीं से भी आसानी से एक्सेस किया जा सकता है.
- प्लेटफॉर्म पर पाठ्यक्रम ऑडियो–विजुअल मल्टीमीडिया फॉर्मेट में उपलब्ध है. यह शिक्षार्थियों के लिए आसानी से सुलभ होगा और उनके सीखने में वृद्धि करेगा.
- यह प्रगति पर नजर रखेगा और एक ऑनलाइन परीक्षा के बाद छात्रों के लिए एक प्रमाण पत्र जारी करेगा.
- इसमें एक इंटरेक्शन फोरम की विशेषता भी है जहां शिक्षार्थी किसी भी संदेह को दूर कर सकते हैं.
- स्वयं पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों के प्रसिद्ध और विशेषज्ञ प्रोफेसरों और संकायों द्वारा डिजाइन किए गए हैं. इसलिए, कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हुई है.
- स्वयं प्लेटफॉर्म कोर्स पूरा होने के बाद सर्टिफिकेट प्रदान करता है. प्रमाण पत्र के लिए परीक्षा किसी भी कदाचार को रोकने और परीक्षा की अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रॉक्टरिंग तरीके से आयोजित की जाती है.
- यूजीसी ने यूजीसी (स्वयं के माध्यम से ऑनलाइन सीखने के पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट फ्रेमवर्क) विनियमन 2016 को अधिसूचित किया है ताकि क्रेडिट को अपने मूल संस्थानों या विश्वविद्यालयों में छात्र के शैक्षणिक रिकॉर्ड में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जा सके.

## स्वयं में ऐसे होती है पढ़ाई

### वीडियो व्याख्यान

छात्रों को किसी विषय को बेहतर ढंग से सीखने में मदद करने के लिए इंटरएक्टिव कक्षाएं सबसे प्रभावी हैं. इस कारक को ध्यान में रखते हुए स्वयं पोर्टल विषय विशेषज्ञों से इंटरैक्टिव वीडियो व्याख्यान प्रदान करता है.

### पठनीय अध्ययन सामग्री

पोर्टल पीडीएफ, पीपीटी और अन्य डिजिटल प्रारूपों में आसानी से डाउनलोड करने योग्य अध्ययन सामग्री भी प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, सभी विषय विशेषज्ञ छात्रों को उनकी शिक्षा में सुधार करने और परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करने के लिए इन सामग्रियों को विकसित करते हैं.

### टेस्ट सीरीज

नियमित मूल्यांकन से छात्रों को उनकी कमजोरियों को समझने में मदद मिलती है. इसलिए, स्वयं छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बार-बार क्विज और परीक्षण आयोजित करता है.

### चर्चा

यदि छात्र सभी विषयों और अवधारणाओं को अच्छी तरह से समझ लें तो वे अच्छे अंकों के साथ स्कूल और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं. और इसके लिए उनकी शंकाओं का समाधान करना जरूरी है. इसलिए, स्वयं चर्चा सत्र आयोजित करता है जहां छात्र संकाय सदस्यों से अपने प्रश्न पूछ सकते हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)